www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय 7:07 | सूर्यास्त 6:02 | |
| **आज का तापमान** | | |
| शिमला | 1.02 न्यू | 7.04 अधि |
| धर्मशाला | 3.02 न्यू | 13.05 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 72085 .63 |
| निफ्टी | | 21853 .80 |
| सोना 63,380 | चांदी 73,290 | |

धर्मशाला | रविवार, 4 फरवरी 2024 | 22 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 47 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

'एनिमल' पर हुए विवाद पर रश्मिका ने तोड़ी चुप्पी..पेज 16


# लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

## यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता, प्रधानमंत्री बोले-यह मेरे लिए बहुत भावुक क्षण

एजेंसी, नई दिल्ली

**भाजपा** के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी को 96 साल की उम्र में देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

आडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले भाजपा के तीसरे नेता हैं। पीएम मोदी ने शनिवार को एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए इसे अपने लिए बहुत भावुक क्षण बताया। पीएम ने लालकृष्ण आडवाणी के साथ अपनी तस्वीरों को शेयर किया।



### देश के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय : पीएम

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं।

### हाथ जोड़कर जताया आभार

**भारत** सरकार की ओर से भारत रत्न सम्मान के ऐलान के बाद पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी पहली बार नजर आए हैं। उन्होंने अपने घर से हाथ हिलाकर लोगों और मीडिया कर्मियों का अभिवादन किया है। आडवाणी ने भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में उनके लिए सम्मान की बात है, बल्कि यह उनके आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है। उनके साथ उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी भी नजर आईं। आडवाणी की बेटी प्रतिभा ने उनका मुंह मीठा किया और उन्हें गले लगाकर बधाई दी।



कहा- भारत रत्न मिलना मेरे आदर्शों और सिद्धांतों का सम्मान

### भारत के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी : अनुराग



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा का केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आडवाणी जी को राष्ट्र की दशकों लंबी सेवा के लिए प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं। अनुराग ने 'एक्स' पर कहा कि एक कट्टर राजनेता, उनके योगदान ने भारत के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी है। राजनीति और सांस्कृतिक एकता के क्षेत्र में एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

### सबसे ज्यादा समय तक भाजपा में अध्यक्ष रहे

**लालकृष्ण** आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। कई साल तक आडवाणी राजस्थान में आरएसएस प्रचारक के काम में लगे रहे। वह उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।

### अटल सरकार में रहे उपप्रधानमंत्री

1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री रह चुके हैं। आडवाणी 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के सातवें उपप्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। 10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 में उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### 1927 को कराची में हुआ जन्म

**आडवाणी** का जन्म पाकिस्तान के कराची में आठ नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी था। पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया।

### विभाजन के समय मुंबई आए

1947 में आडवाणी देश के आजाद होने का जश्न भी नहीं मना सके, क्योंकि आजादी के महज कुछ घंटों में ही उन्हें अपने घर को छोड़कर भारत रवाना होना पड़ा। विभाजन के समय परिवार पाकिस्तान छोड़कर मुंबई आकर बस गया। उन्होंने लॉ कॉलेज ऑफ द बॉम्बे यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की। उनकी पत्नी का नाम कमला आडवाणी है। बेटे का नाम जयंत आडवाणी और बेटी का नाम प्रतिभा आडवाणी है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मनीष सिसोदिया और संजय की 17 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** शराब नीति घोटाले के आरोपी 'आप' नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की ज्यूडीशियल कस्टडी बढ़ा दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाया कि दोनों को 17 फरवरी तक कस्टडी में रहना होगा। दोनों की कस्टडी आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें एक साथ कोर्ट में पेश किया गया।

### पुंछ जिले में एलओसी के पास फायरिंग, सर्च ऑपरेशन जारी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी के पास मेंढर के गांव में सेना का सर्च ऑपरेशन चल रहा है। शनिवार सुबह सेना को साबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। इसके बाद फायरिंग हुई। सेना ने भी जवाबी फायरिंग की। सेना ने इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया है।

### इमरान खान और बुशरा को सात-सात साल की जेल

**इस्लामाबाद।** गैरकानूनी निकाह मामले इमरान खान और बुशरा बीबी को पाकिस्तान की अदियाला डिस्ट्रिक्ट जेल में बनी मेकशिफ्ट कोर्ट ने शनिवार को सात-सात साल की सजा सुनाई है। दोनों की शादी को फ्रॉड बताते हुए बुशरा के एक्स हसबैंड खावर फरीद मानेका ने याचिका दायर कराई थी। सुनवाई करते हुए जज कुदरातुल्लाह ने दोनों की शादी को गैर इस्लामिक करार दिया और पांच लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया।

### हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार किए गए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम कोर्ट ने इसकी इजाजत दी है। दरअसल, जेएमएम के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को नए सीएम के तौर पर शपथ ले ली।

## धर्मशाला में गरजे नड्डा, बोले- देश में अब वोट बैंक नहीं, रिपोर्ट कार्ड की राजनीति

# केंद्र ने हिमाचल को दिए 1782 करोड़, प्रदेश सरकार बैक गियर पर

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को 1782 करोड़ दिए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू बोल रहे हैं कि केंद्र से मदद नहीं मिली। नड्डा ने कांग्रेस सरकार पर केंद्र से मिली राशि में भ्रष्टाचार करने और भाई-भतीजावाद के आधार पर खर्च करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार बैक गियर पर है।

यह बात जेपी नड्डा ने रविवार को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में अभिनंदन रैली को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले नड्डा का शनिवार को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों, वाद्ययंत्रों से जोरदार स्वागत किया। नड्डा ने खराब मौसम के बावजूद देर तक इंतजार करने के लिए लोगों का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भर देश बना है। भारत का कद विश्व में बढ़ा है। देश पीएम मोदी की अगुआई में सबका साथ-सबका विकास और सबका प्रयास के नारे के साथ विकास की ओर अग्रसर है। बजट में दो करोड़ की बजाय तीन करोड़ को लखपति दीदी बनाने के अलावा तेल का उत्पादन भारत में करने जैसे निर्णय लिए गए हैं। देश में वोट बैंक की राजनीति की जगह अब रिपोर्ट कार्ड की राजनीति चल रही है। पीएम मोदी ने चुनावों की राजनीति बदली है। (अनंत ज्ञान)

नड्डा बोले पीएम मोदी ने बदली चुनावों की संस्कृति




धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते जेपी नड्डा।

### भाई को भाई से लड़ाते थे कांग्रेसी

**नड्डा** ने कहा कि देश की राजनीति की संस्कृति बदल चुकी है। कांग्रेस भी आज विकास के वादे कर रही है, जबकि 10 साल पहले ये कांग्रेसी भाई को भाई से लड़वाते थे और जातिवाद की राजनीति करते थे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीति की दशा और दिशा बदल कर नई संस्कृति बनाई है, जिसमें विकास ही वोट का आधार है। उन्होंने कहा कि अब घोटालों से निकल कर देश सफलताओं को छू रहा है और खेलों से लेकर अंतरिक्ष तक झंडे गाढ़ रहा है।

### 500 साल के संघर्ष के बाद मिली जीत

नड्डा ने कहा कि उनकी 40 साल की राजनीति में उन्होंने या देश की जनता ने कभी नहीं सोचा था कि अयोध्या में रामलला विराजमान होंगे। 500 साल के संघर्ष के बाद हमें यह जीत देखने को मिली है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने जैसा ऐतिहासिक फैसला पीएम मोदी के नेतृत्व में लिया गया। जब बॉर्डर पर गोली चलती थी, तो नगरोटा से चंडी मंदिर और फिर दिल्ली को सूचना जाती थी। दिल्ली से अगले आदेशों तक गोली न चलाने के निर्देश दिए जाते थे। 2014 के बाद से हर गोली का हिसाब भारतीय सेना लेती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि मई माह में संभावित चुनावों में पीएम मोदी की अगुआई में केंद्र की सरकार का समर्थन करें और भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, भाजपा नेता त्रिलोक कपूर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### परिवार और संपत्ति बचाने का गठबंधन

**नड्डा** ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा भारत तोड़ो यात्रा है। कांग्रेस में परिवारवाद है व परिवार की पार्टी है। गठबंधन सिर्फ परिवार बचाओ, संपत्ति बचाओ के सिद्धांत पर काम कर रहा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को परिवार बचाने का गठबंधन बताया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी बेल पर हैं। भ्रष्टाचार में सब फंसे हैं। केजरीवाल जल रहे हैं। आधे जेल में हैं और आधे बेल पर हैं। इनके नेता जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## पांच जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दो दिन के बाद एक बार फिर से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के कई भागों में पांच फरवरी तक बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। चार फरवरी को कुल्लू, चंबा, शिमला, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले में भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान शिमला शहर और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। चार फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है, जबकि छह फरवरी को उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर बारिश-बर्फबारी हो सकती है। सात फरवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं।

### अभी भी 400 रुट ठप, 136 बसें फंसीं

**प्रदेशभर** में हिमाचल पथ परिवहन निगम के शनिवार को करीब 400 रूट ठप रहे। यात्रियों की सुविधा के लिए एचआरटीसी ने वैकल्पिक मार्गों से बसों का संचालन किया। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, मंडी और लाहौल-स्पीति जिले में सबसे अधिक रूट प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-05 पर भारी फिसलन के चलते निगम ने कुछ रूटों पर रात्रि बस सेवाएं स्थगित कर दी हैं।

### न्यूनतम तापमान

**प्रदेशभर** में शीतलहर का प्रकोप है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है। शनिवार को शिमला में न्यूनतम तापमान 1.2, सुंदरनगर 3.0, भुंतर 2.6, कल्पा -5.6, धर्मशाला 3.2, ऊना 4.8, नाहन 6.3, सोलन 3.2, मनाली -1.8, कांगड़ा 6.0, मंडी 3.4, बिलासपुर 5.9, हमीरपुर 4.8, डलहौजी -3.1, कुफरी -1.4, कुकुमसेरी -8.1, नारकंडा -3.7, भरमौर -1.2, रिकांगपिओ -2.6, बरठीं 4.3, समदो -6.1, पांवटा साहिब 9.0 में डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त मामला

## क्राइम ब्रांच का केजरीवाल को नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को करीब पांच घंटे तक सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर इंतजार करने के बाद नोटिस दिया। क्राइम ब्रांच ने 'आप' विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामले में केजरीवाल से तीन दिन में जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, टीम रविवार को मंत्री आतिशी को नोटिस देगी। केजरीवाल आवास पर नहीं थे। उनकी गैरमौजूदगी में सीएमओ नोटिस लेने के लिए तैयार थे, लेकिन क्राइम ब्रांच के अधिकारी उन्हें रिसीविंग नहीं दे रहे थे। इसको लेकर दोपहर क्राइम ब्रांच और सीएमओ के अफसरों के बीच लंबे समय तक बहस होती रही। 'आप' ने एक्स पर लिखा कि मोदी ने केजरीवाल के घर तमाशा करने के लिए पुलिस भेजी है। भाजपाई पुलिस एक सवाल का जवाब भी नहीं दे पाई।

## टॉप स्टोरीज

पेंशन कटौती की तो परिणाम भुगतने को तैयार रहे सरकार ...पेज 3

हिमाचल में डॉक्टर्स के सारे डेपुटेशन कैंसिल ...पेज 3

अमेरिका ने ईरान के 85 से ज्यादा ठिकानों पर विमानों से किया हमला ...पेज 16

# बद्दी में परफ्यूम फैक्टरी के मलबे में मिले चार शव

## मरने वालों की संख्या हुई पांच; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अभी नौ लोगों की मलबे में दबे होने की आशंका

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**बद्दी** के झाड़माजरी में परफ्यूम बनाने वाले एनआर एरोमा उद्योग में आग लगने के बाद मलबे से शनिवार को चार शव बरामद किए हैं। एनडीआरएफ टीम का उद्योग परिसर में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मलबे से निकाले शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। यहां अभी नौ और लोगों के दबे होने की आशंका है।

गौर रहे कि एनआर एरोमा परफ्यूम उद्योग में शुक्रवार दोपहर को आग लग गई थी। आग इतनी तेज थी कि काम कर रहे लगभग 70 कर्मचारी दूसरी और तीसरी मंजिल पर चढ़ गए और नीचे उतरने का कोई रास्ता न मिलने पर छलांग लगा दीं। कंपनी में काम करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक थी और हादसे में घायलों में ज्यादा महिलाएं ही थीं। शुक्रवार को एनडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीमों ने 34 घायल श्रमिकों को बाहर निकाला था। पांच को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया था। एक महिला की मौत हो गई थी। डीसी मनमोहन शर्मा ने बताया कि निकाले गए चार शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नालागढ़ भेजा है।



अनंत ज्ञान फॉलोअप

एनआर एरोमा उद्योग में शुक्रवार को लगी थी आग

### डीजीपी ने किया दौरा, जांच को एसआईटी गठित

डीजीपी संजय कुंडू ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने मामले की जांच के लिए एएसपी अशोक वर्मा के नेतृत्व में एसआईटी गठित करने का ऐलान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से केंद्रीय फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल भेजेने के लिए केंद्र से बात करने का आग्रह किया।

### दूरभाष नंबर जारी

**जिला** आपातकालीन केंद्र सोलन के दूरभाष नंबर 01792-220048, 220049, 220882 अथवा 221200 या जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के समन्वयक के मोबाइल नंबर 62303-76825 पर सूचित करें।

**ताकत** नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ पहला सर्वेक्षण पोत 'संधयाक', समुद्र में आसानी से होगी निगरानी

# समुद्र में दुश्मनों की नींद उड़ाएगा आईएनएस 'संधयाक'

एजेंसी, नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में शनिवार को सर्वेक्षण पोत 'आईएनएस संधयाक' औपचारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया। नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उपयोग हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण में किया जाएगा, जैसे चीनी नौसेना भारत और अन्य के निकट महासागर में करती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई प्वॉइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए बड़ी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है। इन प्वाइंट्स पर कई खतरे हैं, लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।



**खासियत**

| | |
|---|---|
| स्पीड | 30 किमी प्रतिघंटा |
| दो डीजल इंजनों से लैस | |
| रेंज | 11 हजार किलोमीटर |
| वजन | 3400 टन |
| तैनात | 18 अधिकारी, 160 नौसैनिक |
| लंबाई | 288.1 फुट |

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- समुद्र में नौसेना हुई मजबूत

जहाज में की जा सकती है बोफोर्स गन और चेतक हेलिकॉप्टर की तैनाती

### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस संध्याक

**पोत** की प्राथमिक भूमिका सुरक्षित समुद्री नेविगेशन होगी। यह बंदरगाहों, नौवहन चैनलों, तटीय क्षेत्रों और गहरे समुद्रों के पूर्ण पैमाने पर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करेगा। आईएनएस संधयाक अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से लैस है। गहरे पानी के मल्टीबीम इको-साउंडर्स, पानी के नीचे चलने वाले वाहन, दूर से संचालित होने वाले वाहन, उपग्रह आधारित पॉजिशनिंग प्रणाली शामिल हैं।

### 80 प्रतिशत से अधिक सामग्री स्वदेशी

**पोत** के निर्माण की प्रक्रिया 12 मार्च, 2019 को शुरू हुई और इस पोत को पांच दिसंबर, 2021 को लांच किया था। पिछले साल चार दिसंबर को इसे भारतीय नौसेना को सौंपा था। संधयाक का निर्माण 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ किया है।

## साथ दें, वरना मोदी के गुलाम हो जाएंगे: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली के रामलीला मैदान में न्याय संकल्प सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। खड़गे ने कहा कि पिछले 21 दिन से भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है। राहुल गांधी इस यात्रा में न्याय के पांच स्तंभ लेकर निकले हैं। वह जनता के हक के लिए लड़ रहे हैं। हर कांग्रेस कार्यकर्ता में जोश आना चाहिए कि यह लड़ाई किसी एक के लिए नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा के लिए है। आप इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ नहीं देंगे, तो मोदी के गुलाम हो जाएंगे।

खड़गे ने कहा कि मोदी की गारंटी थी हर साल दो करोड़ नौकरियां, लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपए, लेकिन मोदी ने कुछ भी नहीं दिया। मोदी ने सिर्फ युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा देने का काम किया। कांग्रेस ने जो भी वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया और 'सबका सत्यानाश' किया। उन्होंने कहा कि मोदी बात नहीं करते, अंदर से सबको काट देते हैं।

## पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया है। इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि व्यक्तिगत कारणों और अन्य प्रतिबद्धता के कारण मैं पंजाब के गवर्नर और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया इसे स्वीकार करें। 83 वर्षीय बनवारी लाल पुरोहित इससे पहले 2017 से 2021 के बीच तमिलनाडु के गवर्नर रहे हैं। 2016-2017 के बीच वह असम के गवर्नर भी रह चुके हैं, जबकि अगस्त 2021 में उन्होंने पंजाब के 29वें गवर्नर के रूप में शपथ ली थी।

उन्होंने करीब साढ़े तीन साल बाद अपने पद से इस्तीफा दिया है। बनवारी लाल पुरोहित भाजपा की तरफ से नागपुर लोकसभा सीट से तीन बार सांसद रह चुके हैं। दो बार कांग्रेस के टिकट से इसी सीट से सांसद रहे हैं।

### प्रदेश के एकमात्र अस्पताल आईजीएमसी की ओपीडी में हो रहा मरीजों का उपचार, लापरवाही बरती तो पड़ेगी भारी, इसको लेकर चिकित्सक भी अलर्ट

# हिमाचल में सर्वाइकल कैंसर ने बढ़ाई चिंता, प्रतिदिन आ रहे दो से तीन मरीज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर के मामले बढ़ने लगे हैं, जो कि चिंता का विषय बन चुका है। प्रतिदिन आईजीएमसी की ओपीडी में दो से तीन मामले सर्वाइकल कैंसर यानी बच्चेदानी के मुंह के कैंसर के आ रहे हैं। इसको लेकर चिकित्सक भी अलर्ट हो गए हैं। आज यानी चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में अनंत ज्ञान की टीम ने आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला में सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक तुली से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक वर्ल्ड वाइड समस्या है।

खासकर विकासशील देशों में या अधिक पाया जाता है, उनका कहना था कि लास्ट स्टेज में मरीज आते हैं, जिस कारण उनको बचाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय (यूट्रस) के सबसे नीचे के भाग का घातक ट्यूमर होता है, जो गर्भाशय के निचले भाग से शुरू होता है और ऊपरी वेजाइना तक जुड़ता है, जिसे गर्भाशय ग्रीवा कहते हैं। ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के संक्रमण के कारण होता है। यह विकासशील देशों में सर्वाइकल कैंसर अधिक पाया जाता है। चिकित्सक का कहना है कि लोगों को लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत उपचार करवाना चाहिए। लोग इस कैंसर को लेकर बिलकुल भी लापरवाहरी न बरतें। (अनंत ज्ञान)




**विश्व कैंसर दिवस पर खास**

## जानिए सर्वाइकल कैंसर का इलाज

**सर्वाइकल** कैंसर का उपचार संभव है। यदि पहले सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों का पता चल जाता है, तो इसका इलाज किया जा सकता है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को हटाने के लिए सर्जरी की जा सकती है। यह कैंसर कहां पर और कितना फैला हुआ है, यह पता चलने के बाद सर्वाइकल कैंसर सर्जरी के प्रकार को निर्धारित किया जाता है। साथ में यह भी पता किया जाता है कि सर्जरी के बाद आप गर्भधारण करना चाहती है या नहीं। वहीं, रेडिएशन थैरेपी से हाई-एनर्जी एक्स-रे बीम का प्रयोग करके कैंसर कोशिकाओं का हटाया जाता है। यह कैंसर के कुछ चरणों में उपयोग किया जाता है। वहीं, किमोरेडिएशन में कीमोथैरेपी और रेडिएशन दोनों का संयोजन होता है। इसके अलावा कीमोथैरेपी से शरीर में मौजूद कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए दवाओं का प्रयोग किया जाता है।

## सर्वाइकल कैंसर के कारण

**यह** एक यौन संचारित वायरस है, जिसके 100 से ज्यादा प्रकार में लगभग 14 प्रकार सर्वाइकल कैंसर का कारण बनते हैं। एचपीवी से संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने से यह फैलता है। साथ ही जो महिलाएं एक से ज्यादा पार्टनर के साथ यौन संबंध बना चुकी हैं या जो कम उम्र में यौन संबंध बना चुकी है, उसमें सर्वाइकाल कैंसर का खतरा ज्यादा होता है, जो महिलाएं तीन या तीन से ज्यादा बच्चों को जन्म दे चुकी हैं, उनमें इस कैंसर का जोखिम ज्यादा होता है। गर्भनिरोधक गोलियां-ज्यादा समय तक गर्भ निरोधक गोलियों का प्रयोग करने से भी कैंसर के जोखिम को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा धूम्रपान करना व ज्यादा समय तक तनाव ग्रस्त रहना भी इसके कारण है।

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

**सर्वाइकल** कैंसर के शुरुआती दौर में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन समय के साथ जैसे-जैसे यह गंभीर होने लगता है, इसके लक्षण दिखने लगते हैं। निम्न से में किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर आप सर्वाइकल कैंसर की पहचान कर के, डॉक्टर से परामर्श करें।

## क्या है सर्वाइकल कैंसर

**किसी** भी कैंसर में आपके शरीर की कोशिकाएं असामान्य और अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। कैंसर को हमेशा शरीर के उस अंग के नाम से जाना जाता है, जहां कैंसर शुरू होता है। इसिलिए जब कैंसर आपके गर्भाशय ग्रीवा में शुरू होता है, तो उसे गर्भाशय ग्रीवा कैंसर या सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। इस कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर के नाम से भी कहा जाता है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय (यूट्रस) के सबसे नीचे के भाग का घातक ट्यूमर होता है, जो गर्भाशय के निचले भाग से शुर होता है और ऊपरी वेजाइना तक जुड़ता है, जिसे गर्भाशय ग्रीवा कहते हैं। ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए प्रधान सचिव भरत खेड़ा



**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गए हैं। शनिवार शाम पांच बजे भरत खेड़ा अपने पद से रिलीव हुए। खेड़ा को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले मंत्रालय में में अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्ति दी गई है। प्रधान सचिव भरत खेड़ा के पास हिमाचल में लोकनिर्माण, सामान्य प्रशासन विभाग, सचिवालय प्रशासन विभाग, सैनिक कल्याण, संसदीय मामलों, कर एवं आबकारी, सूचना एवं जनसंपर्क, ऊर्जा, बिजली बोर्ड और सलाहकार नियमितता सुधार का कार्यभार था। अब इनके केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने से इन सभी विभागों का जिम्मा अन्य अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

# मंडी जिले में दो हादसों में छह घायल, एक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिले में सड़क हादसे थमन का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार सुबह मंडी में दो सड़क हादसे पेश आए हैं, जिसमें एक महिला की मौत हो गई है, वहीं छह लोग घायल हुए हैं। पहली घटना किरतपुर-मनाली फोरलेन पर झीड़ी के समीप नेचर पार्क के पास पेश आई है।

जानकारी के अनुसार किरतपुर-मनाली फोरलेन पर झीड़ी के समीप दो गाड़ियां, जिनमें मंडी से कुल्लू की ओर जा रही क्रेटा गाड़ी व मंडी की तरफ आ रही सुमो गाड़ी की शनिवार तड़के जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में क्रेटा गाड़ी में सवार गीता प्रसाद (32) की मौत हो गई, जबकि गीता प्रसाद के भाई हनी की नाजुक हालत को देखते हुए उसे नेरचौक मेडिकल कॉलेज से पीजीआई रेफर कर दिया गया है। क्रेटा गाड़ी को गीता प्रसाद के पति अंबिका प्रसाद चला रहे थे। बताया जा रहा है कि टाटा सुमो गाड़ी के गलत लेन में घुसने से यह सड़क हादसा पेश आया है। हादसा इतना भयंकर था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। सुमो गाड़ी में दो लोग सवार थे, जो जोनल



अस्पताल कुल्लू में उपचाराधीन हैं। औट पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

वहीं, सड़क हादसे का दूसरा मामला चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे के चक्र के समीप सामने आया है, जिसमें शनिवार सुबह बल्ह पुलिस थाना के तहत होटल बगला के समीप गैस से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर हाई-वे पर पलट गया और चारों ओर गैस सिलेंडर बिखर गए। हादसे के बाद हाई-वे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति पैदा हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक सहित दो लोगों को चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने बताया की सड़क से ट्रक को हटा दिया गया है और दोनों मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

## डायन कुंड पोहलानी मंदिर गए युवक की ठंड से मौत



**डलहौजी।** बनीखेत के युवक माथा टेकने डायन कुंड के पोलहानी मंदिर गए थे, जहां एक युवक की ठंड लगने से मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शिवम, रिक्की, सौरभ एवं मोहित सुबह करीब 11 बजे बनीखेत से डायन कुंड के लिए पैदल ही निकले। डलहौजी लक्कड़ मंडी पार करते हुए करीब तीन बजे वे पोहलानी मंदिर पहुंचे, जहां शीश नवाने के उपरांत वे बर्फ में मौज-मस्ती करने लगे। इसी दौरान 21 वर्षीय शिवम पुत्र अशोक कुमार गांव नगाली तहसील डलहौजी की तबीयत खराब हो गई और शिवम चलने में अपनी असमर्थता जताने लगा।

जैसे-तैसे लड़कों ने शिवम को 12 पत्थर पहुंचाया, जहां उन्होंने एक निजी होटल में कमरा भी किराए पर लिया। उसकी तबीयत में सुधार न होने की वजह से उन्होंने लोकल ट्रांसपोर्टर प्रिंस से संपर्क साधा और और लड़के को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। शिवम की अचानक हुई मौत से हर कोई हैरान है।

# बिलासपुर एम्स को मिली कैथ लैब

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने किया ऑनलाइन उद्घाटन, हृदय रोगियों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के कैबिनेट मंत्री, मनसुख मंडाविया ने शनिवार को एम्स बिलासपुर में कैथ लैब और मशीनीकृत लांड्री का ऑनलाइन उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना-चरण के तहत 9.42 करोड़ रुपए की परियोजना लागत से एम्स, बिलासपुर में डिजिटल एंजियोग्राफी लैब के साथ सिंगल प्लेन कार्डियोवास्कुतर कैथीटेराइजेशन की स्थापना की गई है।

**9.42 करोड़ की लागत से एम्स में तैयार की गई है डिजिटल एंजियोग्राफी लैब**

कैथ लैब नवीनतम विशिष्टताओं और अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तकनीकी रूप से अत्यधिक उन्नत है। इस लैब की मदद से एम्स बिलासपुर में हृदय रोगियों को एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी स्टेंटिंग, जैसी तत्काल जीवन रक्षक प्रक्रियाओं की सुविधा उपलब्ध होगी। हृदय रोग से पीड़ित रोगियों में पेसमेकर इम्प्लांटेशन, बच्चों में हृदय दोष हृदय में छेद की डिवाइस से बंद करने जैसी कई अन्य प्रकार की हृदय संबंधी प्रक्रियाएं भी यहा की जाएंगी।



बिलासपुर एम्स में कैथ लैब और मशीनीकृत लांड्री का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

केथ लैब में डिजिटल सबटेक्शन एंजियोग्राफी डीएसए जैसी उन्नत सुविधाएं हैं। इसकी सेवाओं का उपयोग इंटरवेशनल रेडियोलॉजी विभाग और न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों के धमनी के इंटरवेशन के लिए भी किया जाएगा। अभी तक में हिमाचल प्रदेश राज्य में केवल दो कार्यात्मक केप लेब हैं। आईजीएमसी, शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज टांडा। एम्स बिलासपुर में कैथ लैब की स्थापना से हृदय रोग के जरूरतमंद मरीजों को समय पर किफायती इलाज उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।, जिससे उन्हें इलाज के लिए कई घंटों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। एम्स बिलासपुर में कार्यात्मक कैथीटेराइजेशन लैब की स्थापना किफायती और विश्वसनीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 4.6 करोड़ की लागत से मैकेनाइज्ड लांड्री एम्स बिलासपुर की एक और बड़ी उपलब्धि है। इस सुविधा में चार संयंत्र है, जिनकी संयुक्त भार क्षमता 290 किलोग्राम प्रति चक्र है।

**न्यूज ब्रीफ**

## 29 किलोग्राम चंदन की लकड़ी पकड़ी

**डाडासीबा।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते रक्कड़ में चंदन काटने का मामला सामने आया है। मामले में वन व रक्कड़ पुलिस विभागने रक्कड़ के ही एक स्थानीय व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाना रक्कड़ में शिकायत दर्ज की है। उक्त व्यक्ति की पहचान पंजाब सिंह निवासी रामनगर (रक्कड़) के रूप में हुई है। उक्त व्यक्ति के घर से वह काटा हुआ चंदन मिला है। डीएफओ सन्नी वर्मा ने बताया कि चंदन की लकड़ी 29 किलोग्राम तथा बाजार में इसकी कीमत तीन लाख से ज्यादा है। मामले के अनुसार पांच दिन पहले, रक्कड़ के पास एक वन भूमि से एक दर्जन से अधिक चंदन के पेड़ काट दिए गए थे, जब घटना की जानकारी स्थानीय निवासियों को हुई, तो उन्होंने मामले की सूचना वन विभाग को दी। सन्नी वर्मा के अनुसार विभाग ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई कर दी है।

## कटौला में पकड़े देवदार के स्लीपर



**मंडी।** वन परिक्षेत्र कटौला में अवैध देवदार स्लीपर से भरी जीप को वन विभाग ने जब्त कर लिया है। बता दें कि वन खंड अधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि नुघरबाड़ी गांव से अवैध लकड़ी जीप द्वारा ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही वन खंड अधिकारी अपनी वन टुकड़ी व पुलिस टीम के साथ मिल कर नाडंली के पास नाका लगाया गया था। शनिवार शाम के समय एक पिकअप जीप नंबर (एचपी65 5429) नुघरबाड़ी की तरफ से आ रही थी कि उसे मौके पर रोका गया। इस दौरान जीप की तलाशी लेने पर उसमें से देवदार के 18 अवैध स्लीपर बरामद किए गए। वन अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए स्लीपरों का वॉल्यूम 0.0887 क्यूबिक मीटर है और इनकी बाजार कीमत 88000 रुपए के लगभग है। वन विभाग ने पुलिस चौकी कमांद में एफआईआर दर्ज करवा कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि सभी विभाग मुस्तैद होकर कार्य करें, गैर कानूनी कामों को रोकने के लिए गठजोड़ कर शिकंजा कसा जाए।

### सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के नाम एक और उपलब्धि

# पालमपुर में दिल गार्डन गार्डन हो गया

**अमर सिंह, पालमपुर**

श्रीराम मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में क्विंटलों के हिसाब से रंग-बिरंगे पुष्प भेजने के बाद वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तहत हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर की ओर से विकसित किए गए ट्यूलिप गार्डन को देखकर आगंतुकों का दिल गार्डन गार्डन हो रहा है।

यहां ट्यूलिप गार्डन शुक्रवार को ही संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने आम लोगों के लिए खोल दिया था। पालमपुर में देश का दूसरा ट्यूलिप गार्डन लगातार तीसरे वर्ष तैयार किया गया है। अब लोग इसकी सुंदरता को निहार कर आनंदित और प्रफुल्लित हो रहे हैं। इस ट्यूलिप गार्डन में लगाए गए ट्यूलिप पौधे स्वदेशी हैं और हिमाचल में ही तैयार किए गए हैं। इससे पहले श्रीनगर में एकमात्र ट्यूलिप गार्डन हुआ करता था, जिसे देखने के लिए देशभर के लोग वहां जाते थे, लेकिन अब हिमाचल में ही इस तरह का ट्यूलिप गार्डन तैयार होने से देश-विदेश के पर्यटक और स्थानीय लोग पालमपुर का रुख कर रहे हैं। इस गार्डन से तैयार होने वाला ट्यूलिप पौधा यूरोप में निर्यात किया जाता है। (अनंत ज्ञान)



प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर की ओर से विकसित ट्यूलिप गार्डन।

## पिछले वर्ष 70,000 पर्यटकों ने देखा था ट्यूलिप गार्डन

**संस्थान** दो साल से इन फूलों को अपने परिसर में लगा रहा है। इस बार उद्यान में छह विभिन्न रंगों की प्रजातियों के 50,000 पुष्प लगाए गए हैं। पिछले वर्ष देश के विभिन्न क्षेत्रों से 70,000 से अधिक पर्यटक ट्यूलिप गार्डन को देखने पहुंचे थे। ट्यूलिप गार्डन में रंग-बिरंगे फूलों की 21 पंक्तियां हैं तथा इस गार्डन में 11 विभिन्न किस्म के 50,000 ट्यूलिप पुष्प नवंबर में लगाए गए थे, जबकि पहले वर्ष इसमें 28000 ट्यूलिप पुष्प लगाए गए थे।

## भारत के लिए अफगानिस्तान ही आयात का मुख्य माध्यम

इस वर्ष गार्डन खोले जाने के पहले दिन केंद्रीय विद्यालय भानला के करीब 200 विद्यार्थियों व अध्यापकों के साथ ट्यूलिप गार्डन देखा। वहीं, भारत के ट्यूलिप के पौधे नीदरलैंड, हॉलैंड और अफगानिस्तान से आयात किए जाते रहे हैं। भारत के लिए अफगानिस्तान ही आयात का मुख्य माध्यम है। गौरतलब है कि पहाड़ी इलाकों में ट्यूलिप ज्यादा पनपता है।

# रिश्वत मामले के दोनों आरोपियों को कोर्ट ने छह तक भेजा पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

जिला मुख्यालय के पक्का भरो में स्थित सिविल सप्लाई कारपोरेशन के रिश्वत मामले में गिरफ्तार किए गए दो कर्मचारियों को कोर्ट ने छह फरवरी तक पुलिस निर्माण पर भेजा गया है। उन्हें शुक्रवार देर शाम 5000 रुपए की रिश्वत लेने के मामले में विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था। हालांकि इस मामले को लेकर जब विजिलेंस की टीम ने कारपोरेशन के स्टोर में दबिश दी थी, तो उस समय इस सारे मामले की कार्रवाई काफी लंबी चली थी।

जानकार इस पर भी सवाल उठा रहे हैं। क्योंकि स्टोर इंचार्ज नीलकमल के अलावा एक हेल्पर देवेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया था। मामला एक ठेकेदार से सीमेंट देने की एवज में रिश्वत लेने का था। इस मामले में शुरुआती कार्रवाई में स्टोर इंचार्ज का ही नाम सामने आया था, लेकिन शुक्रवार देर रात को जब यह कार्रवाई मुकम्मल हुई, तो हेल्पर देवेश कुमार का नाम भी जोड़ा गया। नील कमल हमीरपुर व देवेश कुमार मंडी जिले का रहने वाला है। विजिलेंस टीम हमीरपुर को लिखित शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर स्टोर में छापामारी करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। उनसे शुक्रवार देर रात तक पूछताछ जारी रही थी। विजिलेंस टीम को नील कमल व देवेश की लिखित शिकायत मिली थी, जिसमें सीमेंट की सप्लाई को लेकर पांच हजार रुपए की मांग रहे थे। विजिलेंस टीम ने छापामारी करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उधर, एएसपी एसपी रेनू शर्मा का कहना है कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उन्हें छह फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।



आरोपियों को कोर्ट में पेश करने ले जाती विजिलेंस की टीम।

# टाउन प्लानिंग एरिया में आएंगे अवाहदेवी जाहू, बस्सी, बड़सर, बिझड़ी, टौणीदेवी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के करीब आधा दर्जन कस्बे टाउन प्लानिंग एरिया में शामिल होंगे। इन कस्बों में निर्माण कार्य बेतरतीब हो रहा है। निर्माण जिस बड़े स्तर पर जारी है, उससे इनका ढांचा खराब हो रहा है। आने वाले समय में यह कस्बे निर्माण के मामले में बेहद खराब हो जाएंगे, इसीलिए अब हमीरपुर स्थित टाउन प्लानिंग विभाग ने इन इलाकों को टाउन प्लानिंग के शिकंजे में कसने की प्रपोजल तैयार करके सरकार को भेज दी है।

अब सरकार की हरी झंडी मिलने के बाद यह क्षेत्र नोटिफाई होंगे और फिर यहां जो भी निर्माण कार्य होंगे वे टीसीपी एक्ट के तहत हो पाएंगे अभी तक यह तमाम इलाके पंचायत एरिया हैं, यहां पर निर्माण बड़े स्तर पर हो रहा है। कुकुरमुत्तों की तरह जारी निर्माण की वजह से इनमें आने वाले समय में लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

> सरकार को प्रपोजल भेजी गई है। उम्मीद यही है कि यह नए आधा दर्जन कस्बे टीसीपी एरिया में आएंगे और इनका विकास नियमों के तहत होगा।
>
> **हरजिंद्र सिंह, टाउन प्लानर हमीरपुर**

## प्रपोजल में ये इलाके हैं शामिल

**अवाहदेवी,** जाहू, बस्सी, बड़सर, बिझड़ी, टौणीदेवी कस्बों को टाउन प्लानिंग एरिया में शामिल करने की प्रपोजल है। इनमें बस्सी उपमंडल मुख्यालय है, यही स्थिति बड़सर की है। अवाहदेवी दो जिलों की संगम स्थल है। जाहू भी खूब फैल रहा है और यह तीन जिलों हमीरपुर, मंडी, बिलासपुर का संगम स्थल है। बिझड़ी और टौणीदेवी के इलाके पंचायत के क्षेत्र के तहत पढ़ते हैं, लेकिन यहां भी निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। टौणीदेवी तो नेशनल हाई-वे पर है, जबकि बिझड़ी, बड़सर विस इलाके का सबसे बड़ा कस्बा है। बड़ी आबादी का व्यापारिक केंद्र भी बिझड़ी को माना जाता है। पंचायत क्षेत्र में यहां पर टीसीपी का एक्ट लागू हुआ, तो शुरू में तो भले ही लोगों की दिक्कतें बढ़ेगी, लेकिन इसका लांग टर्म में फायदा होगा।

## पंचायतों में हालात बेहद खराब

**अभी** हमीरपुर शहर को नगर निगम बनाने की कवायत चल रही है। इसके आसपास की पंचायतें भी टाउन प्लानिंग में आती हैं। असल समस्या यह है कि इन पंचायतों में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। यदि टाउन प्लानिंग विभाग ने नए इलाकों को शिकंजे में लेने के बाद भी उनमें निर्माण की दशा-दिशा को सुधारा नहीं तो फिर उसका फायदा वास्तव में कितना मिलेगा। इस पर भी सवाल रहेंगे, क्योंकि केवल टाउन प्लानिंग एरिया बनाकर ही सब कुछ बेहतर नहीं होगा।

**सुविधा** | राज्य परिवहन विभाग ने छह स्थानों से बस चलाने की दी अप्रूवल

# अयोध्या के लिए बसों के रूट अप्रूव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अयोध्या स्थित राम मंदिर के लिए हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम प्रदेश के छह स्थानों से सीधी बस सेवा शुरू करने जा रहा है। एचआरटीसी ने इसके लिए राज्य परिवहन विभाग के पास रूट के लिए आवेदन किया था। शिमला, ऊना, नालागढ़, मनाली, हमीरपुर, धर्मशाला से बस चलाने की मंजूरी मांगी थी। राज्य परिवहन विभाग ने ये रूट अप्रूव कर दिए हैं। अब अंतिम मंजूरी के लिए फाइल यूपी सरकार के परिवहन विभाग को भेजी गई है।

मंजूरी आने के बाद बस सेवा शुरू कर दी जाएगी, वहीं राज्य परिवहन विभाग से रूट की मंजूरी मिलने के बाद एचआरटीसी ने बस चलाने के लिए अन्य औपचारिक्ताएं पूरी कर दी गई है। हिमाचल पथ परिवहन निगम में शामिल हुई बीएस-सिक्स सीरिज की नई बसों को अयोध्या के लिए चलाया जाएगा। इसके लिए अनुभवी चालक परिचालकों को बस में तैनात करने के लिए व्यवस्था शुरू कर दी है।

इतने लंबे रूट पर चालक के साथ रिलिवर भी चाहिए। इसलिए अतिरिक्त चालक भेजने को लेकर भी तैयारी की जा रही है। एचआरटीसी प्रबंधन के अनुसार दिल्ली से अयोध्या तक दो एक्सप्रैस-वे से होकर बस चलाई जा सकती है। दिल्ली से अयोध्या तक दो एक्सप्रैस-वे आगरा व लखनऊ एक्सप्रैस-वे हैं और और लखनऊ से बाराबंकी से अयोध्या के लिए बेहतर सड़क सुविधा से होकर बस चल सकती है।

## तय दिनों में बसें चलाने की योजना

एचआरटीसी प्रबंधन ने अयोध्या के लिए बसें चलाने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भी लिखा है। बसों चलाने के लिए परमिट के लिए आवेदन भी कर दिया है। बस को रोजाना न चलाकर तय दिनों पर चलाने की योजना है।

## उपमुख्यमंत्री ने की थी बस चलाने की घोषणा

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने एचआरटीसी की बसों को अयोध्या भेजने के लिए घोषणा की थी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों की एक टीम अयोध्या भेजी थी। इस टीम ने अपनी रिपोर्ट निगम प्रबंधन को भी सौंप दी है। पहाड़ों की राजधानी शिमला से अयोध्या के कुल दूरी 1124 किलोमीटर है। जिस रूट पर बसें चलाई जाएंगी वह भी निगम प्रबंधन द्वारा तय किए गए हैं।

## 920 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** मंडी जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी विशेष अभियान के दौरान शनिवार को एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत पुलिस चौकी सलापड़ की टीम ने एक आरोपी से 920 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने पंजाब के होशियारपुर के रहने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत पुलिस चौकी सलापड़ की टीम नाकाबंदी के दौरान जड़ोल के समीप मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने मनाली से चंडीगढ़ की ओर जा रही बस नंबर (पीबी-65-ए टी-1689) को चेकिंग के लिए रोका। चेकिंग के दौरान बस में सफर कर रहे लव कुमार (36) पुत्र जीवन लाल गांव व डाकघर बस्सी कलां तहसील होशियारपुर थाना चबेबाल जिला होशियारपुर पंजाब के कब्जे से 920 ग्राम चरस बरामद की गई। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने खबर की पुष्टि की है।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें


**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### हैप्पी बर्थडे



सेराथाना के पार्थ धीमान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सीएम ने वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया को दी बधाई



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के शाहपुर क्षेत्र के मूल निवासी वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया को भारत सरकार के मुख्य जल सर्वेक्षक (हाइड्रोग्राफर) का कार्यभार संभालने पर बधाई दी है। भारतीय नौ सेना का जल सर्वेक्षण विभाग, जल सर्वेक्षण एवं नौपरिवहन चार्ट के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। लोचन सिंह पठानिया नौ सेना के जल सर्वेक्षण जहाज आईएनएस 'दर्शक' और 'संधायक' की भी कमांड कर चुके हैं। अपने तीन दशकों से अधिक के सेवा काल में उन्होंने जल सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों से अपनी विशेष पहचान बनाई है। मुख्य जल सर्वेक्षक के रूप में उनके शानदार कार्यकाल की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्त प्रदेशवासियों को उनकी उपलब्धि पर गर्व है और वह भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छुक युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल को 'वीरभूमि' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस पहाड़ी राज्य के वीर सपूत अपनी वीरता और साहस के लिए जाने-जाते हैं।

**विश्लेषण:** धर्मशाला रैली के बहाने लोकसभा चुनाव से पहले कांगड़ा संसदीय सीट की सियासी नब्ज टटोल गए नड्डा

# हिमाचल में नड्डा बनाम सुक्खू होगा लोकसभा चुनाव

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की धर्मशाला स्थित जोरावर स्टेडियम में हुई रैली के साथ ही हिमाचल में लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है। नड्डा रैली के बहाने लोकसभा चुनाव से पहले कांगड़ा संसदीय सीट की सियासी नब्ज टटोल गए। यहां कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या से भाजपा संगठन गदगद नजर आया। बताते चलें कि चार लोकसभा सीटों मंडी, शिमला, हमीरपुर तथा कांगड़ा संसदीय सीट में से मंडी सीट को छोड़कर सभी भाजपा की झोली में हैं।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में विधानसभा चुनावों की जीत के बाद हिमाचल आए नड्डा के लिए प्रदेश की चारों सीटों को फिर से जीतना चुनौती होगा। कांग्रेस की बात करें तो प्रदेश के जुझारू कांग्रेसी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में प्रदेश से रेस में बनाए रखना चुनौती होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार हिमाचल में लोकसभा चुनाव नड्डा बनाम सुक्खू होगा।

हिमाचल में जेपी नड्डा और सुखविंद्र सुक्खू की साख दांव पर लगी है। नड्डा जहां जीत का चौका मारने को बेताब हैं तो वहीं सुक्खू बाजी पलटने का माद्दा रखते हैं। नड्डा की रैली के एक दिन पहले ही कांग्रेस ने पंफ्लेट बांटकर प्रचार करने की मुहिम शुरू कर दी है। हालांकि नड्डा के हवाले पूरे देश की भाजपा है तो हिमाचल उनका घर है। वहीं, चुनाव परिणाम को लेकर सीएम सुक्खू को आलाकमान को जवाब देना होगा। चंबा संसदीय सीट पर बतौर समन्वयक नियुक्त किए गए युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने रैली से एक दिन पूर्व धर्मशाला में कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय राजनीति की बात करें तो श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भाजपा का सबसे बड़ा सहारा नजर आता है।

इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी का बढ़ता कद भी भाजपा के काम आएगा। स्थानीय मुद्दों में धर्मशाला के जदरांगल में बनने वाले केंद्रीय विद्यालय के परिसर निर्माण का तीस करोड़ का फंड जमा न करवाना प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़ा मुद्दा हो सकता है।

इसको लेकर भाजपा समेत क्षेत्र के ग्रामीण तथा कांग्रेस से जुड़े लोग मुखर होने लगे हैं। कांग्रेस की अंतर्कलह से यहां कांग्रेस को नुकसान होने की संभावना है। इसके अलावा विभिन्न वर्गों व कर्मचारियों के मुद्दों पर यहां कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रदेश सरकार कर्मचारी हित का दावा करती आई है।

ओपीएस बहाली इस दिशा में एक बड़ा कदम रहा है। वहीं, प्रदेश में विपक्षी भाजपा कई मोर्चों पर अब तक कांग्रेस को लगातार घेरती नजर आई है। कांग्रेस के पास सत्ता का आत्मबल है तो भाजपा के पास संगठन की मजबूती। अब देखना है कि जनता का रुझान किस ओर रहता है। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा के पक्ष में

- अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया।
- पीएम नरेंद्र मोदी का बढ़ता कद और विकास पर जोर।
- हाल ही में तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत।
- कांग्रेस सरकार में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का फंड जमा न होना।
- सुक्खू सरकार की गारंटियों के मुद्दे पर घेराबंदी।
- कांग्रेस की अंतर्कलह को भुनाने की कोशिश।
- ट्रैकिंग पर लगाए गए टैक्स का मुद्दा भी उठेगा।

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का घर है हिमाचल, सीएम सुक्खू को देना होगा आलाकमान को जवाब**



### कांग्रेस के पक्ष में

- पहली कैबिनेट बैठक में ओपीएस देने का फैसला लिया और उसे पूरा किया।
- सीएम सुक्खू ने मंत्रियों के वीआईपी कल्चर को बाय-बाय कहा।
- अनाथ बच्चों, निराश्रित महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सुखाश्रय कोष बनाया।
- पेपर लीक होने पर हमीरपुर स्थित कर्मचारी चयन आयोग भंग किया।
- ग्रीन हिमाचल का सपना संजोकर प्रदेश के वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदला जा रहा।
- प्रदेश की आय को बढ़ाने के लिए शराब की हर बोतल पर सेस लगाया।
- प्रदेश में कांग्रेस सरकार को कर्मचारियों के साथ की उम्मीद है।

## डिप्टी सीएम ने किया धर्मपाल कौंडल के काव्य संग्रह का विमोचन



धर्मपाल कौंडल के काव्य संग्रह का विमोचन करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कवि लेखक धर्मपाल कौंडल के काव्य संग्रह, हृदय की वेदना का विमोचन शनिवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। 76 पेज के इस काव्य संग्रह का प्रकाशन रवीना प्रकाशन ने किया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जिनके पास जलशक्ति विभाग, परिवहन, सहकारिता के साथ-साथ भाषा एवं संस्कृति विभाग भी हैं ने शनिवार सुबह अपने मंडी जिला प्रवास के दूसरे दिन बिजनी स्थित जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह में इसका विमोचन करते हुए यह उम्मीद जताई कि एक संस्कृत अध्यापक की दिल को छूने वाली रचनाओं पर आधारित इस काव्य संग्रह को लोग पसंद करेंगे।

उन्होंने धर्मपाल कौंडल के इस प्रयास की सराहना की तथा कहा कि एक कवि समाज को सही दिशा की ओर ले जाने, संवेदनाओं को मूर्तरूप देने व जागरूकता लाने का काम अपनी लेखनी से करता है। इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन लाल, जल शक्ति विभाग की कई वरिष्ठ अभियंता, हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा, मंडी प्रेस क्लब के प्रधान मुरारी शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के सचिव महेंद्र ठाकुर, अध्यापिका रीता कौंडल, दीप शिखा कौंडल भी मौजूद थीं। धर्मपाल कौंडल ने बताया कि इस काव्य संग्रह में प्रकृति चिंतन, मानवीय मूल्यों का ह्रास, काव्यात्मक सौंदर्य से परिपूर्ण गजलें, मानवीय संवेदना तथा मानव की वर्तमान परिस्थितियों का अवलोकन समाहित है।

# पेंशन कटौती की तो परिणाम भुगतने को तैयार रहे सरकार

## सचिवालय कर्मचारी संगठन ने वित्त सचिव देवेश कुमार से उठाया पेंशन कटौती का मामला, चेतावनी भी दी

**अरविंद शर्मा, शिमला**

लंबे अर्से से भारी वित्तीय संकट का सामना कर रही प्रदेश सरकार इस संकट से उबरने के लिए जो नया रोड मैप तैयार करने जा रही है। उस संबंध में प्रदेश सचिवालय के कर्मचारी संगठन भी अलर्ट हो गए हैं। शनिवार को पेंशन कटौती को लेकर की जा रही तैयारियों से जुड़े मामले पर कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने वित्त सचिव देवेश कुमार से मुलाकात की और सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों को लेकर पूरी जानकारी मांगी।

हालांकि सरकार के आलाधिकारी कर्मचारियों की पेंशन कटौती के मामले पर कुछ भी कहने से गुरेज कर रहे हैं। सचिवालय कर्मचारी संगठन के प्रधान संजीव शर्मा, सचिव कमल शर्मा और सचिवालय कर्मचारी क्लास वन एसोसिएशन की अध्यक्ष गीता शर्मा सहित अन्य कर्मचारी संगठनों ने इस मामले पर वित्त सचिव से मामला उठाया है। हालांकि वित्त सचिव द्वारा अभी तक इस मामले में कोई भी अपडेट देने के इंकार किया गया है, लेकिन कर्मचारी पेंशन कटौती के मामले में अब कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हैं। सचिवालय कर्मचारियों ने इस मामले पर प्रदेश सरकार को चेताया है कि अगर कर्मचारियों की पेंशन के संबंध में कोई भी निर्णय लिया जाता है तो सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन कटौती को लेकर सरकार द्वारा तैयारी की जा रही है। राज्य की वित्तीय माली हालात को देखते हुए सरकार द्वारा कर्मचारियों की पेंशन में करीब 20 प्रतिशत तक की पेंशन कटौती की जा सकती है, जिसको लेकर कर्मचारी अब अलर्ट हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा सरकार ने भी कटौती को जारी की थी अधिसूचना

**पूर्व** में भाजपा की जयराम सरकार के समय में एक अधिसूचना जारी की गई थी कि तीन जनवरी, 2022 के बाद के नियमित कर्मचारियों को भी वर्ष 2016 का संसोधित वेतन नियम 2022 के नियम-सात के तहत नहीं मिलेगा।

### सीएम सुक्खू ने दिया आश्वासन बोले- पूरी पेंशन दी जाएगी



**पेंशन** कटौती मामले पर शनिवार को सचिवालय कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के पास पेंशन कटौती को लेकर प्रपोजल आई थी, लेकिन इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से सरकार सत्ता में आई है कांग्रेस ने कर्मचारियों को पेंशन देने का काम किया है और आगे भी पूरी पेंशन पूरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को पेंशन में किसी भी प्रकार के फेरबदल करने से इंकार किया।

### पेंशन की 20 प्रतिशत कटौती की तैयारी

**सरकार** द्वारा कर्मचारियों को अंतिम तिथि के अनुसार जो भी वेतनमान मिलता है, उसका वेतनमान का 50 प्रतिशत उन्हें पेंशन के रूप में दिया जाता है, लेकिन अब कर्मचारियों को 50 के बजाय 30 प्रतिशत ही दिए जाने को लेकर तैयारी की जा रही है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को लीव इन कैशमेंट, ग्रेच्युटी और कंप्यूटेशन के तहत मिलने वाली राशि में फिलहाल कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा।

### इस मामले को मुख्यमंत्री से उठाएंगे कर्मचारी

**पेंशन** कटौती जैसे गंभीर मसले पर सचिवालय कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी अब प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर अपना रुख स्पष्ट कर अपने सुझाव भी देंगे। कर्मचारियों को अब एनपीएस की जगह पर ओपीएस दी जा रही है।

### केंद्रीय योजनाओं में कटौती व लाभकारी घोषणाओं से खराब हुए वित्तीय हालात

**अर्थशास्त्रियों** के अनुसार माना जा रहा है कि प्रदेश को भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश सरकार को वार्षिक ऋण लेने का तारगेट तय किया गया है और साथ ही कई केंद्रीय योजनाओं में कटौती भी की गई है। अर्थशास्त्रियों की मानें तो प्रदेश सरकार को आर्थिक वित्तीय संकट से उभारने के लिए अपने नए बजट में कुछ नए कर भी लगाने पड़ सकते हैं। इसके लिए वित्तीय विभाग ने कई नए प्रस्ताप सरकार के पास रखे हैं। वित्त विभाग का मानना है कि प्रदेश में लगभग चार लाख सरकारी कर्मचारी हैं इसके अतिरिक्त बोर्डों और निगमों के अलग कर्मचारियों को भी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ सरकार देने जा रही है। ऐसे में ओपीएस के तहत मिलने वाली पेंशन कटौती के लिए नया रोड़ मैप तैयार किया जा रहा है।

## प्रदेश के हर व्यक्ति पर साढ़े 23 हजार का कर्ज: विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस सरकार ने जब सत्ता संभाली तो विरासत में पूर्व सरकार 80 हजार करोड़ का कर्जा छोड़ गई। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष हिमाचल प्रदेश की 70 लाख की आबादी पर प्रत्येक व्यक्ति पर साढ़े 23 हजार का कर्जा छोड़ गए।

नेशनल डिजास्टर की रिपोर्ट के अनुसार साढ़े छह हजार करोड़ का नुकसान आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश को हुआ और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जो कमेटी गठित की गई उसकी रिपोर्ट में 12 हजार करोड़ का नुकसान आंका गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री से निवेदन किया की दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान केंद्र सरकार की ओर से किया जाए। ये शब्द जिला मंडी के द्रंग विधानसभा के थलौट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए लोक निर्माण विभाग व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा की जयराम ठाकुर में सत्ता के लालच में आकर घोषणाओं पर घोषणा की उन्होंने तो टोकन मनी दे कर एक लाख की पांच लाख की घोषनाएं कर दी। विक्रमादित्य ने कहा की पांच लाख में तो पंचायत भवन नहीं बनता।

# आडवाणी को भारत रत्न मिलने से भाजपाई खुश

## आडवाणी ने भारतीय राजनीति को दी नई दिशा; बिंदल, जयराम, खन्ना, शांता, टंडन ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला,**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी। भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि हमारे लिए, हमारे देश के लिए यह गौरव की बात है कि लाल कृष्ण अडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वह शख्स जिसने भारत की राजनीति को एक नई दिशा दी। भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को बढ़ावा देने वाले लालकृष्ण अडवाणी को भारत रत्न मिलना हमारे सबके लिए सौभाग्य की बात है। वहीं, अविनाश राय खन्ना ने कहा की हम सबके प्रेरणास्त्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है। संजय टंडन ने कहा लौह पुरुष लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### भारत मां की सेवा में जनजागृति के लिए लगाया संपूर्ण जीवन

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा भारत मां की अखंड सेवा में जनजागृती के लिए जीवन का क्षण-क्षण, शरीर का कण-कण देने वाले 'यात्री' का अत्यंत उचित सर्वोच्च सम्मान हुआ है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की हार्दिक शुभकामनाएं।

### केंद्र सरकार का फैसला सराहनीय: शांता

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा है कि लाल कृष्ण आडवानी को भारत रत्न देने का भारत सरकार का निर्णय अत्यंत सराहनीय और महत्वपूर्ण है। 22 जनवरी, 2024 को जब 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के मंदिर का शुभारंभ हुआ था, उसी समय अडवानी इस सम्मान से सम्मानित हो गए थे। अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए कई प्रयत्न हुए। राम भक्तों पर गोलियां बरसीं-असंख्य लोग शहीद हुए। राम मंदिर बनाने के लिए अंतिम सफल प्रयत्न का संकल्प पालमपुर में भाजपा ने लाल कृष्ण आडवाणी की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित कर लिया था। उसके एकदम बाद सोमनाथ से अयोध्या तक आडवानी की ऐतिहासिक यात्रा ने पूरे भारत को इस प्रश्न पर जागृत किया था। उसके बाद जो भी हुआ उसमें भाजपा और आडवानी का योगदान प्रमुख था। आडवानी स्वस्थ होते और प्राण प्रतिष्ठा के समय अयोध्या में होते तो पूरे भारत के लिए आनंदमय क्षण होते, परंतु आज भारत सरकार के निणर्य से भारत के करोड़ों लोगों को बड़ा आनंद आया होगा।

## शिमला में ई-कचरा संग्रहण अभियान की हुई शुरुआत



हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता न्यू शिमला स्थित बोर्ड मुख्यालय में ई-कचरा संग्रह अभियान के उद्घाटन अवसर पर वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिम्मेदार ई-अपशिष्ट निपटान और वैज्ञानिक पुनर्चक्रण की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ई-कचरा संग्रहण अभियान की शनिवार को शुरुआत की।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने न्यू शिमला स्थित बोर्ड के मुख्यालय में एक मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर ई-कचरा संग्रहण अभियान की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संजय गुप्ता ने अनुचित ई-कचरा निपटान के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उनसे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर राज्य बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. मनोज चैहान मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी, अनुराधा शर्मा, नियंत्रक, जीतेंद्र गुप्ता-वरिष्ठ विधि अधिकारी, चंदन सिंह-पर्यावरण अभियंता सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश के विभिन्न भागों में आठ फरवरी तक चलेगा ई-कचरा संग्रहण अभियान

**अभियान** के तहत शिमला में तीन से पांच फरवरी तक और सोलन में छह से आठ फरवरी तक संग्रहण अभियान चलाया जाएगा। शनिवार को एसपीसीबी कार्यालय से शुरू होकर न्यू शिमला, कसुम्पटी, पंथाघाटी तक मोबाइल वैन चलाई गई। इसी तरह चार फरवरी को संजौली, ढली, छोटा शिमला, नवबहार, खलीनी, कनलोग, टूटी कंडी में ई-कचरा जागरूकता को लेकर जानकारी प्रदान की जाएगी। पांच फरवरी को टोटू, समरहिल, बॉलूगंज में वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। छह फरवरी को नगर निगम कार्यालय, सोलन से शुरू होकर चंबाघाट कंडाघाट, कोटियानाला, रबोन और देवनघाट तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सात फरवरी को धर्मपुर, कुमारहट्टी और को दाड़लाघाट, अर्की और कुनिहार का रूट तय किया गया है।

**राहत** | सभी सीएमओ को आदेश; दो दिन में सेक्रेटरी हेल्थ को भेजें रिपोर्ट

# हिमाचल में डॉक्टर्स के सारे डेपुटेशन कैंसिल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में डेपुटेशन पर इधर-उधर भेजे गए तमाम मेडिकल ऑफिसर्स के डेपुटेशन कैंसिल कर दिए हैं। अब डॉक्टर्स को दो दिनों के भीतर अपने पुराने स्टेशन पर हाजिर होना होगा। सेक्रेटरी हेल्थ ने राज्य के सभी जिलों के सभी सीएमओ को कहा है कि वे तुरंत इन आदेशों को अमलीजामा पहनाएं और इसका कंप्लायंस दो दिनों के भीतर सेक्रेटरी हेल्थ को भेजें।

दीगर बात यह है कि हमीरपुर जिले के जंगल बेरी में दो दिन पहले क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने डॉक्टर की डेपुटेशन को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया था। उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि पांच दिनों के भीतर डॉक्टर्स के डेपुटेशन कैंसिल नहीं किए गए, तो बेमियादी धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। दर असल में हिमाचल में इन दोनों 18 जनवरी से तमाम डॉक्टर अपनी मांगों के समर्थन में संघर्षरत हैं। वे काले बिल्ले लगाकर मरीजों को देख रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में सुबह के समय प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर खड़े होकर रेजिडेंट डॉक्टर्स भी अलग से इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। वे भी काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी दे रहे हैं। हमीरपुर जिले में डॉक्टर्स संगठन के पदाधिकारियों को डेपुटेशन पर इधर-उधर कर दिया गया था, जिस पर संगठन के लोग बेहद नाराज थे। उनका कहना था कि ऐसा आंदोलन को प्रभावित करने के लिए किया गया था, लेकिन सरकार ने हमीरपुर के सीएमओ डॉक्टर आरके अग्निहोत्री के इन आदेशों को तो रेफर बैक किया ही है, प्रदेश भर के उन तमाम डॉक्टर्स को भी फायदा हो रहा है, जो किन्हीं कारणों से इधर-उधर डेपुटेशन पर ड्यूटी दे रहे थे। इसमें कई जुगाड़ू डॉक्टर्स भी अब शिकंजे में आ गए हैं, जो बेवजह ही मनपसंद स्टेशन पर बैठ गए थे। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### 100 से ज्यादा डॉक्टर्स डेपुटेशन पर दे रहे सेवाएं

**सूबे** में 100 से ज्यादा डॉक्टर्स डेपुटेशन पर इसलिए ड्यूटी दे रहे थे, जो किन्हीं कारणों से ऐसी जगह पर तैनात थे, जो स्टेशन उन्हें पसंद नहीं था। उन पर भी अब डेपुटेशन रद्द होने की गाज गिरी है। क्योंकि सरकार ने न केवल हमीरपुर, बल्कि प्रदेश भर के सभी जिलों में डेपुटेशन को खत्म कर दिया है। प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अब सोमवार तक डेपुटेशन को रद्द करके सेक्रेट्री हेल्थ को रिपोर्ट भेजनी पड़ेगी। इधर, मेडिकल एसोसिएशन और रेजीडेंट डॉक्टरों के अलग-अलग संगठनों का काले बिल्ले लगाकर जारी प्रदर्शन शनिवार को भी बरकरार रहा। ये बीती 18 जनवरी से लगाकर संघर्ष कर रहे हैं।

## नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा में मुद्दा गरमाया

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष पद को लेकर के चल रहा मुद्दा भाजपा की भीतर गर्माया हुआ है। इसी मुद्दे को लेकर खास तौर पर भाजपा मंडल ने शनिवार सुजानपुर में पार्षदों से गुफ्तगू की। मंडल के पदाधिकारी फिलहाल आगामी रणनीति के पत्ते नहीं खोल रहे हैं। नगर परिषद सुजानपर में अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा की दो महिला दावेदार पार्षदों में आपसी समझौता हुआ था, जिसमें दूसरी दावेदार ने अपनी दावेदारी भाजपा में जताई है, जबकि पहले दावेदार ने अध्यक्ष पद की पारी समझौते के मुताबिक पूरी कर ली है। दूसरी दावेदार भाजपा समर्थित ने अपना दबाव बनाया हुआ है। दिलचस्प पहलू है कि नगर परिषद सुजानपुर के हुए चुनाव में पांच भाजपा के पार्षद होने के बावजूद दो भाजपा समर्थित महिलाओं के दावेदार के चलते आपसी खींचातानी का लाभ कांग्रेस को मिला था तथा अध्यक्ष पद कांग्रेस की झोली में चला गया था, जिसके उपरांत पार्षदों ने मनमुटाव मिटाकर समझौता किया था कि आगामी बाकी समय में बारी-बारी से अध्यक्ष पद की कमान संभालेंगे। इसको लेकर कांग्रेस समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष को हटाकर के पहली पारी वार्ड नंबर छह की पार्षद सुनीता देवी ने खेली। अब दूसरी दावेदार शकुंतला देवी की बारी है, लेकिन समझौते के बावजूद शकुंतला देवी को बिठाने के विश्वास मत के दौरान राजनीतिक संकट का हवाला दिया जा रहा है, वहीं बार-बार दबाव डालने के बावजूद भाजपा नेतृत्व द्वारा कोई खास डिसीजन न देने के कारण खिचड़ी पकी हुई है। हालांकि बताया जा रहा है कि सुनीता देवी ने अपना इस्तीफा भाजपा नेतृत्व को सौंप दिया है। इसी मुद्दे को लेकर के जहां पार्षद पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मिल चुके हैं, वहीं भाजपा मंडल भी बैठक कर चुका है।

# पर्यटकों से गुलजार हुई पहाड़ों की रानी, अधिकांश होटल पैक

## बर्फ देखने की चाह में शिमला शहर में एंटर हो रही रोजाना 3000 गाड़ियां, दिल्ली, चंडीगढ़ और कालका से शिमला आने वाली बसें भी चल रही पैक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला सहित राज्य के पांच जिलों में हुई बर्फबारी के बाद शिमला, कुफरी, नारकंडा, कुल्लू-मनाली, कसौली, चायल, चंबा और खजियार सैलानियों के लिए पहली पसंद बने हुए हैं। जनवरी में बर्फबारी न होने से हिमाचल में पर्यटन कारोबार धीमा पड़ गया था। वहीं, ताजा बर्फबारी के बाद हिमाचल में सैलानियों की संख्या में इजाफा होना शुरू हो गया है। बर्फबारी के बाद हिमाचल में पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दी है। वीकेंड पर शिमला में सीजन के पहले हिमपात के बाद सैलानियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे होटलों के कमरे एडवांस बुक होने शुरू हो गए हैं। वहीं, पर्यटन स्थलों पर घूमने के लिए सैलानी ट्रैवल पैकेज बुक कर रहे हैं।

लंबे अंतराल के बाद टैक्सी कारोबारियों के काम में भी तेजी आनी शुरू हो गई है। शहर में शनिवार को तीन हजार के करीब टैक्सी सहित अन्य वाहनों में पर्यटक बर्फबारी वाले क्षेत्रों की और अपना रुख कर रहे हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े गाइड, फोटोग्राफर, घोड़ा संचालक सभी उत्साहित हैं। कालका से शिमला आने वाली ट्रेनों में सैलानियों की संख्या बढ़ गई है। दिल्ली, चंडीगढ़ और कालका से शिमला आने वाली लग्जरी बसें भी पैक चल रही हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि लंबे अरसे से पड़े सूखे से चलते पर्यटन कारोबार आगे नहीं बढ़ रहा था, लेकिन बर्फबारी के बाद पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है। मनू सूद ने बताया कि शिमला, नारकंडा, किन्नौर, मनाली, कसौली, चंबा और खजियार के लिए अधिक संख्या में बुकिंग आ रही है। बर्फबारी के बाद शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में एडवेंचर से जुड़ी गतिविधियों के लिए भी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है, जिससे पर्यटन व्यवसाय में और बढ़ोतरी दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि साथ लगते पंजाब, हरियाणा, दिल्ली जैसे राज्यों से अधिकांश संख्या में वे लोग जो लंबे समय से बर्फबारी की राह देख रहे थे, वे सभी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं, जिससे सभी पर्यटन कारोबारियों को भारी राहत मिली है। उन्होंने फरवरी माह के अंत तक प्रदेश में पर्यटन सीजन का कारोबार में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। वहीं, ऑल हिमाचल कमर्शियल व्हीकल ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी होते ही टैक्सी कारोबार में 20 से 30 प्रतिशत का उछाल आया है। साईट सीन के लिए टैक्सियों की बुकिंग बढ़नी शुरू हो गई है।

**40** फीसदी होटलों के कमरों में हुई एडवांस बुकिंग

**30** प्रतिशत टैक्सी कारोबार में बर्फबारी होते ही आया उछाल



शिमला के रिज मैदान पर ताजा बर्फबारी के बीच गंतव्य की ओर जाते लोग। (फोटो-प्रदीप कुमार)

### पर्यटन उद्योग के लिए संजीवनी बनी बर्फबारी

पर्यटन उद्योग के लिए बर्फबारी संजीवनी साबित हुई है। बर्फ गिरने के बाद एकाएक पर्यटन स्थलों पर कमरों की एडवांस बुकिंग तेज हो गई है। इस वीकेंड के अलावा अगले हफ्ते के लिए भी बुकिंग हो रही है। बर्फबारी के पूर्वानुमान के चलते सैलानी बुकिंग करवा रहे हैं।

**गजेंद्र चंद, अध्यक्षए फेडरेशन ऑफ ऑल हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन।**

### दिन के समय बर्फबारी के बीच रिज पर झूमे पर्यटक

शनिवार को सुबह से ही बर्फबारी का दौर शुरू हो गया था, ऐसे में रिज मैदान सहित अन्य क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का पर्यटकों ने खूब आनंद लिया। प्रकृति द्वारा बरसाए जा रहे इस अनमोल खजाने को लोग अपने कैमरों में कैद करते दिखे, वहीं सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों के साथ लोगों ने बर्फबारी के दौरान उठाए जा रहे लुत्फ का भी इजहार किया।

### बर्फ पर फिसलने से तीन लोग हुए चोटिल

दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में शनिवार को बर्फ पर फिसलकर चोटिल होने के बाद कई मरीज उपचार करवाने आए। अधिकांश मरीजों की बाजुओं में फ्रेकचर हुआ है। डॉक्टरों ने मरीजों को प्राथमिक उपचार और प्लास्टर लगाने के बाद घर भेज दिया है। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लोकेंद्र शर्मा ने बताया कि शाम तक तीन लोग बर्फ पर फिसलकर उपचार के लिए आए थे।

### सैलानियों ने बर्फ के साथ की खूब मस्ती



वीकेंड के लिए शिमला के होटलों में 40 फीसदी कमरे एडवांस में बुक हो चुके हैं। रविवार तक 60 फीसदी तक कमरे बुक होने की उम्मीद है। रिज पर शनिवार को बर्फ देखने के लिए भारी संख्या में सैलानी पहुंचे। सैलानियों ने बर्फ के बीच खूब मस्ती की। पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा में भी सैलानी बर्फबारी के दीदार के लिए पहुंचे।

### कुफरी से अपर शिमला के लिए नहीं हो रही बसों की आवाजाही

बर्फबारी के चलते अपर शिमला के लिए सड़क फिलहाल बंद पड़ी हुई है वैकल्पिक माध्यमों से बसों में भेजा जा रहा है, लेकिन मुख्य मार्ग बर्फबारी के चलते अभी बाधित है। सड़क पर शीशे की तरह बर्फ जमने से फिसलन बढ़ गई है, जिससे वाहन बड़ी संख्या में स्किड हो रहे हैं।

### अपर शिमला में अभी भी कई सड़कें व ट्रांसफार्मर ठप

बर्फबारी के कारण शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कई जगहों पर सड़कें और ट्रांसफार्मर पूरी तरह से ठप हो गए हैं। कई क्षेत्रों में बिजली के कट भी लग रहे हैं, जबकि कुछ एक क्षेत्रों में पानी की भी किल्लत हो रही है ऐसे में बर्फबारी के चलते स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधाओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

### पुलिस की एडवाइजरी, बर्फबारी के बीच कुफरी की ओर न जाएं पर्यटक

पुलिस विभाग ने पर्यटकों के लिए ऊपरी शिमला सहित कुफरी व अन्य क्षेत्रों में न जाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। भारी बर्फबारी के चलते जहां तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर पड़ी बर्फ पूरी तरह से जम गई है। ऐसे में पुलिस ने पहले से एहतियात के तौर पर पर्यटकों से ऊपरी शिमला की और न जाने की अपील की है।

### मशोबरा में पर्यटकों की आमद बढ़ने से लगा जाम

पर्यटन स्थल मशोबरा में बर्फबारी के चलते बाहरी राज्यों से भारी संख्या में आए सैलानियों के चलते घंटों तक भारी जाम लगा रहा। इस दौरान कई वाहन सड़कों पर स्किड करते भी नजर आए और कुफरी की ओर भी कई पर्यटकों ने अपना रुख किया। बर्फबारी के बाद शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में एडवेंचर से जुड़ी गतिविधियों के लिए भी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

लुत्फ...



# बीएड एग्जाम फॉर्म की तिथि को बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन



एबीवीपी के कार्यकर्ता अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्रहित समाजहित और राष्ट्र हित के लिए अपना योगदान देती आई है।

ऐसे ही प्रदेश विश्वविद्यालय ने शनिवार अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक से बीएड की एग्जाम फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाने के लिए मांग उठाई। आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में ठंड के मौसम के चलते कई क्षेत्र बर्फबारी के कारण बंद हो चुके हैं। विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए आज विद्यार्थी परिषद् द्वारा तिथि को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से बीएड के एग्जाम फॉर्म की अंतिम तिथि पांच फरवरी तक रखी गई थी, लेकिन कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते और साथ ही बहुत से टेक्निकल एरर के चलते प्रदेश भर में बहुत से छात्र जो हैं अभी भी अपने-अपने एग्जाम फॉर्म नहीं भर पा रहें हैं।

## हाड़ कंपा देने वाली ठंड में एसएमसी शिक्षकों के हौसले बुलंद

# आठवें दिन भी क्रमिक अनशन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद क्रमिक अनशन पर बैठे एसएमसी शिक्षकों के हौसले बुलंद हैं। उपायुक्त कार्यालय के समीप नियमितीकरण की मांग को लेकर एसएमसी शिक्षकों का क्रमिक अनशन का आठवां दिन है।

शिमला में शनिवार को बर्फबारी के दौरान भी शिक्षक धरने पर डटे हुए हैं। उनकी रजाइयां बर्फबारी और वर्षा में गीली हो रही हैं। हवाघर में हवा और पानी को रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं, लेकिन एसएमसी शिक्षक संघ ने तिरपाल लगाकर किसी तरह से अनशन स्थल को सूखा रखने के प्रयास किया है। शिक्षकों का साफ तौर पर कहना है, जब तक नियमितीकरण की मांग पूरी नहीं हो जाती बर्फबारी कड़ाके की सर्दी भी उनके आंदोलन की गर्मी को पस्त नहीं कर सकती। शिक्षक संघ के अध्यक्ष निर्मल ठाकुर ने कहा कि राजधानी में बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के दौरान वह क्रमिक अनशन पर डटे हुए हैं।



उपायुक्त कार्यालय के समीप अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे एसएमसी शिक्षक।

उनके नियमतिकरण के लक्ष्य को हाड़कंपा देने वाली ठंड भी कमजोर नहीं कर सकती। काफी लंबे समय से उनकी एक ही मांग है नियमितीकरण जिसको लेकर उन्हें क्रमिक अनशन पर बैठना पड़ा। कुछ शिक्षक उम्र की उस दहलीज पर हैं, जहां उनकी निगाहें सरकार को निहार रही हैं। उनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक हो गई है व दूरदराज क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। उन्हें सुख की सरकार से बहुत उम्मीदें है। व्यवस्था परिवर्तन के नारे को लेकर सत्ता में आई सुख की सरकार से उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह उनकी मांग पूरा करेगी। वहीं, उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि उन्हें या तो नियमित किया जाए अन्यथा उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए।

# भारतीय संस्कृति और दर्शन की आधारशिला है मां गंगा : शुक्ल

## गंगा समग्र के राष्ट्रीय कार्यकर्ता संगम समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

गोरखपुर में आयोजित गंगा समग्र के राष्ट्रीय कार्यकर्ता संगम समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए प्रदेश राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि मां गंगा हजारों हजार वर्षों से केवल जल का प्रवाह नहीं अपितु अमृत सलिला गंगा भारतीय संस्कृति एवं दर्शन की आधारशिला है।

गंगा जल ब्रह्मद्रव्य है और यह ईश्वर का निराकार रूप है। गंगा भारत की आत्मा का नाम है। भारतीयों की जीवन दायिनी व पहचान है। राज्यपाल ने कहा कि पतित पावनी सर्वकल्याणमयी मां गंगा इस धरा पर ईश्वरीय सत्ता का साकार विग्रह है। पर्वों पर असख्य धर्मपरायण इसकी तीर्थ यात्रा करते हैं और अनेक भावनाएं मनोकामना लेकर उसके सानिध्य में पहुंचते हैं और उनकी सभी मनोकामनाएं मां गंगा पूर्ण करती है। राज्यपाल ने कहा कि गंगा की अविरलता निर्मलता को बनाए रखने के लिए आज समाज के सभी लोगों को सचेत होने की आवश्यकता है, साथ ही जो संगठन इस ओर गतिशील हैं उन्हें सहयोग और प्रोत्साहन देकर भी हम अपनी आस्था प्रकट कर सकते हैं।



गंगा समग्र के राष्ट्रीय कार्यकर्ता संगम समारोह में राज्यपाल पूजा करते हुए।

# मार्च में तैयार होगी आरकेएमवी की नई बिल्डिंग, पार्किंग की मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के एकमात्र सरकारी कॉलेज राजकीय कन्या महाविद्यालय की नई बिल्डिंग मार्च 2024 में बनकर तैयार होगी।

पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर अब उस जगह पर नया स्ट्रक्चर तैयार कर दिया गया है। नई बिल्डिंग में कॉलेज छात्राओं के लिए कार पार्किंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही कंप्यूटर लैब और अन्य लैब की क्लासेस इस बिल्डिंग में ली जाएंगी। नव निर्मित भवन बनने से बच्चों को कॉलेज में मैदान की सुविधा उपलब्ध होगी। शिमला के आरकेएमवी कॉलेज में नए भवन का निर्माण कार्य चला हुआ है। इसका निर्माण कार्य 2014 में शुरू हो गया था व यह भवन मार्च 2024 में बनकर तैयार होगा। पार्किंग सुविधा होने से मैदान बिलकुल खाली हो जाएगा और कॉलेज विद्यार्थियों को भी किसी तरह की दिक्कत पेश नहीं आएगी।



आरकेएमवी की नई बिल्डिंग।

"मार्च 2024 में भवन का निर्माण कार्य समाप्त हो जाएगा। प्राध्यापकों और छात्राओं को इसकी सुविधा प्रदान होगी। यहां पर विभिन्न जगहों से छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। उन्हें अच्छी सुविधा मिले इसके लिए पूरी तैयारियां की जा रही हैं।

**गोपाल चौहान, कॉलेज प्राचार्य।**

# पुलिस ने चिट्टा तस्कर की 52 लाख की संपत्ति जब्त की

## एक साल में 306 ग्राम चिट्टा, 90 ग्राम अफीम और डेढ़ किलो चरस पकड़ी : डीएसपी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

रोहड़ू में कुछ समय पहले समोली के रहने वाले अंकेश ठाकुर से 120 ग्राम चिट्टा बरामद किया है, जो पुलिस हिरासत में काफी समय से है।

पुलिस ने अंकेश के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी 52 लाख की संपत्ति जब्त कर ली है। डीएसपी रोहड़ू रविंद्र नेगी ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे मिली सूचना के आधार समोली के रहने वाले संदीप से गाड़ी एचपी 10 3138 में पटसारी के पास पुलिस ने 40 ग्राम चिट्टा बरामद किया है, जिसके बाद संदीप को गिरफ्तार कर गाड़ी को भी कब्जे में लिया है, जब संदीप से हिस्ट्री ली, तो वह अंकेश का ही भाई है। इतना ही नहीं इनका दोनों का छोटा भाई भी चिट्टा हिरोइन के कारोबार में है, जो सजा भी काट कर आया है, जिसके बाद पुलिस ने इनकी 52 लाख रुपए की संपत्ति भी सीज कर ली है।

### एक साल में रोहड़ू में एनडीपीएस के तहत 105 लोग हुए गिरफ्तार

डीएसपी रोहड़ू ने बताया कि पिछले एक साल के दौरान रोहड़ू में एनडीपीएस के तहत 50 मामले दर्ज हो चुके हैं, जिसमें 306 ग्राम हिरोइन या चिट्टा बरामद किया गया है। रोहड़ू में 90 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने एक किलो 500 ग्राम चरस भी बरामद की है। इसके अलावा मैनुफैक्चरिंग ड्रग्स के 540 टैबलैटस और 68 बौटलस बरामद किए हैं। इसमें 105 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



### पाकिस्तान से रोहड़ू पहुंच रहा चिट्टा

डीएसपी रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टी करते हुए बताया कि आरोपियों से पुछताछ और साक्ष्यों से पता चला कि रोहड़ू में चिट्टा पंजाब, हरियाण और दिल्ली से पहुंच रहा है। सबसे अधिक पंजाब और हरियाणा के साथ पाकिस्तान बार्डर पर पाकिस्तान से चिट्टा पहुंच रहा है। हरियाणा और दिल्ली पुलिस व आइसीएस अधिकारियों से भी इस बारे में जल्द सामजंस्य स्थापित कर चिट्टे पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा।

**कवायद** तीन माह में लोअर बाजार में लिफ्ट बनकर होगी तैयार, स्मार्ट सिटी के तहत इस प्रोजेक्ट को बनाया जा रहा

# शहरवासियों व सैलानियों को नहीं चढ़नी पड़ेंगी सीढ़ियां

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला के लोअर बाजार में लिफ्ट बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसका फायदा स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी होगा। राज्य सरकार की ओर से लोअर बाजार में सुंदर पंसारी की दुकान से रिज मैदान की ओर लिफ्ट बनाई जा रही है।

तीन महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगी। स्मार्ट सिटी के तहत इस प्रोजेक्ट को बनाया जा रहा है। शहरवासियों और सैलानियों को अब सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेंगी। जल्द ही लिफ्ट में आवाजाही की सुविधा मिलने वाली है। जून 2022 से इसका काम शुरू हो गया था। अभी लोगों को 100 के करीब सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। इससे कुछ सेकंड में ही रिज मैदान पहुंचा जा सकता है। पहले इस जगह पर ऐस्कलटेर लगाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन दोनों ओर तीखी ढलान होने के कारण ऐस्कलेटर की फिजिबिलिटी नहीं बन पाई।

इस वजह से उस प्रोजेक्ट को रद्द किया गया, जिसके बाद यहां पर लिफ्ट बनाने का कार्य किया गया। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 1.47 करोड़ रुपए की लागत से इसका कार्य किया जा रहा है। मई माह में यह पूरा तैयार हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट का जिम्मा रोप-वे ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉपोरेशन को सौंपा गया है। (अनंत ज्ञान)



शिमला के लोअर बाजार में बनाई जा रही लिफ्ट।

### यह बाजार में बन रही पहली लिफ्ट

शिमला शहर में रिज मैदान जाने के लिए केवल एक ही लिफ्ट है, जिससे लोग जल्द ही वहां पहुंचते हैं। शिमला के लोअर बाजार में पहली बार किसी लिफ्ट का निर्माण हो रहा है। बाजार से लोगों को 100 के करीब सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। अब लोगों की सुविधा के लिए लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है।

### लिफ्ट के साथ ही बनाया जा रहा ब्रिज

लोअर बाजार में बनाई जा रही लिफ्ट के साथ ही ब्रीज का निर्माण भी किया जा रह है। यह ब्रिज मिडल बाजार के टैरेस तक बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई लगभग 8.64 मीटर और चौड़ाई 2.10 मीटर होगी। उसके आगे 10 के करीब सीढ़ियां चढ़कर रिज मैदान पहुंच जाएंगे।

"लोगों की सुविधा के लिए लोअर बाजार से लिफ्ट बनाई जा रही है। तीन महीने के अंदर इसका कार्य पूरा हो जाएगा। निगम द्वारा लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रोजेक्टों पर कार्य किया जा रहा है।

**-भूपेंद्र अत्री, आयुक्त नगर निगम शिमला।**

# वित्तीय प्रबंधन और साइबर एवं वित्तीय फ्रॉड की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**जुर्म की दर को कम करने के लिए कंडा जेल में किया कार्यक्रम**

शिमला के मॉडल सेंटर जेल कंडा में शनिवार को जुर्म की दर कम करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिमला के 400 प्रिजन इनमटेस एवं पुलिस अधिकारियों के लिए मेगा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अमर क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक शिमला और एसंआरं ओझा, पुलिस महानिदेशक ने मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। इस दौरान सभी प्रतिभगियों को बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन, कौशल विकास, साइबर एवं वित्तीय फ्रॉड से सुरक्षा इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गई। प्रिजन इनमेट्स में कौशल विकास और फाइनेंशियल अनुशासन विकसित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया, ताकि समाज में जुर्म की दर में कमी आ सके। प्रिजन इनमेटस जेल से बाहर निकलने पर सार्थकता के साथ जीवनयापन कर सकता है। इस पर एसके यादव, बैंकिंग लोकपाल आरबीआई एवं पीतांबर अग्रवाल उपमहाप्रबंधक सुशील ठाकुर अधीक्षक कारागार भी उपस्थित रहे। कैदियों को आय अर्जित करते हुए कौशल विकास, निवेश के अवसर एवं डिजिटल बैंकिंग के लाभ और इसमें बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा जोरावर मैदान

## रैली स्थल में सुबह 11 की बजाए दोपहर सवा दो बजे पहुंचे जेपी नड्डा, कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

ढ़ोल नगाड़ों, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और फूलों की बौछार के साथ अभिनंदन रैली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का जोरदार स्वागत धर्मशाला जोरावर मैदान में हुआ। हाल ही में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल पधारने पर हिमाचल भाजपा ने अभिनंदन रैली का आयोजन किया।

इस दौरान पूरा रैली स्थल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। रैली का प्रस्तावित समय सुबह करीब 11 बजे था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का हेलिकॉप्टर गग्गल हवाई अड्डे में लैंड नहीं कर पाया। इस कारण हेलिकॉप्टर की लैंडिग पठानकोट हवाई अड्डे में करवाई गई। मौसम की खराबी के कारण रैली स्थल में नड्डा करीब सवा दो बजे पहुंचे। रैली में सुबह के समय तो भीड़ का हुजूम था, लेकिन नड्डा के रैली में देर से पहुंचने के कारण भीड़ छंट गई। अढ़ाई बजे जब नड्डा ने जनता को संबोधित करना शुरू किया तो अधिकतर कुर्सियां खाली रहीं और संबोधन के दौरान भी लोग सीटें छोड़ कर घर की ओर पलायन करते दिखे। नड्डा ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की जन हितैषी नीतियों का जिक्र किया वहीं कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जम कर निशाना साधा। (अनंत ज्ञान)



### जेपी नड्डा ने श्रीचामुंडा नंदीकेश्वर धाम में निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में शनिवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा मंत्रियों व कार्यकर्ताओं सहित चामुंडा मंदिर में पहुंचे। चामुंडा मंदिर पहुंचने पर मंदिर सहायक आयुक्त धर्मेश रामोत्रा, मंदिर अधिकारी सार्थक शर्मा, कर्मचारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं, जेपी नड्डा ने मां चामुंडा के चरणों मे शीश नवाया। वहीं मंदिर के मुख्य पुजारी ओम व्यास ने जेपी नड्डा की विधिवत पूजा-अर्चना करवा कर मां के आशीर्वाद स्वरूप मां की चुनरी भेंट की तथा रक्षा का के रूप में मौली बांधी गई। वहीं, जेपी नड्डा ने मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। मंदिर के गर्भगृह कार्य को जल्द से जल्द निपटने के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। वहीं, शिव मंदिर के पुजारी व बारीदार पवन गोस्वामी, कुलदीप गोस्वामी व बॉबी गोस्वामी ने जेपी नड्डा को बाबा भोलेनाथ का स्मृति चिन्ह भेंट की।





धर्मशाला के जोरावर मैदान में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली में मौजूद लोग।



रैली



खुशी



भीड़

### यहां छंटी भीड़, वहां छूटे टिकटार्थियों के पसीने

**भाजपा** राष्ट्रीय अध्यक्ष के रैली स्थल पर पहुंचने से पूर्व सुबह अच्छी खासी भीड़ होने के बाद नड्डा के संबोधन तक अधिकतर भीड़ छंट गई। नड्डा के संबोधन के दौरान कुर्सियां खाली हो गई, बीच से लोग उठने लगे, ऐसे में शक्ति प्रदर्शन कर आगामी लोकसभा चुनावों में अपनी टिकट की दावेदारी कर रहे नेताओं के भारी ठंड के बीच पसीने छूटने लगे। खराब मौसम होने के कारण नड्डा के स्वागत में कार्यकर्ताओं में भरा जोश नड्डा के रैली स्थल तक पहुंचते-पहुंचते मौसम की तरह ठंडा पड़ता दिखा।

### पूर्व सीएम जयराम ने सुक्खू की सरकार पर कसे तंज

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अभिनंदन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार स्वयंभू सुख की सरकार बनी बैठी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री बताएं कि उनकी सरकार में सुखी कौन है। कर्मचारी, डॉक्टर, कोरोना वॉरियर आदि सड़कों पर हैं, तो मुख्यमंत्री बताएं कि उनकी सरकार में सुखी कौन है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री एवं विधायक और अधिकारी तक इस सरकार में दुखी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने दस गारंटियों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को झूठी सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बताए कि दस में से कौन सी गारंटी उन्होंने पूरी की हैं।



### झूठ बोलना और जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी रीत: राजीव बिंदल

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पार्टी को झूठ बोलने और जनता को गुमराह करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल चुनावों से पूर्व कांग्रेस ने जनता को 300 यूनिट बिजली निशुल्क देने का वादा किया था, जो कि सरकार के एक वर्ष से अधिक समय होने पर पूरा नहीं हो पाया है। प्रदेश सरकार की युवाओं को रोजगार देने का वादा भी खोखला साबित हुआ है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की दस गारंटियों को युवाओं, महिलाओं और आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ बताया ।

## विश्व भर में लोकप्रिय नेता हैं मोदी: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री का स्वागत डॉक्टर राजीव बिंदल और अन्य भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने किया। गगल हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा धर्मशाला में होने वाले रैली के लिए आ रहे हैं।

उन्हीं का इंतजार सबको है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में एक राज्य में नहीं बल्कि तीन-तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें पूर्ण बहुमत से बनी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश भर में जो वातावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के कारण, मोदी की लोकप्रियता के कारण और मोदी की गारंटी की पहचान जो आज देश और दुनिया में हुई है कि जो मोदी ने कहा है वह भारतीय जनता पार्टी ने करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि जो इंडी गठबंधन के दल थे वह भी छोड़ कर जा रहे हैं।





उनको न्याय नहीं मिल रहा है। यहां तक कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कह रही हैं कि कांग्रेस को पहले से भी कम सीटें मिलेंगी, यानि उनकी 40 सीटों से भी नीचे रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी देख लिया कि उनको भी न्याय नहीं मिला तो एक नहीं कइयों के साथ अन्याय होता देख दूसरे भी छोड़ कर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखता है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी। उन्होंने गठबंधन पर कहा कि भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए इनका एक नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं या बेल पर हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पांच बार ईडी के समन चले गए लेकिन वह पेश नहीं हुए। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हुए।

## जेपी नड्डा ने गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को जिया पोलिंग बूथ से भरवाना से गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया। हिमाचल प्रदेश सौभाग्यशाली है कि इस अभियान का शुभ आरंभ हिमाचल प्रदेश के पालमपुर विधानसभा क्षेत्र से हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गांव की जनता के साथ भेंट की, एक बूथ की बैठक ली और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बातचीत की। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दी। इस कार्यक्रम को राष्ट्र स्तर पर किसान मोर्चा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है और हिमाचल प्रदेश के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेपी नड्डा ने गाय को गुड़ भी खिलाया और गांव के लोगों द्वारा स्थानीय वस्तुओं का प्रारूप भी देखा। यह कार्यक्रम दो तरफा रहा। जहां जेपी नड्डा ने गांव वालों को गांव चलो अभियान के बारे में बताया। वहीं, जानता ने अपने विचार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद इंदु गोस्वामी, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर विशेष रूप में उपस्थित रहे।



जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए



गाय को गुड़ खिलाते जेपी नड्डा

## नड्डा की रैली फेल: पुनीत मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय जगत प्रकाश नड्डा की रैली पूरी तरह विफल साबित हुई है। केंद्र सरकार की खराब नीतियां और झूठे वादे अब जनता पहचान चुकी है और यही कारण है जब नड्डा संबोधन करने उतरे तो लोग पंडाल छोड़ कर घर जाने लग गए। यह बात पद्रेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुनीत मल्ली ने प्रेस को जारी एक बयान में कही है।



उन्होंने कहा कि जब चुनावों क समय आता है तो भाजपा को जनता की याद आने लगती है। हिमाचल प्रदेश में हुई बेरहम बारिश और प्राकृतिक आपदा के दौरान भाजपा के यह दिग्गज नेता कहां थे। पिछले पांच वर्षों में कांगड़ा-चंबा सांसद कहीं नजर नहीं आए। हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा से बाहर आने का प्रयास कर रहा है। लेकिन केंद्र की ओर से हिमाचल प्रदेश को कोई आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही है। पुनीत मल्ली ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेता लोगों के बीच भाषण तो बड़े-बड़े दे रहे हैं, लेकिन अपने शीर्ष नेतृत्व से हिमाचल प्रदेश के हित की बात नहीं करना चाहते।

मल्ली ने कहा कि नड्डा की रैली ने दर्शा दिया है कि लोगों का विश्वास मोदी सरकार से उठ चुका है। विपदा में आम लोगों के साथ कांग्रेस खड़ी रही। जबकि भाजपा ने अपना समय केवल आलोचनाओं में बर्बाद किया। उन्होंने कहा कि जनता को मोदी सरकार से मोह भंग हो चुका है और आगामी लोकसभा चुनावों में जनता भाजपा को मुंह तोड़ जबाव देगी।

### बिजली की तारों पर गिरा सूखा पेड़

**धर्मशाला।** आज दोपहर मस्तपुर में सड़क किनारे सूखे हुए पेड़ का आधा हिस्सा बिजली की तारों पर गिर गया । गनीमत यह रही कि इस सूखे हुए पेड़ का हिस्सा बिजली की तारों पर गिरा और तारों में उलझ गया। अगर सड़क पर गिरता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों अजय, विपिन, लकी, लता, परवीन, रिंपी आदि का कहना था कुछ दिन पहले भी एक सूखा पेड़ आंधी के दौरान टूटकर सड़क पर गिर गया था। रात का समय होने के कारण कोई हादसा नहीं हुआ। सड़क के साथ जिस जगह यह पेड़ के खड़ा है। मस्तपुर के ग्रामीणों दुकानदारों प्रशासन से मांग की है कि इस सूखे पेड़ को जल्द से जल्द कटवा दिया जाए।

### शांता कुमार से मिले संजय टंडन

**धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। शांता कुमार ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उससे साफ प्रतीत होता है कि भारत अब स्वर्णिम काल की ओर अग्रसर है। राम मंदिर निर्माण भारत के इतिहास का बहुत बड़ा हिस्सा है। इसके लिए पूर्ण श्रेय केंद्र सरकार और केंद्र की कुशल नेतृत्व वाली सरकार को जाता है। भारत की अर्थव्यवस्था भी तेज गति से आगे बढ़ रही है आज से पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। वहीं, दोनों नेताओं के बीच हिमाचल प्रदेश की राजनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की।

### टेलीग्राम टास्क से ठगे 15,70,998 रुपए

**धर्मशाला।** साइबर क्राइम के तहत जिला साइबर थाना धर्मशाला में धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज हुआ है। परागुपर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर उनसे 15,70,998 ठगे हैं। अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन पर टेलीग्राम ऐप के माध्यम से कुछ टास्क दिए जिनका भुगतान शुरू में तो किया गया, लेकिन बाद में टास्क पूरे करने के लिए रुपए डिपोजिट करने के लिए कहा गया। इन्हीं टास्क को पूरा करने और अच्छी कमाई का लालच देते हुए उन्हें उक्त राशि जमा करवाने को कहा गया। राशि जमा होने के बाद न तो प्रॉफिट अदा किया गया और न ही जमा की गई राशि वापस हुई। वहीं, पुलिस छानबीन में जुटी है।

### बाइक चोर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर, छानबीन में जुटी पुलिस

**धर्मशाल।** मैक्लोडगंज से रेंट पर बाइक ले जाने के बहाने चोरी करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने राजस्थान से पकड़ लिया है। पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बाइक चोरी का आरोपी राजेश राजस्थान का रहने वाला है। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व वह मैक्लोडगंज से एक बाइक रेंट पर लेकर राजस्थान फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने धर दबोचा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष वीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

**मांग** संकरा मार्ग और तीखे मोड़ लेते हैं ड्राइवरों का इम्तिहान, जल्द मांगा समाधान

## हरिपुर-जवाली तक सड़क को किया जाए डबल

**अंकुश वशिष्ट, हरिपुर**

कई सरकारें आई और कई आकर चली गई और अब तो व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार आई है एक नया नारा ईजाद हुआ है व्यवस्था परिवर्तन । अब लोगों को उम्मीद जगी है कि शायद अब पहले से कुछ बेहतर होगा।

बात कर रहे हैं देहरा से जवाली सड़क की यह सड़क देहरा से लेकर हरिपुर तक सेंट्रल रोड फंड से प्राप्त लगभग 11 करोड़ से निर्मित हो चुकी है। इसकी देहरा से लेकर हरिपुर तक लंबाई 18 किलोमीटर लगभग है। हरिपुर में भव्य बस अड्डा भी करोड़ों की लागत से बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन क्या अड्डा बना देने से ही इतिश्री कर ली जाएगी, सड़कों के ऊपर ध्यान नहीं दिया जाएगा। हम यहां बात करने जा रहे हैं हरिपुर से आगे इसी सड़क को जवाली राजा का तालाब, जसूर और पठानकोट से जोड़ने वाले इस मार्ग की जो देहरा को सीधे आगे पठानकोट से जोड़ता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है की देहरा के विधायक, जवाली के विधायक व नूरपुर के विधायक तीन तीन विधानसभा क्षेत्रों को लाभ देने वाली इस सड़क के लिए आवाज उठाने वाला कोई भी हुकमारान नहीं है। जवाली के मौजूदा विधायक तो सरकार में मंत्री पद पर आसीन हैं उनकी बेरुखी भी इस सड़क के मामले मैं जगजाहिर है। हरिपुर में बस अड्डा बनने के बाद क्षेत्र में बसों की संख्या बढ़ी है। इसमें पठानकोट डिपो की बसें भी हरिपुर तक आ रही है। वहीं, सड़क की बदहालत अगर ऐसी रहेगी तो इंटरस्टेट बसों की तो बात दूर की बात स्थानीय ऑपरेटर और एचआरटीसी की बसें चलाने से इस मार्ग के ऊपर गुरेज ही करेगा। भले ही पौंग बांध को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं सरकार बना रही है, लेकिन जब तक इस सड़क का विस्तारीकरण नहीं हुआ तब तक पर्यटन को पंख लगना भी संभव नहीं है। हरिपुर से आगे नगरोटा सूरियां तक 12 किलोमीटर और नगरोटा सूरियां से आगे लगभग 25 किलोमीटर जवाली है और यह हरिपुर से लेकर ज्वाली तक 37 किलोमीटर सड़क तीखे मोड़ों से भरी है। संकरी होने के कारण बरसातों में अकसर यह मार्ग जगह-जगह से बंद हो जाता है और दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ जाता है। वहीं, देहरा से पठानकोट जाने वाले तमाम वाहन और बसें इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं, लेकिन सरकार की नजरअंदाजी इस मार्ग के ऊपर इस कदर हावी हुई कि आज दिन तक इस सड़क के विस्तारीकरण के लिए इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों के नुमाइंदों में से किसी ने भी आवाज नहीं उठाई। स्थानीय लोगों बुद्धिजीवियों ने कई बार सरकार के समक्ष मीडिया के माध्यम से यह बात रखी, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। (अनंत ज्ञान)





अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, त्रिशेन सिहोत्रा** पुत्र श्री हरि सिंह निवासी गांव अनसोली डा. मटौर, तहसील व जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि महाल अनसोली पटवार वृत्त मटौर तहसील व जिला कांगड़ा के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम तरसेम कुमार पुत्र हरि सिंह पुत्र लभू राम गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम त्रिशेन सिहोत्रा पुत्र हरि सिंह है। सभी संबंधित नोट करें।



# प्रदेश में परीक्षा केंद्र बनाने को मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशनज इन मेडिकल साइंसेज ने 30 जनवरी मंगलवार को नीट-एमडीएस 2024 के लिए आवेदन विंडो खोल दी है। अधिकतर राज्यों में इस परीक्षा के लिए सेंटर बनाए गए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश का नाम इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है। इसको लेकर हिमाचल के आवेदक बच्चों में रोष है।

बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि पिछले वर्ष देश में 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे तथा हिमाचल के हमीरपुर का नाम भी सम्मिलित था लेकिन इस बार 56 परीक्षा सेंटर ही बनाए गए हैं तथा हिमाचल प्रदेश में कोई भी परीक्षा केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। बता दे कि वर्ष 2021 में पूरे देश में 79 परीक्षा केंद्र थे। इसमें हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और सोलन का नाम सम्मिलित था तथा वर्ष 2022 में भी सोलन और हमीरपुर परीक्षा केंद्र हुआ करते थे। वर्ष 2023 में सोलन को काटकर सिर्फ हमीरपुर को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया था। लेकिन इस बार हिमाचल में कोई भी परीक्षा केंद्र सम्मिलित नहीं किया गया है। अभिभावकों का यह भी कहना है की एप्लीकेशन भरने के उपरांत जिस सेंटर में सीटों की उपलब्धता रहेगी। वहीं पर सेंटर उपलब्ध किया जाएगा। इससे कि हिमाचल के बच्चों को आस पास के राज्यों में अगर सीटों की उपलब्धता न रही तो उन्हें दूरस्थ अन्य राज्यों का रुख करना पड़ सकता है। यह भी बता दें कि इस बार चंडीगढ़,मोहाली को भी परीक्षा केंद्र लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के परीक्षा आवेदकों ने राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गुहार लगाई है कि हिमाचल प्रदेश में भी परीक्षा केंद्र स्थापित करवाए जाएं। आवेदन की अंतिम तिथि 19 फरवरी रात 11:55 बजे है। परीक्षा 18 मार्च को रखी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कृषि सेवा सहकारी सभा कस्बा स्यूल के चुनाव 27 को

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 12 फरवरी को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग ले।

### गुगलाड़ा स्कूल में बच्चों को बांटी मिठाइयां



प्रतियोगिता में भाग लेते हुए गुगलाड़ा स्कूल के स्टूडेंट्स।

**कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा में उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र शाहपुर कार्यालय हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद शिमला के सौजन्य से वर्ल्ड वेटलैंड डे 2024 का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम रेनू जसवाल वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक और जिला विज्ञान पर्यवेक्षक मंजु महाजन की देखरेख में हुआ। वहीं, कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता में सीनियर विंग और जूनियर विंग के बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरन वेटलैंड से संबंधित अधिकारियों ने उसके संरक्षण और मानव कल्याण पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। पाठशाला के प्रधानाचार्य ने स्कूल के विद्यार्थियों को आदर्श भूमि बारे बताया और अधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया व बच्चों को मिठाइयां वितरित की।

### मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाहपुरकंडी।** रणजीत सागर बांध परियोजना के कर्मचारियों की लंबे समय से लटकती आ रही मांगों के संबंध में आज रणजीत सागर बांध परियोजना पर कार्यरत विभिन्न कर्मचारी संगठनों पर आधारित बनी संयुक्त संघर्ष कमेटी की ओर से आज प्रधान नथा सिंह की देखरेख में संघर्ष कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के 'ओएसडी संदीप गड़ा' से पठानकोट में मिला तथा उन्हें कर्मचारियों की मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। मांगों में मुख्य तौर पर जनवरी 2016 से पे-कमिशन के एरियर की अदायगी करना, कर्मचारियों को पिछला आठ महंगाई भता देना, शाहपुरकंडी टाउनशिप में रहने वाले बाध कर्मचारियों को पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट प्रति महीना मुफ्त बिजली देना तथा शाहपुरकंडी टाउनशिप में खाली पड़े सरकारी मकानों को रिटायर्ड कर्मचारियों को किराए पर देने के अलावा कई मांगे शामिल थी।

# बकरी के दूध से बने साबुन की महक बॉलीवुड में पहुंची

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांगड़ा में बकरी के दूध से बना साबुन मार्केट में जल्द ही पूर्णतय व्यवसायिक रूप से कदम रखेगा। अब तक कुछ बड़े उत्सवों में प्रदर्शित इस साबुन को न सिर्फ सराहा ब्लकि प्रयोग भी किया। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की मां ने साबुन के प्रयोग के बाद इस गुणकारी बताते हुए अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया। आकांक्षा की हिमाचल के उत्पादों को विदेश तक पहुंचाने की स्वरोजगार की सोच की इस मुहिम में उनको लोगों की सराहना उत्साहित कर रही है।



शादी के बाद मुंबई से कांगड़ा आई आकांक्षा के चेहरे पर झाइयां पड़ने लगी तो उन्होंने जानकारी के आधार पर नई विधि से उपचार किया। कुछ ही दिन में उनकी झाइयां दूर होने लगी। खुद को हुए फायदे को देख आकांक्षा चाहती थी कि त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को भी उनके प्रयोग का लाभ मिले, और यहीं से स्वरोजगार की कहानी की शुरुआत हुई। इस बीच बॉलीवुड परिवार भी अब इस साबुन का प्रयोग कर रहे हैं। इससे आकांक्षा काफी उत्साहित भी हैं। जिला उद्योग विभाग की मदद से उन्होंने नगरी में अपना यूनिट 2021 में शुरू किया था। सरकार की स्वावलंबन योजना से जुड़े ये प्रयास धीरे-धीरे रंग लाने लगे हैं। वो बताती हैं कि इससे झुर्रियां, कील- मुंहासे और अन्य प्रकार के त्वचा के रोग दूर हो रहे हैं। चामुंडा के बड़ोई की महिला आकांक्षा राजपूत विख्यात उत्सवों में स्टाल लगाकर अपने उत्पादों के बारे मे भी बताती हैं।

उनके अनुसार प्रदर्शनी जैसे आयोजनों में लोग कांगड़ा में ही तैयार मुख्यत: बकरी के दूध से बने साबुन के बारे में जानने को उत्सुक रहते हैं तथा काफी लोग उनके उत्पाद खरीदते हैं। उत्साहित आकांक्षा बताती हैं कि बॉलीबुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने यहां के साबुन का न सिर्फ इस्तेमाल किया ब्लकि अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसका जिक्र कर त्वचा संबंधी रोग दूर होने का जिक्र किया था। नए कांसेप्ट को लोग काफी तारीफ कर रहे हैं। पालमपुर के पास नगरी में मैन्युफैक्चरिंग युनिट की शुरुआत 2021 में की थी। (अनंत ज्ञान)

### योजनाओं का गंभीरता से लाभ लें युवा

**उधर,** इस बारे में जिला उद्योग विभाग के महाप्रबंधक राजेश कुमार खरबाल ने बताया कि सरकार की योजनाओं का गंभीरता से लाभ लेकर युवा न सिर्फ स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। बल्कि दुसरों को रोजगार देकर सफल कारोबार की नींव रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आकांक्षा ने भी इस योजना का लाभ उठाया तथा एक सफल शुरूआत को अंजाम दिया, जिसके लिए वो सराहना की पात्र हैं।

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने किया शिलान्यास, छात्रों को मिलेगी सुविधा

# अमनी स्कूल में 1.19 करोड़ से बनेगा साइंस ब्लॉक

**अनिल छांगू, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने आज शनिवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत जीएसएस स्कूल अमनी में साइंस ब्लॉक का शिलान्यास करने के उपरांत स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि इस साइंस ब्लॉक में जीव, रसायन, भौतिक विज्ञान और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। तीन मंजिला इस ब्लॉक में आधुनिक प्रयोगशालाओं के अलावा दो क्लास रूम तथा वॉशरूम की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि साइंस ब्लॉक के निर्माण पर एक करोड़ 19 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल में अलग से साइंस ब्लॉक में आधुनिक प्रयोगशालाओं के बनने से छात्रों को काफी फायदा मिलेगा। इसमें छात्रों को नए-नए प्रयोग करने की सुविधा मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि विधानसभा के सभी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शिक्षण संस्थानों में आधारभूत सरंचना का विकास सुनिश्चित हो पाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार ने विधानसभा क्षेत्र के विकास तथा स्कूलों में आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षण संस्थानों का पर्याप्त प्रसार हो चुका है लेकिन अब शिक्षा की गुणवत्ता बड़ी चुनौती है। प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए इसके ढांचागत विकास पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की खूबियों व कमियों का आंकलन कर पढाई के तरीके में रचनात्मक बदलाव करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करने में होती है बल्कि वे उनको सही और गलत के बीच अंतर को समझाने और संवेदनशील नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे मौजूद

**लोक** निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता मनोहर लाल शर्मा, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा, बीडीओ श्याम सिंह, नायब तहसीलदार सीता राम, स्कूल प्रिंसिपल विजय कुमार, एसएमसी प्रधान जगरूप सिंह आदि मौजूद रहे।





साइंस ब्लॉक का शिलान्यास करते कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार (दाएं) बच्चों को सम्मानित करते हुए मंत्री।

### कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**कृषि** मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल की अधूरी इमारत का काम पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने तथा राजस्व विभाग को स्कूल की बाउंड्री सुनिश्चित करने के लिए निशानदेही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को स्कूल की अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने स्कूल में वर्ष भर के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित भी किया।

## मूमता में फंदे से झूला युवक


**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत गांव मूमता में एक 23 वर्षीय लड़के ने घर पर पंखे के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नगरोटा बगवां पुलिस थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस को इस की सूचना शुक्रवार रात करीब आठ बजे मिली थी। परिजनों ने अपने बयान में बताया है कि उक्त लड़का बीएसई, बीएड था तथा अभी चंडीगढ़ से कोचिंग लेकर लौटा था। बताया गया है कि उक्त लड़का घर पर अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था। उसकी मां जंगल में लकड़ियां लेने गई थी। वह दो बहनों का अकेला भाई था। उसका पिता बैंक में कार्यरत है। उक्त लड़के ने शुक्रवार को सायं करीब पांच या छह बजे के बीच पंखे के साथ फंदा लगा कर ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने उसका टांडा में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत गांव मूमता में एक 23 वर्षीय लड़के ने घर पर पंखे के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# धर्मशाला में आयोजित होगा हिमाचल टूरिज्म स्प्रिंग कार्निवल : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटन विभाग धर्मशाला में 25 से 29 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश टूरिज्म स्प्रिंग कार्निवाल का आयोजन करेगा।

यह जानकारी देते हुए पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन की राजधानी बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसी कड़ी में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में पर्यटकों की संख्या तीन करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इस के लिए अधोसरंचना विकसित करने के साथ साथ विभिन्न स्तरों पर पर्यटन विभाग के माध्यम से भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की कार्य योजना तैयार की गई है। वहीं, आरएस बाली ने कहा कि पहली बार आयोजित किए जा रहे हिमाचल टूरिज्म स्प्रिंग कार्निवल में पांच स्टार नाइट्स आयोजित की जाएंगी। इन पांच स्टार नाइट्स में कई प्रसिद्ध गायक पर्यटकों 'और स्थानीय नागरिकों का मनोरंजन करेंगे। इसमें वॉयस ऑफ धौलाधार प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा पहली बार ब्रास बैंड कांटेस्ट भी आयोजित किया जायेगा। इससे हिमाचल के ब्रास बैंड कलाकारों किसी सार्वजनिक मंच पर अपनी प्रतिभा दर्शाने का पहली बार मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में कलाकारों के अलग अलग ग्रुप हिमाचली नृत्य की विहंगम प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में फूड फेस्टिवल, हिमाचली कला की प्रदर्शनी और सांस्कृतिक उत्सव भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा पारंपरिक वेशभूषा फैशन शो भी आयोजित होगा।



पर्यटन विभाग की कोशिश है कि कांगड़ा जिला में निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहें जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले। आरएस बाली ने कहा कि पर्यटन विभाग के अधिकारियों को स्प्रिंग कार्निवल के सफल आयोजन के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# कुंदलीहार स्कूल में धूमधाम से मनाया सालाना समारोह



वार्षिक पारितोषिक समारोह के दौरान प्रस्तुतियां देते स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, गरली**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुंदलीहार में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। स्कूल की मुख्यध्यापिका ऊर्मिला देवी की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस समारोह मे बतौर चीफ गेस्ट देहरा के विधायक होशियार सिंह ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नाटी दा चस्का बुरा, ढोल जगीरो दा, पहाड़ी नाटी झमाकड़ा, राजस्थानी गिद्दा, पंजाबी भांगड़ा, बेटी है अनमोल, मोबाइल के कुप्रभाव व नशे के प्रति हास्य लघुनाटक की शानदार प्रस्तुतियां दी। वार्षिक समारोह के दौरान स्कूल मुख्यध्यापिका ऊर्मिला देवी शर्मा ने अपने स्कूल की गतिविधियों व अन्य भिन्न-भिन्न प्रतियोगिता में मैदान मार चुके होनहार छात्रों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। वहीं, कार्यक्रम के अंत मे चीफ गेस्ट विधायक होशियार सिंह आदि ने तमाम होनहार छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह आदि इनाम बांट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति देने बाले यहां डोल कथोग ब कुंदलीहार स्कूल के तमाम सभी बच्चों को विधायक होशियार सिंह ने अपने जेब खर्चे से दिया 500-500 रुपए इनाम।

# सीयू के विद्यार्थियों को बताया कैसे लिखें अपना रिज्यूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की ओर से डेलट्रॉन टेक्नोलॉजीज, नोएडा के सहयोग से 'रिज्यूम लेखन' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनर में तीनों परिसरों से अंतिम सेमेस्टर के 170 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



प्रकोष्ठ के निर्देशक, प्रो. मोहिंद्र सिंह ने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय का परिचय दिया तथा प्रकोष्ठ की भूमिका पर चर्चा की। वेबिनार में ट्रांसवेन कंसल्टिंग में मानव संसाधन विभाग के वीपी पूजा यादव ने विशषज्ञ के रूप में विषय पर चर्चा की। उन्होंने रिज्यूम लेखन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उम्मीदवारों द्वारा उनके रिज्यूम में किए जाने वाली सामान्य गलतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने रिज्यूम और सीवी के विभिन्न प्रारूपों को साझा किया। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ इस सत्र में प्रत्यक्ष एवं आभासीय माध्यम से विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। वेबिनर में प्रकोष्ठ के उपनिर्देशक डॉ. प्रदीप चौकसे तथा दोनों सहायक निर्देशक डॉ. मनीष एवं डॉ दिग्विजय फुकन उपस्थित रहे।

## बिजली कटों से शाहपुरवासी परेशान

**कांगड़ा।** शाहपुर में लग रहे अघोषित कट से शाहपुर वासियों के साथ-साथ यहां पर काम करवाने आ रहे बाहरी लोग भी काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। गौर तलब है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधीन आने वाली सड़क का कार्य चल हुआ है। इसके अंतर्गत सड़क के साथ लगे पेड़ों की कटाई का कार्य भी जोर से चला हुआ है। इसके लिए साथ गुजरती बिजली की तारों के कारण विद्युत आपूर्ति बंद करना वाजिब है, परंतु विद्युत आपूर्ति बंद होने की सूचना आम जनमानस को नहीं दी जाती है और यह कट कभी-कभी तो पूरे दिन के लिए होता है। इसकी जानकारी किसी को नहीं होती है। इससे शाहपुर में कार्य करवाने दूरदराज गांव से आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है इस संबंध में जब सहायक अभियंता विद्युत विक्रम शर्मा ने बताया कि दो घंटे तक बिजली आ जाएगी। उधर, अधिशाषी अभियंता विद्युत अमन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग का कार्य चला हुआ है, जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है।

# थानपुरी-सुनेहड़ में बताई सरकार की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार गीतों और नाटकों के माध्यम से किया।

कलाकारों ने ग्राम पंचायत थानपुरी एवं सुनेहड़ में सरकार की विकासनात्मक योजनाओं को लेकर जागरूक किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों एस गीत संगीत द्वारा लोगों को बताया कि सुखविंद्र सुक्खू ने मुख्यमंत्री बनते ही बाल आश्रम को सुखद आश्चर्य का दर्जा दिया। इसमें 101 करोड़ रुपए का कोष बनाया गया। इससे अनाथ बच्चों को बहुत फायदा हुआ। कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाया गया, जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलना निश्चय किया गया है।



### ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता नौ से

**धर्मशाला।** खेल नगरी धर्मशाला में एक बार फिर राष्ट्रीय आयोजन होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय करेगा। इन खेलों का आयोजन नौ फरवरी से शुरू होगा, जोकि 12 फरवरी तक आयोजित होंगी। इससे पूर्व प्रतियोगिता के आयोजन सात से दस फरवरी तक होना था, लेकिन प्रतियोगिता की तिथियों में आंशिक फेरबदल किया गया है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 320 के करीब महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग (महिला) प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन नौ फरवरी से इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में होगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए सीयू प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रतियोगिता में मैनेजमेंट और 320 खिलाड़ियों सहित करीब 450 लोग धर्मशाला पहुंचेंगे। सीयू प्रशासन प्रतियोगिता में आने वाले खिलाड़ियों सहित अन्य लोगों के ठहरने की व्यवस्था करने में जुट गया है। जबकि प्रतियोगिता को लेकर अन्य तैयारियां भी जोरों-शोरों से शुरू कर दी हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ और समापन अवसर पर आने वाले मुख्यातिथियों को न्यौते भेजे जा रहे हैं।

**अविश्वास प्रस्ताव** मौजूदा अध्यक्ष कांता देवी ने कहा-हर हाल में जीतेंगी फ्लोर टेस्ट, छह पार्षदों ने जताया था विरोध

# बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत का फ्लोर टेस्ट 20 को

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला 20 फरवरी को होगा। एसडीएम बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर ने अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी को बहुमत साबित करने के लिए 20 फरवरी 11 बजे का समय दिया।

गौरतलब है कि वीरवार को नगर पंचायत के मौजूदा अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी के विरोध में नगर पंचायत के 11 पार्षदों में से छह पार्षदों ने विरोध का बिगुल बजाते हुए जिलाधीश कांगड़ा को अविश्वास प्रस्ताव का पत्र थमा दिया था। जिलाधीश कांगड़ा ने उसी दिन एसडीम बैजनाथ को फ्लोर टेस्ट करवाने के आदेश जारी कर दिए थे। तब एसडीम बैजनाथ ने 20 फरवरी को फ्लोर टेस्ट का समय दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के मुख्य सूत्रधार वार्ड नंबर-तीन के पार्षद अमित कपूर को ही माना जा रहा है । सर्व विदित है कि कांता देवी और अमित कपूर का नगर पंचायत के गठन के समय से ही 36 का आंकड़ा रहा है। इसके लिए यह कहना भी गलत नहीं होगा कि यह बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत के अध्यक्ष से ज्यादा वर्चस्व की लड़ाई ज्यादा है। जहां तक बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत का संबंध है यहां पर नगर पंचायत के गठन के समय से ही अमित कपूर, कांता देवी, मुकेश शर्मा तथा वेदना कुमारी के परिवार तथा अनीता सूद का ही वर्चस्व रहा है। जहां तक अमित कपूर का संबंध है उन्होंने अपने दोनों चुनाव अलग-अलग वार्ड से जीते हैं इसके साथ बह छोटी उम्र में ही बैजनाथ पंचायत के प्रधान तथा उपप्रधान भी रह चुके हैं। इसी तरह पपरोला से आने वाले मुकेश शर्मा को तो बैजनाथ नगर पंचायत का चाणक्य कहा जाता है। वह भी प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत पपरोला के प्रधान रह चुके हैं। इसके साथ एक ही वार्ड से दो बार चुनाव जीत कर आए हैं। इससे साथ उनके बड़े भाई की धर्मपत्नी भी बैजनाथ नगर पंचायत की पहली अध्यक्ष रह चुकी है। पपरोला से आने वाली अनिता सूद की भी इलाके में अपनी एक अलग की छाप है। यह बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत की पहली महिला है जो ओपन वार्ड से महिला होने के बावजूद दूसरी बार चुनाव जीतकर आई इससे पहले इनके पति अनिल सूद पपरोला पंचायत के उपप्रधान भी रह चुके हैं। पूर्व में बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत की उपाध्यक्ष रही आशा कुमारी भी दूसरी बार चुनाव जीत कर आई है तथा अविश्वास प्रस्ताव के बाद उन्हें अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं पर पूर्व जिला परिषद सदस्य और भाजपा नेता तिलक राज की धर्मपत्नी रितु कुमारी भी अध्यक्ष पद की कुर्सी का एक छुपा रुस्तम साबित हो सकती है। जहां तक बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के अध्यक्ष का सवाल है यह अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। (अनंत ज्ञान)



### चुनाव करवाना बना चुनौती

**जहां** तक उपाध्यक्ष का सवाल है इस पर अनीता सूद की दावेदारी काफी हद तक मजबूत मानी जा रही है। पर इसके बावजूद 20 फरवरी को पहले कांता देवी को हटाना अमित कपूर और उनके साथियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि कांता देवी भी वह हस्ती है जिन्हें हटाना इतना आसान नहीं है ।

### चुनाव जीतकर मनवा चुकी है लोहा

**इसी** तरह मौजूदा अध्यक्ष कांता देवी भी दो बार पंचायत की प्रधान रह चुकी है तथा ओपन वार्ड में भी नगर पंचायत का चुनाव जीतकर अपना लोहा मनवा चुकी है। जहां तक वेदना कुमारी का संबंध है बह नगर पंचायत का चुनाव तो पहली बार जीती है परंतु उनके पति बालकृष्ण बंटी नगर पंचायत के पार्षद रहने के साथ-साथ बीडीसी सदस्य तथा वार्ड पंच भी रह चुके हैं।

# बिजली कट ने रोके ऑपरेशन

## सिविल हॉस्पिटल तीसा में तीन दिन से विद्युत आपूर्ति ठप, जनरेटर की भी व्यवस्था नहीं

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र को वैसे तो हर आधुनिक सुविधा से जोड़ने के पूर्व व वर्तमान सरकार द्वारा वादे किए जाते रहे है, लेकिन यहां आज भी मूलभूत सुविधाओं से क्षेत्रवासियों को वंचित रहना पड़ रहा है। जिसका ताजा उदाहरण सिविल हॉस्पिटल तीसा में देखने को मिला।




चिकित्सालय में लचर व्यवस्थाओं का शिकार होने से तीन दिनों तक बिजली गुल रही। जिसके चलते रोगियों से लेकर चिकित्सालय प्रबंधन को मुश्किलों के दौर से दो-चार होना पड़ा। गौर हो कि तीन दिनों तक चिकित्सालय तीसा में बिजली की आपूर्ति बाधित रहने के कारण तीसा में होने वाले जहां कई सामान्य ऑपरेशन रूक गए, वहीं गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी इमरजेंसी लाइटों के सहारे करवानी पड़ी। यह आलम चिकित्सालय के वार्डों व ओपीडी कक्षों में भी देखने को मिला जहां इमरजेंसी लाइट या कैंडल के सहारे चिकित्सक व स्टाफ अपनी सेवाएं देते नजर आए।

वहीं विभागीय प्रयोगशालाओं में होने वाले खून व एक्स-रे टेस्टों का सिलसिला भी बत्ती गुल होने के कारण रूका रहा। जिसके कारण बिना रिपोर्ट के चिकित्सक भी रोगियों को महज प्राथमिक उपचार देने तक ही विवश रहे।

जहां ताजा हिमपात के कारण इस व्यवस्था से बिजली बोर्ड के खराब मौसम में बिजली मुहैया करवाने की पोल खुली तो वहीं चिकित्सालय प्रबंधन भी इस तरह के आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में कहीं न कहीं बोना सिद्ध हुआ है। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा चुराह जैसे क्षेत्र में सर्द ऋतु के हालातों से वाकिफ होने के बावजूद आज दिन तक जनरेटर तक नहीं लगवाया गया है ताकि खराब मौसम में अस्थायी विद्युत व्यवस्था हो सके ताकि चुराह क्षेत्र के रोगियों को उपचार सेवाएं खराब मौसम में भी मिल सकें। (अनंत ज्ञान)


सिविल हॉस्पिटल तीसा। फाइल फोटो

- मरीजों और चिकित्सकों को करना पड़ा परेशानियों का सामना
- विभागीय प्रयोगशालाओं में टेस्ट भी नहीं हुए



बीते तीन दिनों से चिकित्सालय में बिजली की आपूर्ति बाधित रहने से चिकित्सालय प्रबंधन व रोगियों को मुश्किल के दौर से गुजरना पड़ा है। जिसके चलते कई टेस्ट व एक्स-रे आदि का कार्य प्रभावित रहा। चिकित्सालय में जनरेटर के लिए विभाग से पत्राचार किया गया है।

**-डॉ. ऋषि पुरी, खंड चिकित्सा अधिकारी, तीसा।**

# खड़ामुख-होली-सुरेही मार्ग 14 घंटे रहा बंद, यात्री हुए परेशान


## भारी लैंड स्लाइड के कारण बंद हुआ मार्ग, वाहनों का लगा जाम

**ओपी शर्मा, भरमौर**

खड़ामुख-होली-सुरेही मार्ग एडिट छह के समीप भारी लैंड स्लाइड के चलते शनिवार को 14 घंटे बंद रहा। सड़क के बंद हो जाने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही।

भारी लैंड स्लाइड से बंद हुई सड़क के कारण लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार उक्त सड़क शुक्रवार करीब रात 12 बजे भारी लैंड स्लाइड के चलते भारी भरकम चट्टाने सड़क पर आ गिरी। जिसके कारण इस मार्ग पर सभी प्रकार की वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। जिसके चलते 14 घंटे इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप रहा। हालांकि शनिवार दोपहर दो बजे के बाद लोक निर्माण विभाग व जेएसडब्ल्यू कंपनी ने कड़ी मशक्कत के बाद इस मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया।

गौरतलब है कि हाल में हुई भारी बारिश व बर्फबारी के कारण इस मार्ग में जगह-जगह भारी लैंड स्लाइड हो रहा है। जिसके कारण खड़ामुख-होली मार्ग कभी भी बंद हो रहा है। लैंड स्लाइड के कारण बंद हुई सड़क से कई लोग समय से अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए, तो वहीं पर कई लंबे रूट की बसें भी सड़क के आर पार फंसी रही। बहरहाल दोपहर बाद रोड खोलने के बाद यात्रियो व लोगों ने राहत की सांस ली है। (अनंत ज्ञान)


लैंड स्लाइड के कारण सड़क पर गिरी भारी भरकम चट्टानें।

## न्यूज ब्रीफ

### अच्छाई व नेकी के मार्ग का अनुसरण करें

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड में स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाया और शनिदेव के दर्शन किए। मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने शनि भक्तों को शनि महिमा से अवगत करवाया। शनि महिमा पाठ प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी शर्मा ने बताया कि सत्य, अहिंसा व नेकी की राह पर चलने वाले भक्तों पर सदैव शनिदेव की रहम दृष्टि बनी रहती है। जबकि लोभी व हिंसा के शिकार मनुष्य शनि प्रकोप दृष्टि का शिकार होते है। इसलिए हे भक्तों शनिदेव महिमा पाठ में बताई गई घटनाओं से सबक लेते हुए अपने जीवन में अच्छाई एवं नेकी के मार्ग का अनुसरण करें। इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से दिनभर भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई व दर्शन किए।

### भरमौर की पहाड़ियों पर फिर बर्फबारी


भरमौर की ऊंची पहाड़ियों पर हुई ताजा बर्फबारी का नजारा।

**भरमौर।** भरमौर की ऊंची पहाड़ियों में शनिवार को एक बार फिर से ताजा बर्फबारी हुई। शुक्रवार के मौसम साफ रहने के बाद यहां एक बार फिर शनिवार सुबह से ही मौसम में अपना मिजाज बदल लिया। इसके बाद जनजातीय क्षेत्र भरमौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दोपहर बाद फिर से बर्फबारी शुरू हो गई तो वहीं पर निचले क्षेत्रों में बारिश के कारण फिर से मौसम ठंडा हो गया। बर्फबारी के कारण यहां पर एक बार फिर लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। दो दिन पहले हुई बारिश व बर्फबारी के कारण यहां के पहाड़ पूरी तरह से बर्फ से लकदक हो गए हैं। शनिवार को एक बार फिर मौसम के करवट बदलने के बाद दोबारा से पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी शुरू होने से सामान्य जीवन एक बार फिर पटरी से उतर गया है। हालांकि लोगों का कहना है कि अभी तक भी उम्मीद के मुताबिक बर्फबारी नहीं हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है की जितनी अधिक बारिश व बर्फबारी होगी उतनी ही अच्छी सेब की पैदावार होगी। यह बर्फ सेब के लिए वरदान मानी जा रही है। वहीं विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाले दुर्गम क्षेत्र पांगी में भी दोपहर बाद बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया। यहां पर अभी तक हाल में ही हुई बारिश व बर्फबारी के कारण सामान्य जीवन पटरी पर लौटा भी नहीं था कि दोबारा से बर्फबारी और बारिश का क्रम शुरू होने से लोगों की मुसीबतें एक बार फिर से बढ़ गई है। यहां पर लोगों को बिजली और पानी की समस्या से भी दो-चार होना पड़ रहा है।वहीं एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि भरमौर प्रशासन किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा है कि यहां पर सभी विभागों को बारिश व बर्फबारी की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने को कह दिया गया है।

### खराब मौसम के कारण बंद हुए काम

**डलहौजी।** विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत, पुखरी व ढलोग में सभी चल रहे विकास कार्यों पर बर्फबारी ने रोक लगा दी है। बीडीसी सदस्य सलीमा कुमारी ने बताया कि तीनों पंचायत के क्षेत्र में हुई ताजा बर्फबारी व खराब मौसम के चलते लगभग सभी छोटे-बड़े कामों पर रोक लगा दी गई है। जब तक मौसम पूरी तरह से साफ नहीं हो जाता तब तक विकास कार्यों पर रोक रहेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी की गई चेतावनी के अनुसार मंगलवार तक भारी बर्फबारी एवं बारिश है। इसलिए इन तीनों पंचायतों के छोटे-बड़े सभी कामों को मौसम के पूरी तरह से साफ हो जाने तक रोका गया है।

# युवाओं से रोजगार के नाम पर छल कर रही केंद्र सरकार : भंडारी

## पत्रकार वार्ता में कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के को-ऑर्डिनेटर ने जड़ा आरोप

**एमएम डैनियल, चंबा**

केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर छल किया जा रहा है। अग्निवीर योजना को लागू कर न केवल युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया बल्कि सेना के सिस्टम के ढांचे को भी बिगाड़ कर रख दिया है। केंद्र में बैठी पीएम मोदी सरकार जनता की बजाय अपने स्वार्थ साधने को उतारू है।

यह आरोप भारतीय कांग्रेस कमेटी के कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के को-ऑर्डिनेटर निगम भंडारी ने चंबा में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान जड़े। भंडारी ने कहा कि लोक चुनाव कांग्रेस के लिए कार्यकर्ता लड़ेंगे। वहीं इस दिशा में भाजपा के लिए ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग, आयकर व अडानी चुनाव लड़ते है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हिमाचल दौरे पर सवाल करते हुए निगम भंडारी ने कहा कि भाजपा नेता दिल्ली से हिमाचल प्रदेश के युवाओं को जो संदेश ले कर आए है उसे फौज भर्ती में भाग लेने वाले युवाओं से जरूर साझा करें। यदि चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की बात करें तो हैरानी की बात है कि भाजपा पार्टी से चुने गए सांसद चंबा व कांगड़ा जिला का प्रारंभिक वर्ष के बाद दौरा करना ही भूल गए। वहीं आपादा की घंडी में वे न कांगड़ा में और न ही चंबा संसदीय क्षेत्रों में पीड़ितों का कुशलक्षेम लेने पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि सांसद किशन कपूर को लाखों वोटों से जीता कर चंबा की जनता ने भेजा था, पांच सालों तक जनता के बीच गैर हाजिर रहने का सवाल जो जनता उनसे कर रही है लेकिन न वह और न भाजपा इस सवाल का जनता को जवाब दे रहे है। इस मौके पर जिला कांग्रेस अग्रणी संगठनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


चंबा में शनिवार को पत्रकार वार्ता करते निगम भंडारी।

# टुंडी में करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**नागेश, सिहुंता**

भटियात विस क्षेत्र की टुंडी पंचायत में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना चुवाड़ी दल ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुवाड़ी भिजवाया गया। 57 वर्षीय गगन राम पुत्र थोवो राम गांव बाडी पंचायत टुंडी का स्थायी निवासी है। मृतक अपने घर से मवेशियों को चराने के लिए निकला था। जब वह समोट लिंक रोड के निचले क्षेत्र में चारा काट रहा था तभी वृक्ष के साथ गुजरती एचटी लाइन की चपेट में आ गया। जिसके चलते तारों के साथ फंस गया। उक्त व्यक्ति के चिल्लाने पर आस पास के लोगों द्वारा राहत-बचाव कार्य आरंभ करने का प्रयास किया। वहीं मामले की सूचना पुलिस विद्युत उपमंडल चुवाड़ी को दी। पुलिस थाना प्रभारी रमन चौधरी ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# बस की ब्रेक फेल, चपेट में आया एक ट्रक और दो कारें

- पठानकोट-भरमौर एनएच पर सुकडाईबांई में हादसा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय मार्ग 154 ए पर उसे समय खलबली मच गई जब हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस गांव सुकडाईबांई में सड़क किनारे खड़े ट्रक व दो कारों से जा टकराई। हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। यह हादसा शनिवार सुबह करीब 10 बजे हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पठानकोट से डाक लेकर बनीखेत पहुंची निगम की बस का स्टेयरिंग अचानक से खराब हो गया। बनीखेत में मरम्मत के बाद चालक-परिचालक और मैकेनिक बस को लेकर चंबा वर्कशॉप की ओर बस को ले जा रहे थे कि सुकड़ाईबाई नामक स्थान पर पहुंचने पर बस की अचानक से ब्रेक फेल हो गई और बस की स्पीड भी बढ़ गई। बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए हाई-वे किनारे खड़े ट्रक के साथ बस की टक्कर करवा दी। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इस हादसे में सड़क किनारे ट्रक एवं कारों का नुकसान हुआ है। एचआरटीसी के बस चालक, ट्रक व कार मालिकों के आपसी समझौते के चलते किसी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। गनीमत यह रही की अगर यहां आस-पास ट्रक न होते तो कुछ ही दूरी पर सुकडाईबांई का मुख्य बाजार जो व्यस्त बाजार है वहां कोई जानी नुकसान हो सकता था।



# बड़े चरस तस्कर पुलिस की पहुंच से अभी भी हैं बाहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चरस से लेकर चिट्टे के करोड़ों रुपए के काले कारोबार की कालिख भले ही जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों पर पोती जाती रही हो मगर इस कालिख से करोड़ों कमाने वाले पड़ोसी राज्यों के बड़े तस्कर व्यापारी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। तस्करी की जड़ें खोदने का तरीका ढूंढ रही पुलिस अब तक सिर्फ चरस डाक पहुंचाने वालों को गिरफ्तार करने से आगे नहीं बढ़ पा रही है।

गौर हो कि चंबा में सामने आए अब तक चरस से लेकर चिट्टा तस्करी के मामले में पुलिस के हाथ लगी एक कड़ी का दूसरा सिरा प्रदेश के बाहर जुड़ रहा है तो इसकी जड़ें उस इलाके में हैं जहां से चरस खरीदी गई मगर अन्य मामलों की तरह ही पुलिस ने इस मामले में भी न तो जड़ें खोदने की कोशिश की है और न ही सिरे पर पहुंच कर मुख्य सरगना को दबोचने की कोई योजना बनाई है। चुराह को चरस तस्करी के गढ़ के रूप में जाना जाता है। जिसमें चरस 95 प्रतिशत मामलों में गिरफ्तार आरोपी चुराह से ही संबंधित होते हैं। जाहिर है चुराह के ऊंचाई वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर चरस की खेती होती है और लोग यहां से चरस को सप्लाई करने के लिए प्रदेश के बाहर दूसरे जिलों में बैठे बड़े व्यापारियों तक ले जाते हैं। जितेंद्र चौधरी डीएसपी पुलिस हेडक्वाटर चंबा का कहना है कि जिला पुलिस हर मामले की गहनता से छानबीन करती है। कई बार चरस या चिट्टा तस्कर पड़ोसी राज्यों के पकड़े जाने पर वहां की पुलिस का पूर्ण सहयोग न मिलने से जांच अधूरी रह जाती है। इस दिशा में पिछले मामलों की छानबीन से कड़ा संज्ञान लेते हुए पुरानी कार्यप्रणाली से बाहर निकल कर जांच आरंभ की गई है। जिसमें आशा है कि आगामी समय में कई बड़े तस्कर बेनकाब हो सकते है।

# लोकसभा चुनाव को एकजुट होकर करें काम

## चंबा में कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं का आह्वान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह चंबा में कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष कमल ठाकुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय कांग्रेस कमेटी के कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के को-ऑर्डिनेटर निगम भंडारी ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई।

वहीं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनाभ सिंह पठानिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा करतार ठाकुर, मुकेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू कुमारी, महासचिव रजनी शर्मा, अग्रणी संगठनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों में लियाकत अली, सुरेश, अरुण शर्मा, संजय, अनिल कुमार एवम अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक में निगम भंडारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव आगामी दो माह में कभी भी घोषित हो सकते है। जिसके तहत अभी से हर पदाधिकारी, सदस्य व कार्यकर्ता को कमर कसनी होगी।

जिसके लिए पार्टी द्वारा लोस चुनाव के लिए कुछ कार्य प्रणाली, क्षेत्र गतिविधियों को निर्धारित किया गया है। जिसके अनुरूप ही सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर कमेटियों का गठन, जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय कमेटियों में सक्रिय कार्यकर्ताओं व सदस्यों का दायित्व सुनिश्चित करना होगा। वहीं प्रदेश सरकार की एक वर्ष की जनकल्याण नीतियों को उजागर करना होगा।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का झूठा सपने जो दिखाने सहित महंगाई व भ्रष्टाचार सहित कई क्षेत्रों का निजीकरण कर देश की आर्थिकी को कमजोर किया है इन बातों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। ताकि महंगाई व बेरोजगारी की जननी केंद्र सरकार को 2024 के लोस चुनाव में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने सहित कांग्रेस पार्टी को वापस सत्ता में लाया जा सके। इस मौके पर जिला, ब्लाक, युवा, महिला कांग्रेस पार्टी सहित कांग्रेस अग्रणी संगठनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


भारतीय कांग्रेस कमेटी के कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के को-ऑर्डिनेटर निगम भंडारी का स्वागत करते कांग्रेसी।

# भरमौर के प्रभावितों को जल्द जारी की जाए 'लाडा' की जमा राशि

## एचआरटीसी के निदेशक ने मंत्री जगत सिंह नेगी से उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर की 15 पंचायतों को परियोजनाओं द्वारा एक प्रतिशत लाडा की जमा राशि को पंचायत में वितरित न करने के लिए एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी से शिमला में जाकर मुलाकात की है।

उन्होंने उक्त राशि को जल्द से जल्द प्रभावित परिवारों के खाते में डालने की गुहार मंत्री से लगाई है। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि चमेरा चरण तीन से प्रभावित हुए लगभग 5500 परिवारों को पिछले तीन वर्षों से 27 करोड़ की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। लिहाजा इस राशि के भुगतान न हो पाने के कारण इन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मंत्री ने सौर ऊर्जा निदेशालय से रिपोर्ट मंगवाई है और जल्द से जल्द इस राशि को प्रभावित लोगों के खातों में डालने के आदेश भी दिए हैं। इस बारे में शिकायत मिलने पर मंत्री ने ऊर्जा निदेशालय को संबंधित फाइल लेकर तुरंत से तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर के लगभग 5500 परिवार चमेरा चरण तीन विद्युत परियोजना के दौरान प्रभावित जोन में आए थे। लिहाजा इन लोगों को हर वर्ष एक प्रतिशत जमा राशि हर वर्ष खाते में डाली जाती है, लेकिन 2020 के बाद यह राशि अभी तक प्रभावित लोगों के खाते में नहीं डाली गई है। लिहाजा इसके कारण प्रभावित लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत लोगों ने एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी से भी की है। लिहाजा उन्होंने इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए इसकी संपूर्ण डिटेल बनाकर मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री को सौंपी है। उन्होंने कहा है कि उक्त राशि पिछले तीन सालों से पेंडिंग पड़ी लाडा की 27 करोड़ की राशि का प्रभावित 5500 परिवारों को जल्द से जल्द भुगतान हो जाएगा।


लाडा के अध्यक्ष एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी से मुलाकात करते एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी।

**धर्म** | चंबा के राज वंशज आज भी करते हैं मां की सेवा, दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

# आस्था का प्रतीक है नैनीखड्ड का ऐनन माता मंदिर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

भटियात-डलहौजी विस क्षेत्रों एवं पड़ोसी राज्य जम्मू कश्मीर की सीमा पर माता ऐनन का प्राचीन मंदिर स्थित है। जहां हिमाचल सहित पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु भी अपनी मनोकामनाएं लेकर हजारों की संख्या में यहां पहुंचते है। यह ही नहीं जिला चंबा के राजवंशज भी रियासतकाल से लेकर वर्तमान समय तक माता ऐनन के दरबार में सेवा देना नहीं भूलते है।

माता ऐनन की सेवा हजुरी की रियासतकाल से चली आ रही राजवंश रस्म को आज राज परिवार निर्वाह कर रहे है। यह मंदिर भटियात-डलहौजी विस क्षेत्रों एवं पड़ोसी राज्य जम्मू कश्मीर की सीमा पर नैनीखड्ड-खैरी मुख्य मार्ग पर स्थित है। एनएच 154 ए पर स्थित गांव नैनीखड्ड से लगभग 10 किलोमीटर एवं खैरी से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मंदिर की सुंदरता अपने आप में ही देखने को बनती है। मंदिर के एक ओर झरना, दो नालों का संगम मंदिर की शोभा को चार-चांद लगा देता है, वहीं मंदिर में माता ऐनन मां कालका एवं मल्लमाता के रूप में साक्षात मूर्ति के रूप में विराजमान है। जहां माता के इस स्वरूप के दर्शन मात्र से ही श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं सिद्ध हो जाती हैं। इस मंदिर के सेवादार एवं ऐनन माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शेर सिंह ने बताया कि माता भवानी श्री ऐनन जी कालका एवं मल्लमाता की ऐसी ऐतिहासिक गाथा है जिसका कोई अंत नहीं है।

उन्होंने कहा कि पूर्वजों के अनुसार सैकड़ों सदियों पूर्व जब गुरु गोरखनाथ अपने देवी-देवताओं एवं अनुयायियों व शिष्यों की मंडली के साथ यहां आए थे। जिन्होंने जहां आज मंदिर स्थापित है वहां खड्ड के किनारे डेरा लगाया। अगले दिन जब गोरखनाथ अपनी मंदिर मंडली सहित प्रस्थान करने लगे तो मां भवानी जो गोरख मंडली का एक अहम हिस्सा थी, उन्होंने जाने से इंकार कर दिया और माता इसी स्थान पर रुक गई। धीरे-धीरे मां की महिमा बढ़ने लगी और लोगों में मां के प्रति आस्था बढ़ती गई। जैसे-जैसे किसी श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है तो वह मंदिर में चिन्ह के रूप में एक त्रिशूल अर्पित कर देते है। बुजुर्गों के अनुसार जब सतयुग में यहां के आसपास गांव के अपने पशु मवेशियों को चराने जाया करते थे तो उस दौरान मां बच्चों के साथ खेला करती थी। मान्यता है कि कई बार बच्चों के बीमार होने या चोटग्रस्त हो जाने पर मां अपने स्पर्श मात्र से ही उन्हें ठीक कर दिया करती थी। (अनंत ज्ञान)

### राजा वर्मन वंश के साथ यहां आई थी माता



माता ऐनन जी का मूल स्थान जम्मू कश्मीर राज्य के गांव सुकराला में है। माता का वास्तविक रूप दुर्गा का ही है यहां से माता आई हैं वहां पर उनकी मूर्ति विशेष अर्थात संगम रूपी इनका एक हिस्सा देवी कालका का है तो वहीं दूसरा हिस्सा देवी मल्ल रानी का है। देवी मां माल रानी और कालका जी दोनों सखी सहेलियों के रूप में विराजमान हैं। वहीं सुकराला वाली मां चंबा के राजा वर्मन वंश के साथ यहां आई थी तब मां ने तत्कालीन राजा को यह वर दिया था कि हे राजन आज के बाद मैं तेरी रियासत के हर घर में माता मल्ल के रूप में पूजनीय रहूंगी और तेरी रियासत से अगर कोई कन्या दूसरी रियासत में बिहाई जाएगी तो मैं उसके साथ ही रहूंगी।

### आस्था का प्रतीक

माता ऐनन मंदिर को लेकर चंबा राजवंश की बहू पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक आशा कुमारी ने बताया कि ऐनन माता मंदिर क्षेत्र के सभी लोगों की आस्था का प्रतीक है। मंदिर में साक्षात कालका मल्ल माता रूप को वह कोटि कोटि नमन करती है। राजवंश परिवार द्वारा आरंभ की गई माता ऐनन की सेवा की रस्म को वह परिवार सदस्य होने के नाते एवं मां आशीर्वाद के तहत निर्वाह करने का प्रयास कर रही हूं। उन्होंने कहा कि माता रानी ने उन्हें इस काबिल समझा कि मैं उनकी कुछ सेवा कर सकूं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न



एनएसएस के आवासीय विशेष शिविर के समापन पर मौजूद स्वयंसेवी व अन्य।

**सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर में शनिवार को एनएसएस का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार ने शिरकत की। मुख्यातिथि का डॉ. कविता शर्मा, राजमल राणा सहित स्वयंसेवियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर संजय शर्मा विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारियों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। बौद्धिक सत्र में नरेश कुमार डीवायएसओ, ओलंपियन आशीष चौधरी, ब्रह्माकुमारी संस्थान से शिवानी व सोनिया, कमलेश कुमार, आशीष पठानिया विशेषज्ञ साइबर क्राइम सेल, डॉ. अजीत कुमार, प्रवक्ता संस्कृत राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान कर स्वयंसेवियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### राम मंदिर का श्रेय लाल कृष्ण आडवाणी को

**सुंदरनगर।** भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न देने की घोषणा पर प्रदेश के पूर्व वन मंत्री रूप सिंह ठाकुर ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति को नई दिशा देने का श्रेय पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को ही जाता है। अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का श्रेय भी लाल कृष्ण आडवाणी को ही जाता है। रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लाल कृष्ण आडवाणी केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री बने थे और वह पहली बार सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। उस समय से ही उनका उनके साथ संपर्क रहा है और आज भी है। रूप सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने भारत रत्न देने की घोषणा कर लाल कृष्ण आडवाणी को जो सम्मान दिया है उससे लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

### जूनियर बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता मई में



बैठक के दौरान उपस्थित जिला मंडी बाल बैडमिंटन संघ के सदस्य।

**मंडी।** जिला मंडी बाल बैडमिंटन संघ की कार्यकारिणी की बैठक बीएल गोयल की अध्यक्षता में बलद्वाड़ा में संपन्न हुई। बैठक में संतोष कुमार, सुरेश कुमार, जोगिंद्र सिंह, आरके भारद्वाज, मदन सिंह ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र सिंह, रितिका, टीना शर्मा व केसी ठाकुर ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए मंडी जिला की सब जूनियर व जूनियर बाल बैडमिंटन लड़कों व लड़कियों की प्रतियोगिताएं मई 2024 में करवाई जाएगी। राज्य स्तरीय जूनियर बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता भी मई में उच्च पाठशाला मटियारा तहसील बलद्वाड़ा मंडी के खेल मैदान में करवाई जाएगी।

### भाजपा के दुष्प्रचार को पहुंचाएंगे जन-जन तक

**मंडी।** सदर कांग्रेस समिति की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पटियाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें कांग्रेस पार्टी की पूर्व प्रत्याशी व जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, जिला कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी तोश कुमार, चंद्रमणि वर्मा, राम लाल शर्मा, खुशहाल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मंडी सदर ब्लॉक के महिला विंग, यूथ, शहरी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। बैठक में प्रस्ताव के माध्यम से सरकार व संगठन का धन्यवाद किया गया तथा मनोनीत पार्षद, मंडी में दो पुलों के लिए बजट का उचित प्रावधान, थाना प्लौन प्रोजेक्ट तथा मंडी के विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद किया। बैठक को राजेंद्र नरेश राणा, तुलसी राम, लेख राज, तोश कुमार, राम लाल शर्मा, प्रकाश, सिद्धार्थ आदि ने संबोधित किया। बैठक में कहा गया कि भाजपा के दुष्प्रचार को जन-जन तक पहुंचाने, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया पर हिंदुओं के सार्वभौमिक गुरुओं शंकराचार्यों का अपमान करना, शंकर भगवान की गद्दी का अपमान करना आदि बातों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

### वुशू कप के लिए कंसा में आज होंगे ट्रायल

**नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश वुशू संघ द्वारा फेडरेशन वुशू कप-2024 के लिए ट्रायल चार फरवरी को वुशू एक्सीलेंस सेंटर कंसा में लिए जाएंगे। संघ के उपाध्यक्ष एवं महासचिव हिमाचल प्रदेश वुशू संघ पीएन आजाद ने बताया कि फेडरेशन वुशू कप-2024 इंडोर स्टेडियम रांची में 22 से 25 फरवरी तक होगा। ट्रायल 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए होगा, जिसमें सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता के लिए पुरुष एवं महिला भाग ले सकते हैं। ट्रायल वुशू के सांसू व तालू प्रतिस्पर्धा के लिए ही होगा। ट्रायल लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय कोच राकेश हलदार आ रहे हैं।

### जिला योजना समिति की अधिसूचना जारी

**मंडी।** योजना विभाग द्वारा मंडी जिला के लिए लगभग डेढ़ सौ सदस्यों की जिला योजना, विकास व 20 कार्यक्रम रिव्यू कमेटी के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इस समिति में उपयुक्त व सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी पदेन सदस्य होंगे जबकि एडीसी इसमें सदस्य सचिव होंगे। समिति के अध्यक्ष विधायक चंद्रशेखर का मनोनयन पहले ही कर दिया है।

# जोगिंद्रनगर की जनता की सेवा करना प्रथम कर्तव्य

## चतुर्भुजा माता मंदिर रोड के भूमि पूजन के दौरान बोले जीवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने शनिवार को लड़वान से चतुर्भुजा माता मंदिर रोड का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि वह राजनीति में जन सेवा के उद्देश्य से आए हैं और जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा करना उनका प्रथम कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि वह यह बात नहीं भूले हैं कि किस प्रकार से यहां की जनता ने उन्हें जिला परिषद चुनाव में सहयोग देकर विजय बनाया था। जोगिंद्रनगर वि धानसभा क्षेत्र के विकास के लिए जो भी संभव हो सकेगा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को सुखविंद्र सिंह सुक्खू के रूप में ऐसे मुख्यमंत्री मिले हैं


भूमि पूजन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर, एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी, जेपी नायक अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग व अन्य।

जो एक गरीब परिवार से संबंध रखते हैं और उससे बड़ी बात की वह प्रदेश की गरीब जनता की भावनाओं को समझते हैं। इस अवसर पर एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जेपी नायक, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग राकेश कुमार, खंड विकास अधिकारी सरवन, इंद्र सिंह प्रधान पीपली, पवन उपप्रधान पीपली पंचायत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरव ठाकुर, धीरज सूद प्रवक्ता यूथ कांग्रेस, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र पाल, प्यार चंद पार्षद, रंजन शर्मा पार्षद, प्रधान द्राहल संजीव कुमार, प्रधान तरैबली नरेंद्र कुमार, प्रधान बुहला भडयाडा संजय कुमार, प्रधान पसल गोल्डी, प्रधान सिमस विवेक जस्वाल, प्रधान पिहड बेहडलू रेणु देवी, बीडीसी ढेलु जोगिंद्र पाल,भगवान दास, संजय ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, लेखराज, संजय कुमार, इंद्र पाल, रणवीर, राजेश कुमार, राहुल ठाकुर, अभिषेक कपूर, अक्षय, लक्की, मदन, अश्वनी, राजिंद्र, दीपक, साहिल, किंशुक शर्मा, अजय ठाकुर, राहुल ठाकुर, अभिषेक, विशाल ठाकुर, महिला मंडल, युवक मंडल आदि मौजूद रहे।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत


समारोह के दौरान मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधानाचार्य।

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला द्रुब्बल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पाठशाला प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमें प्रदेश में ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जो एक सामान्य एवं गरीब परिवार से संबंध रखता है व सभी वर्ग के लोगों की परवाह उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा बढ़ते हुए नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिससे जोगिंद्रनगर भी अछूता नहीं है। आज जोगिंद्रनगर के युवा भी चिट्टे के नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो की बहुत गलत है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है ताकि उनके बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। उन्होंने स्कूल के बच्चों द्वारा खेलों में प्राप्त की अनेक उपलब्धियों की भी प्रशंसा की और स्कूल की अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे होनहारों को इनाम भी बांटे।

## नलसर स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह, छात्रों को इनाम बांटे


बच्चों को सम्मानित करते विधायक इंद्र सिंह गांधी।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नलसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक बल्ह इंद्र सिंह गांधी उपस्थित हुए। उन्होंने शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

प्रधानाचार्य धना रावत ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं इंटरनेशनल जूनियर क्रिकेट मैच जो कि साउथ अफ्रीका में हुआ उसमें स्कूल के छात्र दिव्यांश ने भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किया उसके लिए उसे सम्मानित किया।

उन्होंने मंच के निर्माण के लिए एक लाख, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश करने वाले बच्चों के लिए विधायक निधि से 11 हजार तथा स्थानीय पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए तीन लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर मैनेजिंग कमेटी के चीफ एडवाइजर हेम सिंह राणा, पीटीए प्रधान पूर्ण चंद शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अयोध्या व वृंदावन के लिए चलाई जाएं निगम की बसें

**मंडी।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अब प्रदेश के सभी निवासियों को राम मंदिर के दर्शन की इच्छा को सामने रखते हुए यह अति आवश्यक है कि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम 0प्रदेश के जिला मुख्यालयों से तथा अन्य उचित स्थानों से एचआरटीसी की बसों को अयोध्या तक जाने की व्यवस्था करें। इसके साथ ही वृंदावन के लिए भी सीधी बस सेवा चलनी चाहिए। यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कही। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि वह अपने संगठन की तरफ से एचआरटीसी के एमडी तथा मुख्य सेक्रेटरी प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर मांग करेंगे कि वह उपयुक्त स्थान से अयोध्या व वृंदावन के लिए बसें शुरू करें।

## डीएवी स्कूलों में अध्यापक बनने के लिए अब पीई कार्ड अनिवार्य

### डीएवी प्रबंध समिति ने नियुक्ति को लेकर बदली व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

डीएवी स्कूलों में अध्यापक का साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थियों के पास अब प्रोविजनल एलिजिबिलिटी पी कार्ड होना आवश्यक है। कार्ड के लिए अभ्यर्थियों को पहले डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति की और से आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा पास करनी होगी। समिति की ओर से परीक्षा के आयोजन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 फरवरी तक डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति की वेबसाइट पर इसके लिए पंजीकरण कर सकते हैं परीक्षा की तिथि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद घोषित की जाएगी। डीएवी प्रबंधन की ओर से अध्यापकों की नियुक्तियां करने को लेकर नई



व्यवस्था शुरू की गई है। इसका उद्देश्य स्कूलों में अधिक से अधिक योग्यता वाले अध्यापकों की नियुक्ति करना है। नई व्यवस्था के अनुसार अभ्यर्थियों को davrecruit.davcmc.in पर अपना पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के साथ बीएड, सीटेट, टेट अनुभव सहित अन्य शैक्षणिक योग्यताओं के दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। इसके बाद अभ्यर्थियों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। जिसकी सूचना अभ्यर्थी को फोन, ईमेल आदि के माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को डीएवी प्रबंधन की ओर से पीई कार्ड दिया जाएगा। इस पीई कार्ड की वैधता तीन साल की होगी। तीन साल के भीतर कार्ड धारक अभ्यर्थी किसी भी डीएवी स्कूल की ओर से आयोजित किए जाने वाले शिक्षक साक्षात्कार में भाग ले सकेगा। संजय ठाकुर प्रधानाचार्य डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर ने बताया कि डीएवी प्रबंधन की ओर से अपने सभी स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्तियों को लेकर नई व्यवस्था शुरू की गई है। अध्यापकों के लिए साक्षात्कार में भाग लेने के लिए पीई कार्ड अनिवार्य किया गया है कार्ड के लिए डीएवी की ओर से आयोजित की जाने वाली पात्रता परीक्षा पास करनी होगी।

## नगर निगम के द्वार से ही झलकेगी स्वच्छता और संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर की स्वच्छता का संदेश देने वाली दूसरी दीवार पर भी पेंटिंग का कार्य शुरू हो गया है। नगर निगम परिसर के मुख्य द्वार के साथ वाली दीवार पर तीन संदेश एक बार में देखने को मिलेंगे जिसमें स्वच्छता, संस्कृति और पर्यावरण का संदेश मिलेगा।

कैलीग्राफी आर्टिस्ट संजना लामा ने बताया की संस्कृति में मंडी जिला और शहर की संस्कृति को दर्शाया जाएगा और पर्यावरण में पौधरोपण और पेड़ पर्यावरण के लिए कितने आवश्यक है साथ ही स्वच्छता में कैसे चीजों का पूर्ण निर्माण किया जाता है और गीला और सूखा कूड़ा क्यों हमें अलग-अलग देना चाहिए के बारे में बताया जाएगा। बता दें की मंडी में स्माइल हिमाचल संस्था के सौजन्य से यह कार्य किया जा रहा है जिसमें संजना लामा कैलीग्राफी आर्टिस्ट जो कि



नगर निगम की मुख्य दीवार पर चित्रकारी करती चित्रकार।

असम की रहने वाली है और मंडी में पिछले काफी समय से रह रही है। संजना लामा व्यक्तिगत तौर पर इस कार्य को बिना किसी शुल्क के कर रही है।

जिसमें पहले सेरी मंच के साथ लगती पौड़ियों पर एक पेंटिंग की जा चुकी है। उन्होंने बताया की करीब दो दिनों में दूसरी दीवार भी पूरी तरह पेंट हो जाएगी। उनका कहना है कि मंडी शहर से उन्हें बहुत लगाव है और शहर को और सुंदर बनाने के लिए पहले से ही इच्छा थी, इसलिए इस बारे में पहले नगर निगम से भी वार्ता की गई थी पर आपदा के दौरान इस कार्य को शुरू नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया की स्माइल हिमाचल संस्था द्वारा शहर के विकास के लिए यह एक अच्छी पहल है जो कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगी।

### धर्मपुर में शिविर, 41 यूनिट रक्त संग्रह किया

**धर्मपुर।** धर्मपुर मुख्यालय में शनिवार को शिव युवक मंडल हरनयाल पंचायत तनहेड़ के सौजन्य से रक्त संग्रह शिविर का आयोजन साईं भवन धर्मपुर में किया गया। इसमें सिविल अस्पताल धर्मपुर के एसएमओ डॉक्टर दीपक के नेतृत्व में जोनल अस्पताल मंडी से आई डॉक्टरों की टीम ने 41 यूनिट रक्त संग्रह किया। बता दें कि शिव युवक मंडल हरनयाल अपने गांव के दो सगे भाइयों कमल और विमल के गुजर जाने की पुण्यतिथि पर उनकी याद को ताजा रखने के लिए हर वर्ष रक्त संग्रह शिविर का आयोजन करता है। इसी कड़ी में शनिवार को भी इस शिविर का आयोजन किया गया। शिव युवक मंडल हरनयाल के प्रतिनिधियों ने रक्त देने वाले सभी लोगों व रक्त संग्रह करने आई जोनल अस्पताल मंडी की टीम का आभार जताया।

### पूर्व मंत्री ने बगला स्कूल के होनहार नवाजे



**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने शिरकत कर बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मेडल भेंट कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य मधु शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया। प्रकाश चौधरी ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार बेहतर कार्य करते हुए स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले छात्रों को समाजसेवी राजू अकेला ने 11 हजार रुपए भेंट किए। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिला महामंत्री रिंपल चौधरी, अजय ठाकुर, जगदीश ठाकुर, दिनेश नायक व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### यातायात को 'वन वे' करने की अधिसूचना जारी

**धर्मपुर।** धर्मपुर बाजार में वाणिज्यिक गतिविधियों और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के दृष्टिगत नए बस स्टैंड से ब्रिज चौक वाया पुराना बस स्टैंड धर्मपुर से मुख्य सड़क को प्रतिदिन सुबह सात बजे से सायं छह बजे तक 'वन वे' कर दिया गया है। यह मार्ग बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए भी प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी ने एक प्रारूप अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि प्रारूप अधिसूचना के अनुसार जरूरी वस्तुओं को रात्रि आठ बजे से सुबह सात बजे तक लोडिंग तथा अनलोडिंग करने के लिए धर्मपुर बाजार में छह स्थान चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह स्थान स्टेशनरी शॉप समीप बस स्टैंड ब्रिज, पुराना बस स्टैंड मार्केट में शर्मा करियाना स्टोर के सामने, आदर्श स्वीट के समीप, कोमल स्टूडियो के सामने, सकलानी हैंडलूम के सामने तथा आर्मी कैंटीन के सामने हैं। एडीएम ने बताया कि प्रारूप अधिसूचना के अनुसार इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह एक माह के भीतर जिला दंडाधिकारी, मंडी के कार्यालय में अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद इस संबंध में अंतिम अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

## राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में डीएवी जोगिंद्रनगर के अनमोल चयनित

### विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के विद्यार्थी अनमोल गुलेरिया का चयन एसओएफ सत्र 2023-24 राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड के दूसरे चरण की परीक्षा के लिए हुआ है। राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में 68 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें अनमोल गुलेरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एसओएफ ओलंपियाड (साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन) के दूसरे चरण की परीक्षा 11 फरवरी 2024 को है। एसओएफ सत्र 2022-23 के दूसरे चरण की परीक्षा फरवरी 2023 में भी अनमोल गुलेरिया ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में 943वां स्थान और जोनल स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य


डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य अनमोल गुलेरिया को सम्मानित करते हुए।

संजय ठाकुर ने इस उपलब्धि के लिए अनमोल गुलेरिया, अभिभावक व अध्यापक वर्ग को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अनमोल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विशेष रूप से उन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

**बदलाव** शहरवासियों के आग्रह पर नप जोगिंद्रनगर ने पारित किया प्रस्ताव

## रोटरी के नाम से जाना जाएगा पठानकोट चौक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी-पठानकोट हाई-वे पर जोगिंद्रनगर शहर के दशकों पुराने पठानकोट चौक को अब रोटरी के नाम से जाना जाएगा। इसकी अनुमति प्रदान करते हुए नगर परिषद जोगिंद्रनगर ने इसके सौदर्यीकरण की भी अनुमति दे दी है। मंडी और पठानकोट के मध्य जोगिंद्रनगर बस अड्डे और आयुर्वेदा अस्पताल की और जाने वाले इस चौराहे का नामकरण रोटरी के नाम से करने की कुछ आवश्यक औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस चौक का नए नाम रोटरी से अनावरण होगा।

रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य अजय ठाकुर, पूर्वाध्यक्ष रामलाल वालिया ने बताया कि जनवरी माह में रोटरी की मासिक बैठक में शहर के सबसे पुराने पठानकोट चौक का नाम रोटरी के नाम से करने का प्रस्ताव नगर परिषद ने



मंडी-पठानकोट हाई-वे पर जोगिंद्रनगर शहर का पठानकोट चौक जिसे अब रोटरी चौक के नाम से पुकारा जाएगा।

पारित कर दिया है। सैंद्धांतिक मंजूरी के लिए औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज निदेशक शहरी विकास विभाग को भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पठानकोट चौक का नाम बदलकर रोटरी चौक करने की यह मांग शहरवासियों के साथ रोटरी क्लब ने भी उठाई थी।

जिसे शहरी क्षेत्र के पार्षदों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया है। आदित्य चौहान, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जोगिंद्रनगर ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के अधीन आने वाले पठानकोट चौक का नाम रोटरी चौक से रखा जाए इस पर सभी पार्षदों ने सहमति जताते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया है। नए नाम के अनावरण और सौदर्यीकरण को लेकर कुछ आवश्यक औपचारिकताओं के लिए दस्तावेज निदेशक शहरी विकास विभाग को भेजे जा रहे हैं। यहां से सैद्धांतिक अनुमति प्राप्त होते ही पठानकोट चौक का नाम रोटरी चौक के नाम से कर दिया जाएगा।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, हरीश कुमार पुत्र स्व. ध्यानू राम निवासी गांव मसोली डा. जलपेहड़, तहसील जोगिंद्र नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि ग्राम पंचायत मसोली के रिकार्ड जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में मेरी जन्म तिथि 15-04-1962 दर्ज की जाए। जो कि सही है। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच को ढालपुर में गुरिल्ला संघ की बैठक

**कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक पांच फरवरी को ढालपुर कुल्लू में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा ने बताया कि बैठक में गुरिल्ला कोर्ट केस के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय चेयर मैन प्रीतम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### आनी में लोकसभा चुनावों की तैयारियां शुरू

**आनी।** आगामी लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में एआरओ/एसडीएम आनी नरेश वर्मा की ओर से चुनावी सामग्री और सेवाओं के लिए निविदाएं (कुटेशन) आमंत्रित की गई हैं। जारी सूचना के अनुसार फोटोस्टेट एवं प्रिंटिंग सामग्री के लिए 14 प्रकार की सेवाओं और सामग्री के लिए, फ्लेक्स, बैनर और साइन बोर्ड के तहत पांच प्रकार की सामग्री, बोर्डिंग एवं लॉजिंग के तहत 15 प्रकार की सेवाएं एवं सामग्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसी तरह वीडियो ग्राफी और पोटोग्राफी के तहत चार प्रकार, कैटरिंग के तहत सात प्रकार, तकनीकि सेवाएं एवं सामग्री के तहत 21 प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं सहित सामग्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल और स्टेशनरी के लिए भी विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं के लिए कुटेशन आमंत्रित की गई है। एआरओ/एसडीएम आनी नरेश वर्मा का कहना है कि इच्छुक पार्टी एवं फर्मों द्वारा निविदाएं 16 फरवरी तक सुबह 11 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदाएं इसी दिन दोपहर तीन बजे मामले पर गठित कमेटी द्वारा खोली जाएंगी। आमंत्रित निविदाओं के प्रारूप एवं शर्तें विस्तार से जानने के लिए एसडीएम आनी कार्यालय और तहसील कार्यालय आनी में संपर्क किया जा सकता है और इन कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह जानकारी मौजूद है।

### बागा गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन


स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में उपस्थित द हंस फाउंडेशन नग्गर के सदस्य।

**पतलीकूहल।** द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट-चार के द्वारा ग्राम पंचायत रायसन के बागा गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। साथ ही गांव वासियों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आशा वर्कर स्वर्णा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ सभी को निशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में सभी लाभार्थियों को निशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। रायसन (बागा) गांव में लगभग 60 लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। हेल्थ कैंप के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्मिता शर्मा ने सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की।

### विक्रमादित्य कल निरमंड में करेंगे 21 करोड़ के उद्घाटन

**आनी।** लोक निर्माण मंत्री सोमवार को आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल के दौरे पर होंगे। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह जहां अरसू में 'सरकार गांवों के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं क्षेत्र के विकास की पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अंतर्गत 20 करोड़ 28 लाख रुपयों की लागत से बनी और बनने वाली सड़कों का लोकार्पण करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के अध्यक्ष युपेंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सोमवार को अरसु के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाले 'सरकार गांवों के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोगों की शिकायतें सुनेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 8 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से बनी शील से जुआगी, 2 करोड़ 62 लाख रुपयों की लागत से बनी ठारला से सगोफा और करीब 71 लाख रुपयों की लागत से बने कोट गांव को जोड़ने वाले संपर्कको जनता को समर्पित करेंगे। इसके अलावा साढ़े छह करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ठांस से काशनी, 89 लाख की लागत जे बनने वाले बड़नाला से सर्जशाफ्ट वाया बायल सड़क मार्ग और एक करोड़ पांच लाख की लागत से बनने वाले कथांडा से कुटवा सड़क मार्गों की आधारशिला भी रखेंगे।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर आज से

**कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुल्लू राजेश भंडारी ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 14 फरवरी तक जिला कुल्लू सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में परिवहन विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चार फरवरी से छह फरवरी तक तीन दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन टैक्सी यूनियन कार्यालय ढालपुर में कुल्लू में चार फरवरी टैक्सी यूनियन कार्यालय भुंतर पांच फरवरी को और बस स्टैंड कुल्लू छह फरवरी को किया जाएगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि अपने संबंधित प्रतिष्ठानों ओर यूनियनों के सभी ड्राइवरों को इन शिविरों में भाग लेने के लिए सूचित व प्रोत्साहित करें।

### स्पीति में लोगों को मिल रहा इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना का लाभ

**केलांग।** इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिला लाहौल एवं उपमंडल उदयपुर के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए का प्रथम चरण प्रदान किया जा रहा है। यह जानकारी उपायुक्त जिला लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए वे महिलाएं पात्र हैं जिनकी आयु 18 वर्ष से 59 के बीच हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म-सम्मान की जिंदगी जीने तथा बौद्ध भिक्षुणियों को आत्मनिर्भर बनाना इस योजना का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन इस योजना को प्रदान करने की पूरी तैयारियां कर ली गई है। इस योजना का लाभ उन पात्र महिलाओं को मिलेगा जिनके घर से सरकारी कर्मचारी, आउटसोर्स, पैंशनर, आशा वर्कर तथा किसी भी श्रेणी का सरकारी कर्मचारी न हो। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायत के समस्त पात्र महिलाओं के आवेदन पत्र औपचारिकताएं पूर्ण कर अपनी पंचायत सचिवों के पास जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल में 806 पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर तथा तहसील कल्याण अधिकारी राजेश के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बर्फबारी फिर शुरू

## लाहौल-स्पीति सहित रोहतांग, अटल टनल व सोलंग, जलोड़ी व अन्य ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे, मनाली में बारिश




बर्फबारी के बीच कुल्लू की खराहल घाटी स्थित भगवान बिजली महादेव के मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे भोले के भक्त। सौजन्य : आयुष कुमार शर्मा।



**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिला में एक बार फिर से बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है। लाहौल सहित रोहतांग, अटल टनल व सोलांग व आनी के जलोड़ी सहित जिला के अन्य स्थानों में बर्फ के फाहे गिरने का शुरू हो गया है, जबकि मनाली घाटी में बारिश हो रही है। पर्यटन कारोबारी व किसान बागवान खुश हैं, जबकि बर्फबारी से जन जीवन पर असर पड़ा है।

कुल्लू जिला में जहां 71 सड़क मार्ग अभी तक बाधित हैं, वहीं 200 से अधिक डीटीआर भी अभी बंद पड़े हैं जिससे जिला के कई गांव तीन दिनों से अंधेरे के आगोश में समाए हैं, जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मनाली सहित लाहौल घाटी के अधिकतर क्षेत्रों में बिजली पानी की आपूर्ति प्रभावित है जिसे विभाग के कर्मी बहाल करने में जुटे हैं, लेकिन बर्फबारी होने से उनकी दिक्कत बढ़ सकती है। शनिवार को सुबह ही घाटी में बादल छा गए। दोपहर बाद ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी शुरू हो गई है। शाम होते-होते धुंधी, अंजनी महादेव, सोलंग, गुलाबा व कोठी में बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो गए। मनाली के निकटवर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी होने से शहर में भी बर्फ के फाहे गिरने की उम्मीद जगी है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि हिमपात को देखते हुए पर्यटकों को दोपहर बाद नेहरूकुंड तक ही भेजा जा रहा है।


कुल्लू की खराहल घाटी में बिजली महादेव मंदिर के रास्ते में बिछी बर्फ की मोटी चादर। सौजन्य : आयुष कुमार शर्मा।

### मनाली-केलंग मार्ग पर सफर करना जोखिम भरा

**उपायुक्त** लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा है कि जिला लाहौल स्पीति में पिछले दो दिनों हुए बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही सीमा सड़क संगठन ने घाटी की सभी मुख्य सड़कों से बर्फ हटाकर यातायात के लिए बहाल कर दिया है। विपरीत मौसम और शनिवार को फिर से हुए बर्फबारी को देखते हुए मनाली-केलंग मार्ग पर सफर करना जोखिम भरा है। मनाली-केलंग सड़क पर फोर बाई फोर व चेन लगे हुए व फोर बाई टू सूमो, बोलेरो वाहनों के ही अटल टनल रोहतांग होकर 10 से तीन बजे के बीच ही मौसम की स्थिति को देखते हुए आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। जिला पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने का प्रयास किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग खराब मौसम के बावजूद पेयजल आपूर्ति बनाऐ हुए है कुछ इलाकों में जहां पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है विभाग के लोग उन्हें दुरुस्त बनाने में लगे हुए है।

### मनाली में 72 घंटे से ज्यादा समय से ब्लैक आउट

**बर्फबारी** के बाद अंधेरे में डूबी पर्यटन नगरी मनाली के अधिकतर गांवों में 72 घंटे गुजर जाने के बाद भी ब्लैक आउट है। विद्युत विभाग शनिवार देर शाम तक भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं कर पाया था। मनाली बिजली शिकायत निवारण कक्ष से पूछने पर लोगों को बार-बार जल्द ही आपूर्ति बहाली के आश्वासन मिलते रहे, लेकिन विभाग 72 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी मनाली विद्युत उपमंडल-एक में बिजली आपूर्ति बहाली नहीं कर पाया था। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नुकसान ज्यादा हुआ है और विद्युत री-स्टोरेशन में समय लग रहा है। विद्युत विभाग मनाली उपमंडल-एक के अधिकारी आदर्श गोयल ने बताया कि 80 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति बहाल ही चुकी है और 20 प्रतिशत आपूर्ति बहाली , भजोगी, ओल्ड मनाली, सियाल और नाशोगी में शनिवार शाम तक हो जाएगी।

### सोलंगनाला में गिरे बर्फ के फाहों के बीच झूमे सैलानी

**पर्यटन** नगरी मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला में गिरे बर्फ के फाहों के बीच सैलानी झूम उठे। शनिवार दोपहर बाद मौसम फिर से खुशनुमा हो गया। सोलंगनाला में गिरे बर्फ के फाहे गिरते देख पर्यटक उत्साहित हो उठे। कड़ाके की ठंड के बीच सैलानियों ने सेल्फी ली और जमीन पर बर्फ जमने पर एक-दूसरे के ऊपर बर्फ भी फेंकी। सोलंगनाला में गत दिनों हुए हिमपात से तीन फीट बर्फ के ढेर लगे हैं। शनिवार को सोलंग नाला में बर्फ के फाहों के साथ खेलकर मस्ती की। हिमाचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के प्रधान पूर्ण ठाकुर ने बताया कि मनाली में हुए हिमपात से मनाली के पर्यटन सीजन के लिए संजीवनी साबित हुई है। इससे मनाली के पर्यटन कारोबार को और गति मिलेगी। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि फरवरी में मनाली में बर्फबारी होना पर्यटन कारोबार के लिए अच्छा संकेत है। कारोबारियों को आने वाले समय में इसका लाभ मिलेगा।

### बर्फबारी से आनी में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**एक** एनएच समेत 18 सड़कें अवरुद्ध, 12 के करीब बस रूट प्रभावित एक ओर जहां लंबे सूखे के बाद आसमान से बरसी बारिश और बर्फ क्षेत्र की फसलों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। वहीं आम जन के लिए ये आफत की बारिश से कम भी नहीं। आनी विधानसभा क्षेत्र की करीब 18 सड़कें अवरुद्ध हैं, जबकि दो दर्जन बस रूट भी प्रभावित हैं। बर्फबारी के चलते जहां एनएच 305 खनाग से आगे आनी और कुल्लू के बीच यातायात की आवाजाही के लिए अवरुद्ध है। वहीं पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि शुष-बालू, शुश बतोट, गुहाटन-बालू, बागीपुल-बागासरहान, ठारला-सगोफा आदि करीब 18 ग्रामीण सड़कें भी बंद पड़ी हैं। एचआरटीसी की दो बसें भी बर्फबारी में फंसी हैं। एचआरटीसी के आनी अड्डा इंचार्ज रमेश ठाकुर ने बताया कि करीब दो दर्जन रूटों पर बसें आधे रास्ते तक ही जा पा रही हैं।

## महिलाओं ने लिया मशरूम उत्पादन का निर्णय


प्रधान निशा शर्मा के साथ स्वयं सहायता समूह काली नाग लढागी की महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू के आनी खंड के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह काली नाग लढागी शनिवार को लढागी में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समूह की प्रधान निशा शर्मा ने की। महिलाओं ने इस दौरान बुनाई-कढ़ाई काम किया और इसके साथ ही मशरूम उत्पादन करने का फैसला भी लिया। समूह ने कहा कि समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए मजबूत बनाना चाहिए।

विभाग की तरफ से जो योजनाएं ब सुविधाएं मिलती हैं वह समूह की महिलाओं को मिलें। समूह की प्रधान निशा शर्मा ने कहा कि समूह की महिलाएं बेहतर और स्वच्छ समाज बनाने के लिए काम करेंगी। सरकार समूह के लिए विशेष बजट का प्रबंध करें। खंड विकास विभाग के माध्यम से उन्हें जो प्रोत्साहन हेतु आर्थिक सहायता मिलेगी। वे उस पैसे को पारदर्शिता के साथ खर्च करेंगी।

प्रधान निशा शर्मा ने कहा कि महीने में एक दिन गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं ने यह भी फैसला किया कि बस स्टैंड में निकासी का रास्ता अवरुद्ध हुआ है, जिस कारण वहां गंदगी फैली है। उसे साफ करने और खोलने का कार्य भी समूह की महिलाएं करेंगी। समूह ने विभाग द्वारा प्रदान राशि के लिए विभाग के अधिकारियों का आभार जताया। पंचायत समिति सदस्य बुच्छैर-तीन रंजना ठाकुर ने कहा कि बेहतरीन कार्य करने वाले समूह को विभाग सम्मानित करे।

## देवसदन में सात को सजेगी सुरों की महफिल

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के देवसदन सभागार में सात फरवरी को 23वें श्याम संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संगीत शिरोमणि स्व. प्रोफेसर श्याम लाल ठाकुर की स्मृति में हर साल की तरह इस बार भी 23वें श्याम संगीत सम्मेलन का आयोजन सात फरवरी को श्याम संगीत सम्मेलन समिति कुल्लू द्वारा किया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. विद्या चंद सागर ने शनिवार को कुल्लू के ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि इस समारोह में सूत्रधार कला संगम संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शास्त्रीय संगीत की महफिल सजेगी। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय संगीत हिंदुस्तान की संस्कृति है। उन्होंने बताया कि कुल्लू में सबसे पहले शास्त्रीय संगीत की शिक्षा देने का काम स्व. श्याम लाल ठाकुर ने किया है। उनकी स्मृति में हर साल समिति की ओर से उनकी जयंती पर शास्त्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर हरियाणा के प्रसिद्ध सितार वादक डा. हरबिंद्र शर्मा सितार पर अपनी उंगलियों का कमाल दिखाकर सबको मंत्रमुग्ध करेंगे, जबकि उनके साथ जयदेव तबले पर संगत करेंगे।


पं. विद्याचंद सागर

### ज्योति ठाकुर को किया सम्मानित

**बंजार।** जिला कुल्लू के बंजार खंड की ज्योति ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर पैरा राष्ट्रीय खेलों में शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक एवं डिस्कस थ्रो में कांस्य पद जीतकर अपना लोहा मनवाया। इस उपलब्धि पर प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बंजार द्वारा शनिवार को उन्हें खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय बंजार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बंजार चंदे राम, खंड अध्यक्ष जीवन सिंह संधू, जिला महासचिव बिहारी लाल परमार, मुख्य सलाहकार अश्विनी नेगी, महासचिव तिलक ठाकुर, महावीर सिंह एवं अन्य केंद्र मुख्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## चिकित्सा भत्तों पर सुक्खू सरकार ने मारी कुंडली : खुशाल ठाकुर

- सरकार की नाकामी से हिमकेयर योजना के लाभ बंद
- पेंशनर्स चिकित्सा भत्ते के लिए तरसे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी रहे रिटायर्ड बिग्रेडियर खुशाल ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस की सुक्खू सरकार स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हिमकेयर योजना के पिछले कई माह से भुगतान नहीं हो सके हैं, वहीं हजारों सेवनिवृत्त चिकित्सा भत्तों पर सुक्खू सरकार कुंडली मारे बैठी है।


खुशाल ठाकुर।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सेवानिवृत्त से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों को डकारने में भी कांग्रेस सरकार गुरेज नहीं कर रही है। इसका उदाहरण हिमकेयर योजना का बंद होना है। गरीबों को पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य के लाभ देने वाली इस योजना के अस्तित्व पर संकट सुक्खू सरकार की एक और नाकामी है। सैकड़ों लाभार्थियों को इस योजना के तहत लाभ नहीं मिल सका है। कई गरीब जेब से पैसा लगाकर सरकार की योजना के लाभ के इंतजार में हैं और उनकी वित्तीय स्थिति डावांडोल हो रही है।

वहीं दूसरी और सैकड़ों रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों के चिकित्सा भत्ते अभी तक जारी नहीं हुए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं में जिस हिमाचल का देश भर में डंका बजता था, कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हिमाचल को काफी पीछे धकेल दिया है। जहां केंद्र सरकार आयुष्मान भारत के दायरे को बढ़ाते हुए सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को भी सम्मिलित कर रही है।

वहीं, दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ऐसी योजनाओं को बंद करके हिमाचल में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के परेशानी खड़ी रही है। भाजपा सरकार से मांग करती है कि हिमकेयर योजना को जारी रखें और लाभार्थियों के लंबित भुगतान को शीघ्र करें। वहीं रिटायर्ड अधिकारियों कर्मचारियों के भी चिकित्सका भत्तों को जारी करे।

## कश्यप ने संभाली प्रेस क्लब भुंतर की कमान

### पत्रकारिता के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी बेहतरीन कार्य कर रहे हैं मेघ सिंह कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


भुंतर प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी और साथ में जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी।

पत्रकारिता के साथ साथ समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले भुंतर के मेघ सिंह कश्यप को भुंतर प्रेस क्लब की कमान सौंपी गई है। शनिवार को भुंतर में प्रेस क्लब ऑफ भुंतर का जनरल हाउस हुआ। होटल हिमालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने की। बैठक में पिछली गतिविधियों तथा आय व्यय का ब्यौरा दिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भुंतर प्रेस क्लब के चुनाव पिछले लंबे समय से लंबित हैं इसलिए चुनाव करवाए जाएं। चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी जसपाल सिंह पाल, महासचिव प्रेस क्लब कुल्लू व पर्यवेक्षक संतोष धीमान को पहले ही नियुक्त किया गया था। विरोध न होने के कारण चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। मेघ सिंह कश्यप को निर्विरोध प्रधान चुना गया। ततपश्चात पूरी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण गर्ग, उपाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, महासचिव मनीष कौंडल, सचिव देवेंद्र, संगठन सचिव अंजना देवी, कोषाध्यक्ष दीप लखनपाल, चेयरमैन संदीप काचरू, वाइस चेयरमैन पंकज हांडा, पीआरओ हीरा लाल ठाकुर, मुख्य संरक्षण स्वर्ण सिंह कुमार, मुख्य सलाहकार जयदेव विद्रोही, सलाहकार गणेश भारद्वाज व अश्वनी कुमार चुने गए। नई कार्यकारिणी को सभी ने बधाई दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान मेघ सिंह कश्यप ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी को कुशलता से निभाएंगे।

**प्रेसवार्ता** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस ने कसी कमर, जिलेभर में बूथ स्तर पर चलाया जाएगा अभियान

## कांग्रेस एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए कर रही काम : सेसराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सेस राम आजाद ने कहा है कि लोकसभा चुनाव सिर पर हैं जिसके लिए जिला कांग्रेस ने कमर कस ली है। शनिवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित परिधि गृह में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला कांग्रेस एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रही है, ताकि हिमाचल प्रदेश में चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस पार्टी की झोली में जा सकें।

उन्होंने कहा है कि इसके लिए कांग्रेस पार्टी के लोगों को सक्रियता से काम करने की जरूरत है और संगठन पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी को एक्टिव करेगा। वहीं, उन्होंने कहा कि चुनावों के मद्देनजर जिलाभर में बूथ स्तर पर अभियान चलाकर जनता को केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों और प्रदेश की कांग्रेस सरकार की ओर से चलाई जा रही जनहित योजनाओं के के बारे में अवगत करवाया जाएगा।


कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए।

वहीं, उन्होंने प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब आपदा आई थी तो उस दौरान भाजपा से संबंधित विधायकों ने हमारी सरकार का साथ नहीं दिया है, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश को केंद्र से जो सहायता मिलनी थी वह नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा के इस दोहरे चेहरे को आम जनता तक पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला कांग्रेस पार्टी का जनरल हाउस जल्द होगा, जिसमें पार्टी को मजबूत करने पर मंथन किया जाएगा। इस जनरल हाउस में जिला कार्यकारिणी के साथ साथ सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, एपीएमसी के चेयरमैन राम सिंह मियां, विधायक भुवनेश्वर सिंह गौड़, चुनाव लड़े हुए प्रत्याशी, चारों मंडलों के अध्यक्ष शामिल होंगे, जो पार्टी को मजबूत करने को लेकर मंथन करेंगे।

गौरतलब है कि सेस राम आजाद को हाल ही में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्थायी तौर पर दो साल के लिए दी गई है, जबकि इससे पहले वह एक साल तक के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहे हैं। अब स्थायी नियुक्ति होने के बाद संगठन में निष्क्रिय बैठे लोगों को सक्रिय करने में जुट गए हैं।

### कुल्लू जिले में मंत्री पद देने की करेंगे पैरवी

**इस** मौके पर उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र में कुल्लू और मंडी जिला से सरकार में सिर्फ सीपीएस का पद मिला है, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार में एक मंत्री पद खाली पड़ा है। उसे कुल्लू और मंडी जिला में तालमेल बनाने के लिए सुंदर सिंह ठाकुर को दिया जाना चाहिए। इसकी पैरवी करने के लिए कुल्लू से दिल्ली एक डेलिगेट गेट जाएगा।

# बिलासपुर में विकास कार्यों पर अनदेखी दिखा रहे सीएम सुक्खू : त्रिलोक जम्वाल

## भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गति नहीं दे पाई कांग्रेस सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- कहा- शिमला में आयोजित प्लानिंग की बैठक में सीएम पैसा न होने की बात से झाड़ते रहे पल्ला
- डेढ़ साल में नया विकास कार्य नहीं करवा पाई कांग्रेस

सीएम सुक्खविंद्र सिंह सुक्खू बिलासपुर के विकासात्मक कार्यों की अनदेखी कर रहे हैं। बिलासपुर में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए विकासात्मक कार्यों को कांग्रेस सरकार गति नहीं दे रही है।

इससे साफ जाहिर हो रहा है कि कांग्रेस सरकार बिलासपुर से सोतेला व्यवहार कर रही है। यह बात शनिवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कही। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि बिलासपुर में भाजपा सरकार के कार्यकाल में एम्स, रेलवे व फोरलेन कार्य तेजी से हुआ है। परंतु कांग्रेस सरकार आते ही इन कार्यों की गति पूरी तरह से थम गई है हालांकि एम्स केंद्र सरकार की देन है, जिसमें केंद्र सरकार हर संभव एम्स में बेहतर प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है, परंतु बिलासपुर में भानुपल्ली बैरी रेललाइन कार्य की गति पूरी तरह से धीमी हो गई है। इसका मुख्य कारण यह है कि प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी योगदान इस कार्य को नहीं दिया जा रहा है।

विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि अभी हाल ही में उन्होंने शिमला में प्लानिंग की बैठक में भाग लिया, जिसमें उन्होंने बिलासपुर जिले के कई विकासात्मक कार्यों को लेकर सीएम से चर्चा की।


बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल।

### सीएम की ओर से पैसे न होने का दिया हवाला

सीएम की ओर से सीधे तौर पर उनके पास पैसे न होने का हवाला दिया गया और बिलासपुर के विकास कार्यों पर कोई भी चर्चा न करके अपना पल्ला झाड़ लिया। भानुपल्ली-बैरी रेल लाइन के अंतिम चरण में बध्यात से बैरी तक रेल लाइन का निर्माण होना है। निर्माण में खर्च होने वाले बजट में प्रदेश सरकार को भी मामूली हिस्सा देना है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू कह रहे हैं कि उनके पास पैसा नहीं है। इसी तरह शहर के सांढू मैदान में प्राचीन मंदिरों को पुनर्स्थापित करने की 1500 करोड़ रुपए की योजना में भी प्रदेश सरकार को अपने हिस्से का करीब 80 करोड़ देना है। उसमें भी आनाकानी की जा रही है, जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तो बिलासपुर में एम्स, फोरलेन साढ़े तीन साल में बन गए, लेकिन कांग्रेस सरकार ने अभी तक बिलासपुर में कोई भी विकास कार्य को गति नहीं दी है और न कोई नया प्रोजेक्ट बिलासपुर को दिया है।

## अली खड्ड विवाद को लेकर कमेटी गठित

**श्री नयना देवी जी।** बिलासपुर के नम्होल वार्ड से जिला परिषद सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर ने कहा कि अली खड्ड पानी बचाओ संघर्ष समिति के संघर्ष और श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के प्रयासों से अली खड्ड पानी विवाद को लेकर सरकार ने कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

इस विवाद का हल करने के लिए सरकार ने एक कमेटी का गठन किया है, जिसमें जल शक्ति विभाग के सोलन व बिलासपुर के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर और जल शक्ति विभाग के अर्की व सदर बिलासपुर मंडलों के अधिशाषी अभियंता शामिल किए गए हैं। यह कमेटी विधायक रणधीर शर्मा की ओर से प्लानिंग की मीटिंग में यह मुद्दा उठाने और प्रतिनिधिमंडल के साथ उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित की गई है। इस कमेटी को एक सप्ताह के दौरान संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा है, जिसके आधार पर सरकार फैसला लेगी। प्रेम सिंह ने इसके लिए जहां विधायक रणधीर शर्मा के प्रयासों की सराहना की। वहीं, प्रभावित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संघर्ष समिति के संघर्ष को भी इसका श्रेय दिया।

## सेलिब्रिटी की तरह व्यवहार करते हैं केंद्रीय मंत्री : संदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने आरोप लगाया है कि भाजपा के नुमाइंदे अपने चुनाव क्षेत्र में भी एक सेलिब्रिटी की तरह आते हैं, जबकि जिस काम के लिए जनता ने उन्हें अपनी नुमाइंदगी दी है, उस पर अकसर मौन नजर आते हैं।



संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण सत्ता सुख भोग रहे केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर अपने संसदीय क्षेत्र में खेलों में भी फिसड्डी साबित हुए हैं। चार बार के सांसद अनुराग ठाकुर को केंद्र में सूचना, प्रसारण, खेल और युवा सेवाएं का प्रभार सौंपा था, तो इस संसदीय क्षेत्र में खेल प्रेमियों को एक आस जगी थी कि अब कम से कम खेलों ही में गुणात्मक विकास होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। केंद्रीय खेल मंत्री का पसंदीदा खेल क्रिकेट भी बिलासपुर में उस गति से नही उभर पाया, जिसकी उम्मीद थी। राष्ट्रीय हॉकी संजीवनी के इंतजार में है, जबकि कबड्डी टांग खिंचाई से बाहर नहीं निकल पाई है। संदीप सांख्यान ने कहा कि बात यदि बिलासपुर की करें, तो इनके कार्यकाल में सभी लोगों का विकास शून्य रहा है।

### एस्ट्रो टर्फ बिछाने की घोषणा नहीं चढ़ पाई सिरे

राष्ट्रीय खेल हॉकी की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं हैं, बिलासपुर में एस्ट्रो टर्फ बिछाने की घोषणा सिरे नहीं चढ़ पाई। बमुश्किल बिलासपुर में हॉकी खेल का माहौल बन रहा है, लेकिन यह नवोदित खिलाड़ी आगे चलकर टर्फ की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ साबित होते हैं, जिसका खामियाजा पूरे प्रदेश को भुगतना पड़ता है। वहीं, केंद्रीय खेल मंत्री के खुद के खेल क्रिकेट की बात की जाए, तो करीब एक दशक से ज्यादा का समय हो गया है, लुहणू के क्रिकेट मैदान में विकास के नाम पर एक नई ईंट नहीं लग पाई है। कांग्रेस सरकार की देन लुहणू किक्रेट मैदान सुविधा, एरिया और सुंदरता की दृष्टि से जिलों से कहीं ज्यादा है, लेकिन इसका सुदुपयोग नहीं हो पाया है।

## लावारिस पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग

**बिलासपुर।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी की बैठक इंदिरा भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर ने की व विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिला किसान कांग्रेस ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर प्रदेश सरकार से किसानों को लावारिस पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई। किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए सरकार ने कांटेदार तार की बाड़बंदी की योजना शुरू की है, जोकि सराहनीय कार्य है, लेकिन लोगों के मालिकाना हक की वजह से इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकार को इस योजना को मनरेगा के तहत करवाना चाहिए। किसान कांग्रेस कमेटी प्रत्येक खंड, गांव स्तर पर प्रदेश की सरकार की जनहितैषी नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। किसान कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार का आपदा प्रभावितों के लिए मकान बनाने के लिए जारी राशि को सात लाख रुपए तक करने पर भी उनका धन्यवाद किया।

## भानुपल्ली–बैरी रेल लाइन निर्माण कार्य में युवाओं को रोजगार देने की उठी मांग

### बेरोजगार युवा मंच ने विधायक त्रिलोक जम्वाल को सौंपा ज्ञापन


बेरोजगार युवा मंच विधायक त्रिलोक जम्वाल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बेरोजगार युवा मंच बिलासपुर ने भानुपल्ली–बैरी रेल लाइन निर्माण कार्य में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग की है।

इसके लिए युवाओं ने एक ज्ञापन सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल को सौंपा। युवा मंच के सदस्य मनीष शर्मा, मंजीत, अजय, विनोद, रजनीश ठाकुर, शुभम, आयुष, विक्रम ठाकुर आदि ने कहा कि बामटा, बध्यात और इसके साथ लगती पंचायतों में रेलवे निर्माण कार्य चल रहा है।

इसमें बिलासपुर के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कंपनी पूर्व विधायक के प्रभाव में अनियमितताएं बरत रही है। आम जनता को पूरी तरह नजर अंदाज करते हुए सारे नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। यदि इसी प्रकार युवाओं की अनदेखी की गई, तो शीघ्र ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि युवाओं को इस रेलवे निर्माण कार्य में रोजगार दिया जाए, ताकि उन्हें रोजगार के लिए इधर–उधर न भटकना पड़े।

## ड्राइविंग व स्किल टेस्ट के लिए सही पाए गए आवेदन

- छह और सात को आवेदनकर्ताओं को एचआरटीसी वर्कशॉप में बुलाया

**बिलासपुर।** क्षेत्रीय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला बिलासपुर राजेश कौशल ने बताया कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना 2023 के तहत ई टैक्सी सेल्फ ड्राइविंग के लिए पांच जनवरी तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बिलासपुर को ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए आवेदन जांच के उपरांत सभी मापदंडों के अनुसार सही पाए गए हैं।

आवेदनों को ड्राइविंग व स्किल टेस्ट के लिए चयनित किया गया है। चयनित आवेदनकर्ताओं की चालक व कौशल परीक्षा छह और सात को एचआरटीसी वर्कशॉप बिलासपुर में सुबह दस बजे से 5:30 बजे बुलाया।

## मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

### नवचेतना पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम



नवचेतना पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

अनंत ज्ञान, डंगार चौक

नवचेतना पब्लिक स्कूल डंगार ने शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया।

स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर बाबू लाल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में एसएमसी प्रधान शशिकांत धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्याध्यापक यशपाल ने मुख्यातिथि व उपस्थित अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर व बच्चों ने वंदेमातरम, मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया।

स्कूल के नन्हें–मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां एकल गान, समूहगान, जीवन में शिक्षा के महत्व पर नाटक मंचन, पहाड़ी लोक नृत्य, मेरे घर राम आएंगे पर गुंजन व सजदा ने नृत्य किया, जशीका व अंश ने दोस्तों संग डम डम डोल, शिवानी पटियाल ने कविता व विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जिसके उपरांत मुख्याध्यापक यशपाल ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्यातिथि शशिकांत धीमान ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया तथा बच्चों को पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने की बात कही। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान अनिता धीमान, स्कूल एसएमसी पूर्व प्रधान कल्पना देवी, पूर्व अध्यापिका अंजू शर्मा, अभिभावक सीमा धीमान, मंजू देवी, रीना देवी, अनिल शर्मा, संजू कुमार, अजय सोनी, योगेश शर्मा, अनिल कुमार, नवीन कुमार, आशीष ठाकुर, नरेश कुमार, रविना शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हर्षित गौतम प्रथम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- प्रथम विजेता को 11 हजार दूसरे को 7,100 व तीसरे को 5,100 रुपए दिए जाएंगे
- 2023 का परिणाम कर दिया है घोषित
- प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवांश शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में 907 विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित करवाई गई राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

जिला स्तर पर हर्षित गौतम ने पहला, रिजवाल सांख्यान ने दूसरा और पीयूष शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया है। यह परीक्षा पिछले साल पांच नवंबर को करवाई गई थी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवांश शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में 907 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें जिला स्तर पर एसवीएम गेहड़वीं के हर्षित गौतम ने प्रथम स्थान हासिल किया। राजकीय उच्च विद्यालय बरठीं के रिजवान सांख्यान ने दूसरा, जबकि राजकीय छात्र उच्च विद्यालय घुमारवीं के पीयूष शर्मा ने तीसरा स्थान पाया है। जिला स्तर पर प्रथम विजेता को 11 हजार रुपए, दूसरे विजेता को 7,100 रुपए और तीसरे विजेता को 5,100 रुपए दिए जाएंगे।

शिवांश शर्मा ने बताया ऋषि मार्कंडेय पब्लिक स्कूल जुखाला से शिवांश शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या बिलासपुर से सुनिधि, राजकीय स्कूल झंडूता से नैना धीमान, राजकीय स्कूल बरठीं से मोहित शर्मा और राजकीय छात्र पाठशाला घुमारवीं से उमंग शर्मा को एक–एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## ई–केवाईसी करना कार्ड धारक के लिए अनिवार्य

- 29 तक करवा सकते हैं ई-केवाईसी

**बिलासपुर।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिलासपुर बृजेंद्र पठानिया ने कहा कि जिले में राशन कार्ड ई–केवाईसी कार्यों को पूर्ण करने के लिए 31 जनवरी 2024 की तिथि को बढ़कर 29 फरवरी कर दिया गया है, ताकि लाभार्थियों को ई–केवाईसी के लिए समय मिल सके। जिले में अभी भी 77609 राशन कार्ड धारकों की ओर से अपना राशन कार्ड की ई–केवाईसी नहीं करवाई गई है।

राशन कार्ड ई–केवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए बढ़ाए गए समय में अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर अपना राशन कार्ड ई–केवाईसी आवश्य करवाएं। लाभार्थी को यदि किसी प्रकार की कठिनाई आती है, तो वह विभाग के दूरभाष नंबर 01978–222349 अथवा खंड में कार्यरत विभाग के निरीक्षक से संपर्क कर सकता है।

## युवाओं का खेल महाकुंभ योजना से खेलों के प्रति भी बढ़ा लगाव

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत आने वाली पंचायतों गतवाड़, बम, सलाओं, कोट, मेहरी काथला में हमीरपुर लोकसभा सांसद व सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकार की दूरगामी सोच व महिला सशक्तिकरण को लेकर ब्यूटी और वेलनेस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रयास संस्था की ओर से घंडालवीं पंचायत में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र व ब्यूटी किट वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने शिरकत की व पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रयास संस्था संयोजक संजीव कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तृत रूप से बताई व किस प्रकार अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधियों को शुरू किया गया है, जिसमें हुनर से शिखर, सांसद स्वास्थ्य मोबाइल सेवा, खेल महाकुंभ आदि प्रमुख रूप से हैं।


कार्यक्रम में मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल व साथ में हैं अन्य।

### महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर राजेंद्र गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकार द्वारा संसदीय क्षेत्र के लिए शुरू की गई योजनाओं का लाभ जो क्षेत्र की जनता को मिल रहा है, उसके लिए घुमारवीं की जनता उनका धन्यवाद करती है साथ ही लाखों लोगों को स्वास्थ्य वैन की ओर से लाभ मिल रहा है। वहीं, युवाओं को शुरू की खेल महाकुंभ योजना से खेलों के प्रति भी लगाव बढ़ा है व नशे के दुष्प्रभाव से भी बचने में सहायता मिल रही है,ब्यूटी एंड वेलनेस कार्यक्रम से महिलाओं के सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिला है व आर्थिकी मजबूत करने के लिए रोजगार के द्वारा खुले हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने सभी प्रशिक्षित प्राप्त महिलाओं को बधाई दी साथ ही उनको आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया, आज समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयास संस्था ने जो अभियान शुरू किया है, उसमें महिलाओं कि भागीदारी बहुत जरूरी है, ताकि समाज में उनकी पहचान उनके काम व उनके काम से हो सके।

## पीएम से लोगों का कर्ज माफ कर उन्हें राहत पहुंचाने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- निशुल्क कर्जा मुक्ति अभियान के सदस्यों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

निशुल्क कर्जा मुक्ति अभियान के सदस्यों ने आम जनता का कर्जा माफ करने के लिए एडीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रधानमंत्री से लोगों का कर्ज माफ कर उन्हें राहत पहुंचाने का आग्रह किया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जिस तरह बड़े उद्योगपतियों, व्यापारियों का कर्ज माफ किया जा रहा है, इसी तरह आम जनता का कर्ज माफ किया जाना चाहिए। बैंक, संस्था, एनबीएफसी फाइनेंस कंपनी, निजी ऋणदाताओं द्वारा कर्जदारों का उत्पीड़न बंद किया जाए। कर्जदारों को न्याय दिलाने के लिए सरफेसी एक्ट 2002 में संशोधन किया जाना चाहिए। लोगों ने स्वरोजगार के लिए कर्ज लिया है, लेकिन कई कारणों से व्यापार गति नहीं पकड़ पाया और लोग डिफॉल्टर हो गए। पिछले कुछ साल से देश में लोग कर्ज से जूझ रहे हैं। नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना और सरकार की ओर से समय–समय पर लिए गए अन्य फैसलों से किसान, व्यापारी, मजदूर, निजी उद्यमियों पर विपरीत असर पड़ा और वह कर्ज में डूब गए। स्थिति यह है कि परिवार सरकारी कर्ज के दलदल में फंसकर आत्महत्या कर रहे हैं।

कर्ज एक बड़ी समस्या बन गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि यह मामला संवेदनशील है। इस पर सरकार को संज्ञान लेकर राहत पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए। इस मौके पर कर्जा मुक्त अभियान के जिलाध्यक्ष सुमित राणा, प्रदेश प्रभारी विनय शर्मा भारतीय, कुंता देवी, रूप लाल, कृष्ण चंद, रमेश कुमार, संजीव कुमार, वंदना कुमारी, तिलक राज, कुलदीप सिंह और भगत राम मौजूद रहे।

**सुविधा** थायराइड की जांच करने वाली ऑटोमेटिक मशीन स्थापित, मरीजों को रिपोर्ट के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार

## सिविल अस्पताल घुमारवीं में अब होंगे थायराइड टेस्ट

नीरज शर्मा, घुमारवीं

सिविल अस्पताल घुमारवीं में अब थायराइड की जांच करने वाले मरीजों को जांच की रिपोर्ट के लिए अगले दिन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा क्योंकि अस्पताल में थायराइड की जांच करने वाली फुली ऑटोमेटिक मशीन स्थापित कर दी गई है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से सीएसआर फंड से इस मशीन को अस्पताल में लगाया जा रहा है। करीब 10 लाख रुपए की लागत से लगाई जा रही इस मशीन में जितने भी थायराइड के टेस्ट हुआ करेंगे उनकी रिपोर्ट उसी दिन मरीजों को मिलने की सुविधा प्राप्त हो जाएगी। इससे पहले भी अस्पताल में थायराइड की मशीन लगाई गई थी, लेकिन मशीन में एक दिन में 30 से 40 टेस्ट ही हो पाते थे, जिससे मरीजों को रिपोर्ट के लिए अगले दिन का इंतजार करना पड़ता था, जबकि अस्पताल में रोजाना 60 से 70 मरीजों के थायराइड के टेस्ट लिखे जाते हैं, लेकिन मरीजों को टेस्ट की रिपोर्ट के लिए अगले दिन दोबारा अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते थे। इसके बाद ही उनका इलाज संभव हो पाता था, लेकिन इस मशीन के स्थापित होने से अब मरीजों को बार–बार अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। यह मशीन एक साथ 70 सैंपल की जांच करने में सक्षम है। इस मशीन से एक दिन में करीब 200 टेस्ट संभव हो पाएंगे। शनिवार को इस मशीन को अस्पताल की लैब में स्थापित किया जा रहा है, जिसके बाद इस मशीन का ट्रायल किया जाएगा, जिसके लिए कंपनी की तरफ से दो इंजीनियर अस्पताल पहुंचे हैं, जो लैब में कार्यरत कर्मचारियों को मशीन चलाने का प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद लोगों को इस मशीन की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)


10 लाख रुपए की लागत से सिविल अस्पताल घुमारवीं में लगाई जा रही थायराइड मशीन।

### मशीन का ट्रायल किया जा रहा

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से इस थायराइड की जांच करने वाली मशीन को अस्पताल में स्थापित किया जा रहा है। इस मशीन के अस्पताल में लगने से थायराइड की जांच की रिपोर्ट मरीजों को उसी दिन मिलने की सुविधा मिलेगी। मशीन का ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल पूरा होने के बाद मरीजों को इस मशीन की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।

**डॉ. आशुतोष शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, घुमारवीं।**

## बरठीं के स्टूडेंट्स ने रैली निकालकर सड़क सुरक्षा की दी जानकारी



बरठीं स्कूल के स्टूडेंट्स सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए।

अनंत ज्ञान, बरठीं

बरठीं स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली स्कूल से होती हुई बरठीं चौक तक निकाली गई।

बच्चों की ओर से रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए ही सड़क पर चलना चाहिए दो पहिया वाहन चालकों को हमेशा हेल्मेट पहनना चाहिए एवं चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने के बारे में बताया गया और बच्चों की ओर से पब्लिक को यह संदेश दिया गया कि कोई भी किसी प्रकार का नशा करके वाहन को न चलाएं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश कपिल ने रैली की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यातायात के नियमों का पालन कर अपने परिवार को सुरक्षित करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य के अलावा अन्य अध्यापक गण भी शामिल रहे।

न्यूज ब्रीफ

## बंगाणा में स्वयंसेवियों ने निकाली प्रभातफेरी



साफ-सफाई करते स्वयंसेवी व स्कूल स्टाफ।

**बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में सुबह की प्रभात फेरी से हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने ड्रिल और योग किया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम स्तर में रिसोर्स पर्सन के तौर पर प्रथम सत्र में स्थानीय हॉस्पिटल के डॉ. प्रियंका ने शिरकत की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सिकंदर नेगी, वॉर्ड सिस्टर रीता एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी, कुमारी सपना, हैड बॉय तीक्ष्ण आर्य और सबिता आदि मौजूद रहे।

## निर्धन मेधावियों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा 18 को

**बंगाणा।** मानव कल्याण समिति बंगाणा के सौजन्य से 18 फरवरी को निर्धन व मेधावी स्टूडेंट्स के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में किया जाएगा। उक्त जानकारी मानव कल्याण समिति के कार्यकारी प्रधान प्रवीण शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा आर्य पब्लिक स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा 18 को 11 बजे आयोजित की जाएगी। परीक्षा 80 नंबरों की होगी तथा सामान्य ज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी और पांचवीं कक्षा व उससे निम्न कक्षा पर आधारित प्रश्न होंगे। उन्होंने बताया कि जो स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करेगा, उसकी शिक्षा का खर्च मानव कल्याण समिति बंगाणा वहन करेगी। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में प्रथम आने पर समिति 1000 रुपए का इनाम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 800 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 600 रुपए की नकद राशि इनाम के रूप में दी जाएगी। परीक्षा में पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे स्टूडेंट्स दस फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकाली




रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकालते बच्चे व अध्यापक।

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटहेड़ी उपमंडल बंगाणा ऊना में 'रोड सेफ्टी क्लब' द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकाली गई। ड्राइंग मास्टर पंकज कुमार द्वारा पेंटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रवक्ता शशिपाल द्वारा उपस्थित स्टूडेंट्स को ट्रैफिक नियमों एवं निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अनिवार्य, चेतावनी और सूचना वाले ट्रैफिक चिन्हों और संकेतो के बारे में भी बताया। प्रवक्ता शशिपाल और टीजीटी नवीन कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा पर क्विज करवाया गया। थाना प्रभारी बंगाणा इंस्पेक्टर अनिल कुमार द्वारा स्टूडेंट्स को ट्रैफिक नियमों का पालन करने दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताए और उनसे नशे से दूर रहने की अपील की। प्रिंसिपल देवराज धीमान ने क्विज, पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## मुंडखर से चलाया बस्ती जनसंपर्क अभियान

**भरेड़ी।** भोरंज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के मुंडखर गांव में बस्ती जनसंपर्क अभियान शनिवार को शुरू किया। मुंडखर में हुई बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भागीरथ ने दी तथा जिला उपाध्यक्ष दिनेश भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान दिनेश भाटियों ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों व योजनाओं से भारत एक स्वर्णीम भारत बनने ल गा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने दलितवर्ग को केवल वोट बैंक का साधन बना कर कार्य किया है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, पिछड़ा और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं शुरू कर लाभान्वित किया है। बैठक में कोषाध्यक्ष कर्म चदं व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ऊना जिले में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं

**पूर्व सरकार की योजना को नहीं मिला मूर्त रूप** | **वर्तमान में माता चिंतपूर्णी धाम का होने लगा कायाकल्प**

राजेश शर्मा, ऊना



**जिला** ऊना को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने के पूर्व सरकार की योजना तो पूरी तरह सिरे नहीं चढ़ पाई, लेकिन अब संभावनाएं बनने लगी हैं। कुछ साल पहले जिले के प्रमुख देव स्थलों का एक ट्रैक रूट से जोड़ने के लिए एक प्रारूप तैयार किया था। पूर्व सरकार ने इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी भी दे दी थी। सरकार बदलने के साथ ही यह योजना फाइलों में दफन हो चुकी है। हालांकि जिले में अब भाषा एवं संस्कृति विभाग का जिम्मा उपमुख्यमंत्री के पास है, ऐसे में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जाने लगे हैं। इसमें श्री चिंतपूर्णी धाम परिसर के स्वरूप को बदला जा रहा है। ऐसे में पुरानी योजना को भी नया स्वरूप मिल सकता है।

बता दें कि पूर्व सरकार के समय जिले के तमाम धार्मिक स्थलों को विकसित किए जाने और उनको आपस में जोड़ने के लिए पर्यटन और भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा विस्तृत योजना तैयार की गई थी। चर्चित स्थलों तक पर्यटकों को जोड़ने के लिए एक ट्रैक रूट भी प्रस्तावित था। इन धार्मिक स्थलों में कुछ स्थानों पर कदमताल भी शुरू हुई थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन होते ही सब बदल गया।

जिले में अगर प्रमुख धार्मिक पर्यटन से जुड़े स्थानों की बात करें तो ब्रह्मौती में ब्रह्मा जी का मंदिर, हंडोला में हैंगिंग ब्रिज, ऊना का किला बाबा बेदी साहिब, बाबा बाल आश्रम, डेरा बाबा रुद्रू, डेरा बाबा योगीपंगा, शिवबाड़ी, सदाशिव मंदिर ध्योमेश्वर, मैडी गुरुद्वारा और माता श्री चिंतपूर्णी धाम समेत कई प्रमुख स्थल हैं। इनमें कई ऐसे स्थल हैं, जो विश्व प्रसिद्ध हैं। पूर्व सरकार की योजना में इन धार्मिक स्थलों को एक रूट ट्रैक से जोड़ा जाना था। जिले में पूर्व सरकार के प्रयास की बात करें तो रायपुर और ब्रह्मौति मंदिर के समीप जरूर बदलाव आए हैं। रायपुर के अंदरोली में जल क्रीड़ा स्थल चर्चित हुआ, जबकि ब्रह्मौती ब्रह्मा जी के मंदिर परिसर का कायाकल्प दिखा है, लेकिन मूल योजना जो बनी थी उसका प्रारूप वहां भी नजर नहीं आया है।

वर्तमान सरकार की बात करें तो अभी तक जिले में धार्मिक पर्यटन को लेकर माता श्री चिंतपूर्णी धाम के परिसर को विकसित किए जाने की योजना को मूर्त रूप दिया जाने लगा है। इसके साथ ही सरकार के उपमुख्यमंत्री जो इस जिले से संबंधित हैं और संबंधित महकमा भी उनके पास है, ऐसे में यहां अन्य धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का स्वरूप बदले जाने के पूरे आसार हैं। रेल नेटवर्क से जुड़े इस जिले के अधिकांश ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों तक पर्यटक आसानी से पहुंच सकते हैं। जिले के सामान्य और चर्चित पर्यटन स्थल की बात करें तो हंडोला का झूला पुल उनमें एक है। यहां अन्य पर्यटकों के अलावा कई युगल प्री वेडिंग शूटिंग के लिए पहुंचते हैं। पर्यटक यहां सेल्फी और कैमरे में इस पुल के रोमांच को कैद करते हैं।

## प्रो. शशि बोले- गणित एक कौशल है, मूल को समझाना जरूरी



स्टूडेंट्स को गणित के टिप्स देते प्रो. शशि कुमार धीमान, साथ हैं अन्य।

**हमीरपुर।** गणित एक कौशल है, जिसे हर किसी को जानना जरूरी है। भारतीय सभ्यता में गणित का अहम योगदान है और हजारों सालों से भारत के गणित का पूरे विश्व में नाम है। यह बात हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने रूट्स ऑफ गणित विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान कही। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 200 से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कुलपति ने वर्तमान समय में हर विषय के स्टूडेंट्स को गणित के मूल को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने बताया कि कुलपति ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। डिक्लेमेशन में प्रांजल ने प्रथम, साजिद ने द्वितीय और अर्ष रोहल व प्रियांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज में साजिद और सुनेंद्र प्रथम, नितिन अटवाल और नितिन चंदेल द्वितीय, प्रियांशी और अर्पित तृतीय स्थान पर रहे। सुडोकू स्पर्धा में अभिनंदन प्रथम, सिमरन द्वितीय और शुभम जम्वाल तृतीय, स्पीड कैलकुलेशन एंड सीक्वेंस में मानस जम्वाल प्रथम, विवेक आर्य ने द्वितीय और पारस ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## उपायुक्त जतिन लाल ने सौर ऊर्जा संयंत्र पेखूबेला का निरीक्षण किया

# ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य जल्द करें पूरा

**डीसी ऊना ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

अनंत ज्ञान, ऊना



**ऊना** विधानसभा क्षेत्र के पेखुबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 220 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सौर ऊर्जा संयंत्र साइट का उपायुक्त जतिन लाल ने शनिवार को निरीक्षण किया।

उन्होंने संयंत्र से संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन 32 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सौर ऊर्जा संयंत्र को कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत बेहतर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि साइट के साथ खाली जमीन को पर्यटन की दृष्टि से एक बेहतर गंतव्य के रूप में विकसित किया जाना चाहित, ताकि सौर ऊर्जा संयंत्र को देखने आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें, ताकि टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि साइट को टूरिज्म के दृष्टिगत विकसित करने के लिए प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा।

### उपायुक्त ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

उपायुक्त ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंधियों के रहने, कारागार रसोईघर सहित कारागार की अन्य व्यवस्थाओं को भी जांचा। उपायुक्त ने बताया कि जिला कारागार में बंधियों के वैरगों में मनोरंजन के लिए टीवी व खाने-पीने के लिए कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एमबीबीएस डॉ द्वारा नियमित रूप से बंधियों के स्वास्थ्य की जांचा भी की जाती है तथा उनकी शारीरिक फिटनस के लिए बालीवाल व बैडमिंटन खेलने की सुविधा के साथ-साथ ऑपर ऐयर जिम की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला कारागार अधीक्षक को कारागार में बंधियों के लिए दो कार्य चिन्हित करने के लिए कहा ताकि बंधियों को उस कार्यो हेतू प्रशिक्षित किया जा सके। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला कारागार में चल रहे मुरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान भी उपस्थित रहे।

### इंडियन ऑयल प्लांट की कार्यप्रणाली भी जानी

**उपायुक्त** जतिन लाल ने पेखूबेला स्थित इंडियन ऑयल प्लांट का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली व प्लांट के कंट्रोल रूम बारे जानकारी हासिल की।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का दौरा



**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कंट्रोल रूम, ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव के लिए बनाए गए वेयर हाऊस का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत जिला में स्थापित किए गए वेयर हाऊस में 780 वेल्ट यूनिट, 684 कंट्रोल यूनिट व 820 वीवीपैट मशीनें रखी गई हैं। जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा चुनावों को व्यवस्थित व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला ऊना में 516 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिनमें 41 चिंतपूर्णी निर्वाचन क्षेत्र (एससी) में 102 पोलिंग स्टेशन, 42 गगरेट निर्वाचन क्षेत्र में 91, 43 हरोली निर्वाचन क्षेत्र में 106, 44 ऊना निर्वाचन क्षेत्र में 99 व 45 कुटलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र में 118 पोलिंग स्टेशन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि ईवीएम व वीवीपैट की पहले लेवल की चैकिंग (एफएलसी) की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिला ऊना में कुल मतदाताओं की संख्या चार लाख 26 हजार 724 है, जिनमें दो लाख 16 हजार 078 पुरुष मतदाता, दो लाख 10 हजार 642 महिला मतदाता व चार थर्ड जैंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला में सर्विस मतदाताओं की संख्या छह हजार 668 हैं, जिनमें छह हजार 498 पुरुष व 170 महिला सर्विस मतदाता शामिल हैं। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 68 पंचायतों ने टीबी मुक्त होने के लिए किया दावा प्रस्तुत : डॉ. आत्मिका

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की 68 पंचायतों ने टीबी मुक्त होने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया है। इन पंचायतों के टीबी मुक्त होने के दावे की पुष्टि करने के लिए जिला के सभी ब्लॉकों में स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। यह बात राज्य क्षय रोग सलाहकार डॉ. आत्मिका ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सत्यापन को लेकर एक विशेष बैठक के दौरान संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि ये टीमें 29 फरवरी तक अपने अपने क्षेत्र में इन पंचायतों के टीबी मुक्त दावे के संबंध में निर्धारित मानदंडों के अनुसार पूरी जांच-पड़ताल करके इनके दावे की सत्यापन रिपोर्ट जिला स्तरीय टीम को प्रस्तुत करेगी। बैठक की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. आरके अग्निहोत्री ने की। इसमें सभी बीएमओ, टीबी ट्रीटमेंट सुपरवाइजर व पंचायत निरीक्षकों ने भाग लिया। डॉ. आत्मिका ने बताया कि जिला स्तरीय टीम जो सीएमओ की अध्यक्षता में काम करेगी, इन सभी दावों का पुनः सत्यापन करके प्रदेश सरकार को भेजेगी। इसके उपरांत प्रदेश स्तरीय स्वीकृति के बाद इन पंचायतों को विश्व क्षय रोग दिवस के दिन टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता, डॉ. राकेश ठाकुर, सूचना शिक्षा सम्प्रेषण अधिकारी सुरेश शर्मा, मधु पठानिया, शम्मी कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कुटलैहड़ में माफिया के सफाया होने पर तिलमिला रहा विपक्ष : राम आसरा

अनंत ज्ञान, बंगाणा



**कुटलैहड़** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि जब से कुटलैहड़ का नेतृत्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो कर रहे हैं तब से कुटलैहड़ विस क्षेत्र में माफिया का बोलबाला बंद हो गया है। माफिया के बंद होने से कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विपक्ष हताश निराश हो रहा है। हताशा के कारण ही ऐसे बयान देकर जनता को गुमराह कर रहा है।

कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय क्षेत्र में तानाशाही चलती थी। कुटलैहड़ के तत्कालीन विधायक को प्रमुख मंत्रालय मिला था तो लोकनिर्माण, जल शक्ति विभाग और फॉरेस्ट विभाग में कौन लोग अधिकारियों को धमकाकर टैंडर प्रक्रिया निभाते थे और कितने ठेकेदारों को काम मिलता था? पहले यह लोग अपने गिरेबान में झांक लें, फिर बयानबाजी करें। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार के समय कितने माफिया सक्रिय था और कौन-कौन उनमें शामिल थे। यह कुटलैहड़ की जनता को सब पता है। वहीं कौन लोग ट्रांसफर माफिया बनकर कर्मचारियों को तंग करते था। यह भी कहने की जरूरत नहीं है। राम आसरा शर्मा ने कहा कि 14 माह पूर्व कुटलैहड़ की जनता ने देवेंद्र कुमार भुट्टो को कुटलैहड़ का नेतृत्व सौंपा था। विधायक ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र से माफिया का सफाया करना शुरू कर दिया था। शर्मा ने कहा कि जो लोग विधायक भुट्टो पर माफिया से साठगांठ होने के बयान मीडिया में दे रहे हैं, वे लोग बताएं कि आप के परिवार पर माफिया के कितने आरोप लगे हैं। यह भी जनता को बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कुटलैहड़ विस क्षेत्र माफिया से मुक्त हो चुका है।

# विधायक के संरक्षण में फल फूल रहा निरंकुश माफिया : भाजयुमो

अनंत ज्ञान, बंगाणा



**कुटलैहड़** में ठेकेदारी माफिया युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में लगा है व विधायक की शह पर ठेकों की बंदरबांट चली है। भाजयुमो कुटलैहड़ अध्यक्ष शशि राणा ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह बयान दिया है। शशि राणा व उनके साथियों ने कहा है कि पिछले एक साल से कुटलैहड़ के युवा ठेकेदारों को ठेंगा दिखाकर गलत ढंग से ठेकों का आवंटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान स्थानीय विधायक देवेंद्र भुट्टो ने युवाओं को रोजगार की गारंटी दी थी, लेकिन अब इसके विपरीत विधायक केवल अपने परिवार व चहेतों को ठेके दे रहे हैं।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं राजकुमार मनकोटिया, रवि कुटलैहड़िया, मुनीश कुमार, अंकित राणा, दीपक राणा, जसवीर सिंह, मनु बांका आदि युवाओं ने कहा कि ठेके आवंटन की सही प्रक्रिया न अपनाकर केवल विधायक भुट्टो के कहने पर विधायक के परिवार व चहेतों को ठेके दिए जा रहे हैं व जो युवा इसके खिलाफ अपनी आवाज उठाते हैं, उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। युवा मोर्चा के सदस्यों ने पलाहटा पंचायत के प्रधान के खिलाफ हुई अभद्रता व उन्हें मिली धमकियों की भी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यदि विधायक को ठेकेदारी का इतना शौक है, तो उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देकर ठेकेदारी ही करनी चाहिए।

भाजयुमो अध्यक्ष शशि राणा ने कहा कि स्थानीय विधायक के संरक्षण में विभिन्न प्रकार के माफिया इस समय कुटलैहड़ में सक्रिय हैं। खनन के लिए अलग, खैर माफिया के लिए अलग व नशा तस्करी के लिए अलग माफिया यहां बेधड़क होकर अराजकता फैला रहे हैं।

# ऊना वन मंडल में छह फरवरी को होगी वनमित्र भर्ती : सुशील राणा

## 2,389 योग्य अभ्यर्थी वन मित्र भर्ती प्रक्रिया में लेंगे भाग

अनंत ज्ञान, ऊना

**ऊना** जिला में वन मित्रों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। वन मित्र भर्ती के लिए अभ्यार्थियों की शारीरिक दक्षता का टेस्ट मंगलवार छह फरवरी को आयोजित होगा।

यह जानकारी वन मंडलाधिकारी सुशील राणा ने दी। उन्होंने बताया कि ऊना वनमंडल के तहत 66 वीटों के तहत 66 वन मित्रों को भर्ती किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वनमित्र के लिए आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 30 दिसंबर, 2023 निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक दो हजार 498 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 109 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए। उन्होंने बताया कि छह फरवरी को दो हजार 389 योग्य अभ्यर्थी वन मित्र भर्ती प्रक्रिया में भाग लेंगे।

सुशील राणा ने बताया कि वन मित्रों की भर्ती के लिए जिला में दो स्थानों को चयनित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि ऊना, बंगाणा, रामगढ़ रेंज के अभ्यार्थियों के लिए पुराना होशियारपुर रोड पर शिव शंकर कोल्ड स्टोर से घालूवाल पुल तथा अंब व भरवाईं रेंज के अभ्यार्थियों हेतू नजदीक रावमापा बेहड़ जस्वां (पंजोआ से बड़ूही) में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वन मित्र भर्ती में पुरुष वर्ग की शारीरिक दक्षता जांच में हाइट व चेस्ट का माप व पांच हजार मीटर दौड़ आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त महिला वर्ग के लिए 1500 मीटर दौड़ व हाइट मापी जाएगी। उन्होंने सभी अभ्यार्थियों से छह फरवरी को निर्धारित वन मित्र भर्ती स्थल पर प्रातः सात बजे उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### डीसी के आदेश, पंजोआ से बड़ूही तक रोड रहेगा बंद

**ऊना।** जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 व 116 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं कि छह फरवरी को प्रातः सात बजे से सायं छह बजे तक पंजोआ से बड़ूही रोड बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश वन रेंज अंब व भरवाईं की वनमित्र भर्ती के मद्देनजर जारी किए गए हैं।

जनसहयोग | **पवित्र धाम श्री अयोध्या में लगे हिमाचली लंगर के लिए गगरेट से राशन लेकर दूसरा ट्रक हुआ रवाना**

# हर किसी के बस में नहीं लंगर लगाना : स्वामी भगत राम

अनंत ज्ञान, गगरेट



**पवित्र** धाम अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शनों को जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश की जनता के सहयोग से भाजपा द्वारा लगाए जा रहे लंगर के लिए शनिवार को गगरेट से दूसरा ट्रक राशन लेकर रवाना हुआ।

इस दौरान स्वामी भगत राम जी महाराज ने पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर की मौजूदगी में ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रयासों से राशन गांव-गांव में जनसहयोग से एकत्रित किया गया है। स्वामी भगत राम जी ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि श्रीरामलला को करीब पांच सौ साल बाद वैदिक विधि विधान के साथ अपना घर मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए एक बार हर कोई अयोध्या जी जाएं।

उन्होंने कहा कि वे लोग भी सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें पवित्र अयोध्या धाम में लंगर लगाने का अवसर मिला है और वे लोग भी सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें इस लंगर के लिए राशन देने का अवसर मिला है। हर किसी के बस में न तो लंगर का आयोजन करना है और न ही हर किसी के बस में लंगर के लिए राशन प्रदान करना। वहीं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में हिमाचल प्रदेश की ओर से लगाया जाने वाला लंगर चालू हो चुका है। वहां पर हिमाचल के ही सेवादार लंगर में आने वाले लोगों के लिए खाना परोस रहे हैं।

इससे पहले भी द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के तमाम सदस्यों की मदद से गगरेट क्षेत्र की जनता द्वारा जनसहोयग से एकत्रित किया गया लंगर का सामान अयोध्या पहुंचाया गया और अब राशन से भरा दूसरा ट्रक अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि राम महज एक पात्र नहीं, बल्कि साक्षात भगवान हैं और हर भारतीय का मान हैं। उन्होंने कहा कि जिला ऊना से अयोध्या के लिए विशेष रेलगाड़ियां भी चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार राजू, इंद्रजीत सिंह पिंकी, अजय शर्मा, मंगल सिंह, नितिन नंबरदार, अभिनव पुरी, संजीव संधू, रमेश हीर, विकास कालिया, गौरव जसवाल, हरदयाल सिंह, परमजीत सिंह व भाजपा नेता राजेश डोगरा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## डोहकेश्वर धाम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए अक्षत वितरण के साथ दिया जा रहा निमंत्रण



कुटलैहड़ में लोगों को डोहकेश्वर धाम के कार्यक्रम का अक्षत के साथ निमंत्रण देते देसराज मोदगिल और उनके सहयोगी।



डीएफओ मंडी और उनके परिवार को निमंत्रण सौंपते नंद लाल शर्मा।

**ऊना।** डोहकेश्वर धाम के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अक्षत के साथ लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। इस धाम की स्थापना सनातन धर्म से जुड़े सभी लोगों के लिए किसी दिव्य तीर्थ स्थल की परिकल्पना से कम नहीं है। मोदगिल परिवार ने निमंत्रण और अक्षत वितरण का जिम्मा भी खुद संभाला है। एसजेवीएन के पूर्व प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा और उनके परिवार तथा सहयोगियों द्वारा सूबे के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर इस कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है।

समय और जिंदगी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं। जीवन समय का सदुपयोग सिखाती है और समय जीवन की कीमत बताता है। – अज्ञात



## जागरुकता के नाम पर मौत की झूठी खबर फैलाना अनुचित

**जानी** मानी एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे अपनी मौत की झूठी खबर फैलाकर बुरी तरह फंस गई है। पूनम पांडे का सच सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है। दरअसल, ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने मुंबई के विखरोली पार्क साइट पुलिस स्टेशन में पूनम पांडे के फर्जी डेथ स्टंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पूनम पांडे ने इंस्टाग्राम पर खुद एक लाइव वीडियो में बताया है कि उनकी मौत की खबर फर्जी है। सर्वाइकल कैंसर की वजह से उनकी मौत नहीं हुई है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरुकता फैलाना के लिए ऐसा किया था। पूनम के इस पब्लिसिटी स्टंट से सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है। उसके फैंस बेहद नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। बॉलीवुड सेलेब्स से लेकर कई लोग उन पर भड़क रहे हैं। वैसे पूनम पांडे का विवादों से पुराना नाता रहा है। पूनम पांडे पहली बार साल 2011 में सुर्खियों में आई थीं। उस दौरान उनकी उम्र महज 18 साल थी। तब उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया था जिससे चारों तरफ हंगामा मच गया था। उन्होंने कहा था कि अगर भारत विश्व कप जीतता है तो वो अपने सारे कपड़े उतार देंगी। उनके इस बयान पर काफी बवाल हुआ था। अब पूनम चाहे सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक करने की बात कहती रहे, लेकिन इस तरह से उसने अपनी छवि लोगों के बीच बिगाड़ दी है। ऐसी जागरूकता भी किस काम की जिससे जनता-जनार्दन की भावनाएं ही आहत हो जाएं। लोगों के पास इतना समय भला कहां कि वह दूसरों के बारे में सोचते रहें। आजकल समय तो ऐसा चल निकला है कि खुद के लिए भी सोचने की फुर्सत नहीं मिलती। ऐसे में इस तरह का मजाक किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। सर्वाइकल कैंसर की बीमारी मुख्य रूप से महिलाओं में ही होती है। इस कैंसर को साइलेंट किलर भी कहते हैं। शुरुआत में इसके ज्यादा लक्षण नजर नहीं आते हैं। यह सर्वविदित है कि बॉलीवुड में ग्लैमर और बोल्डनेस का बोलबाला रहता है। फिल्म जगत की हसीनाएं केवल खूबसूरती में ही नहीं बल्कि बोल्डनेस में भी एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देती हैं। इंडस्ट्री में अपनी बोल्डनेस से लोगों के दिलों पर राज करने वाली पूनम पांडे को बोल्ड अदाओं के चर्चे लोगों की जुबां पर रहते हैं, लेकिन अब यह देखना होगा कि इस एपिसोड के बाद लोग उन्हें कितना पसंद करेंगे। पूनम पांडे की प्रोफेशनल लाइफ के अलावा पर्सनल लाइफ भी उतार-चढ़ाव से भरी रही है। पूनम ने साल 2020 में अपने बॉयफ्रेंड सैम बॉम्बे से शादी रचाई थी। सोशल मीडिया पर उन्होंने शादी का ऐलान किया था, लेकिन शादी के 12 ही दिन में उनके और सैम बॉम्बे के अलगाव की खबर भी आ गई थी। फैंस भी इस खबर को सुनकर काफी शॉक्ड हो गए थे। पूनम पांडे ने अपनी शादी को गहरे विवादों में डाल दिया था। पूनम ने अपने पति सैम बॉम्बे पर मारपीट के आरोप लगाए थे। इसके बाद से दोनों के वैवाहिक रिश्ते में खटास आ गई थी और दोनों रास्ते हमेशा के लिए अलग हो गए थे। अभिनेत्री के फोन से लेकर उनके कपड़े पहनने तक के फैसले सैम लिया करते थे। पूनम इस व्यवहार से तंग आ गई थीं। इसके साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया था कि घरेलू हिंसा के कारण उन्हें ब्रेन हेमरेज तक हो गया था। खैर, पूनम पांडे वाकई सही सलामत हैं और उनकी मौत की खबर भी झूठी निकली।

# लखपति दीदी योजना महिलाओं के लिए एक वरदान



नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर
जिला मंडी।

**15** अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए इस लखपति दीदी योजना का जिक्र किया था। यह एक ऐसी योजना है, जिससे महिलाएं अपना स्वरोजगार खड़ा करके स्वयं तो आत्मनिर्भर बन ही सकती हैं दूसरी महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकती हैं।

इस समय देश में लगभग 8300000 स्वयं सहायता समूह अपना काम कर रहे हैं जिनसे लगभग नौ करोड़ महिलाएं जुड़ी हुई हैं और अपना जीवन स्तर सुधार रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2024 के अपने बजट भाषण में महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना शुरू करने का ऐलान किया। इसके तहत महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्हें स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम देने के लिए, महिलाओं को पैसा कमाने योग्य बनाने के लिए मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया। इस योजना के तहत महिलाओं को प्लंबिंग, ड्रोन के संचालन, मरम्मत और एलईडी बनाने तथा अन्य कार्यों का प्रशिक्षण देना है ताकि महिलाएं खुद का काम शुरू करके आत्मनिर्भर बन सकें और एक साल में एक लाख से अधिक रुपए कमा सकें। महिलाओं को 1-5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। यह वंचित गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। ये महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी होनी चाहिए। वित्त मंत्री के अनुसार अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और अब तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। इससे करोड़ों लोगों का जीवनस्तर तो सुधरेगा ही, साथ में उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद बाजार की मांग को भी पूरा करेंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी क्योंकि जब अधिक से अधिक उत्पाद अपने देश में ही तैयार होंगे तो आयात में भी कमी आएगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी और यदि इस योजना से नई-नई तकनीक से अच्छे से अच्छे

**किसी भी देश की महिलाओं का सशक्तिकरण उस देश की विकासगाथा लिखता है। हमारे देश की आधी आबादी के लिए लखपति दीदी योजना लाकर सरकार ने आत्मनिर्भर भारत और उसके पश्चात विकसित भारत की सुदृढ़ नींव रख दी है। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर इस योजना से लाभ उठाकर विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे सकती हैं। गरीब और वंचित महिलाओं को नजरंदाज करके कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता।**

उत्पाद तैयार किए जाएंगे तो इसका निर्यात भी किया जा सकता है। देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। देश की आर्थिकी के लिए महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्षम होना बहुत आवश्यक है। हमारे देश में महिलाओं को लक्ष्मी का दर्जा दिया गया है। जब किसी घर की महिला आर्थिक रूप से सशक्त होगी तो वह परिवार भी आर्थिक रूप से सक्षम हो जाएगा। वैसे भी महिलाएं अपने परिवार को चलाने के लिए धन का संचालन बहुत अच्छे ढंग से करती हैं। किसी भी परिवार को ऊपर उठाने में महिलाओं का बहुत बड़ा हाथ होता है।

परिवार की उन्नति के लिए महिलाओं का पढ़ा-लिखा तथा आर्थिक रूप से सक्षम होना बहुत आवश्यक है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं और जब गरीब और वंचित महिलाओं को लखपति दीदी योजना का लाभ मिलेगा तो निश्चित तौर पर ये महिलाएं देश की समृद्धि के लिए अपना सर्वोच्च प्रदान करेंगी। बस उन्हें तलाश है तो केवल मौके की, जो कि सरकार ने इन्हे प्रदान कर दिया है। आज भी हमारे देश भारत में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवनयापन कर रहे हैं, उन परिवारों के लिए यह योजना बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। क्योंकि किसी भी देश को समृद्ध और विकसित बनाने में गरीबी एक बहुत बड़ा रोड़ा है। वैसे भी हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत बनाने के लिए ऐसी योजनाओं को लागू करना बहुत आवश्यक है। विकसित भारत बनाने के लिए हर वर्ग का संपन्न होना बहुत अनिवार्य है। वैसे भी हमारा देश भारत पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। जब जनकल्याण की योजनाएं धरातल पर अच्छे ढंग से लागू होती हैं तो देश अवश्य ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। जब हमारे देश भारत की एक करोड़ महिलाएं लखपति बन सकती हैं तो फिर तीन करोड़ या इससे अधिक क्यों नहीं। जब स्वयं सहायता समूह द्वारा एक महिला लखपति दीदी बन जाती है तो इससे दूसरी महिलाओं को भी प्रेरणा मिलती है और यही क्रम इसी प्रकार चलता रहा तो निश्चित तौर पर अन्य करोड़ों महिलाएं भी स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन जाएंगी। हमारा देश भारत लगभग 142 करोड़ लोगों का देश है। इतनी बड़ी जनसंख्या का अच्छे से भरण पोषण करना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस चुनौती से पार पाने के लिए ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं का अपना अलग ही महत्व है।

इसी तरह सरकार ने कई योजनाएं बनाईं हैं, जिनका लाभ उठाकर लोग अपना जीवन स्तर ऊपर उठा सकते हैं। किसी भी देश की महिलाओं का सशक्तिकरण उस देश की विकासगाथा लिखता है। हमारे देश की आधी आबादी के लिए लखपति दीदी योजना लाकर सरकार ने आत्मनिर्भर भारत और उसके पश्चात विकसित भारत की सुदृढ़ नींव रख दी है। अति गरीब महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर इस योजना से लाभ उठाकर विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। गरीब और वंचित महिलाओं को नजरंदाज करके कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और महिलाएं भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। इन प्रतिभाओं को केवल निखारने की आवश्यकता है जो कि इस योजना में दिखाई दे रही है। जब इस देश की करोड़ों महिलाएं आत्मनिर्भर हो जाएंगी तो देश की विकास की रफ्तार और तेज गति से बढ़ेगी।

इसके साथ-साथ करोड़ों घरों की गरीबी दूर होगी और देश में खुशहाली आएगी। गरीबी एक ऐसा रोग है जिससे गरीब व्यक्ति का जीवन बहुत कष्टमय हो जाता है और वह दूसरे लोगों तथा सरकार से मदद की आस लगाए बैठा रहता है और कई बार मदद न मिलने पर पैसों के लालच में गलत कदम उठा लेता है। कई बार देखा गया है कि लोग गरीबी से तंग आकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। इस संसार में मानव जीवन सभी प्राणियों से सर्वश्रेष्ठ जीवन है। इस जीवन का आत्मनिर्भर होना बहुत ही आवश्यक है तभी सुखमय जीवन की परिकल्पना की जा सकती है। भारत एक बहुत बड़ा लोकतंत्र है। लोकतांत्रिक देश में सभी लोगों को एक अच्छा जीवन जीने का अधिकार है। अर्थशास्त्री भी इस बात को मानते हैं कि स्वस्थ और अच्छा जीवन जीने के लिए किसी भी व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त होना चाहिए। खैर बात कुछ भी हो लखपति दीदी योजना देश की महिलाओं और अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## नजरिया: मानव जीवन सुंदर, सुखद , अद्भुत तथा सर्वथा जीने योग्य

**मौत है** क्या, एक लफ्ज-ए- बेमानी,
जिसे भी मारा, हयात ने मारा।

इस कथन से पूर्ण सहमत होना कतई भी आवश्यक नहीं है। इस विषय पर आध्यात्मिक व परालौकिक चर्चा फिर कभी करेंगे, इत्मीनान और सौहार्द से। फिलहाल तो मानुष जीवन के सांसारिक तथा भौतिक पक्ष की बात की जाए। कुछ एक ऐसे हैं। निश्चिंत रहें, निकट और सुदूर भविष्य सुरक्षित व शुभ है। भारत का भी और सारी पृथ्वी का भी।

न कोई विश्व युद्ध होने वाला है और न ही कोई भूकंप। प्रलय संभावित है, कुछ अत्यंत ही घटिया और नीच किस्म के समाचार चैनल ही बस प्रतिदिन अवांछित हिंसा और विश्वयुद्ध के समाचार गढ़ने का कुत्सित और असफल प्रयास कर रहे हैं।

इस समय सारी पृथ्वी की जनसंख्या लगभग साढ़े सात से आठ अरब है और एक संभवत: विश्वसनीय सर्वे के अनुसार इस धरा पर तीस अरब लोगों के लिए भी पर्याप्त मात्रा में जीवन - संसाधन उपलब्ध हैं। भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती उपयोगी और पेयजल की उपलब्धता की मानी जाती है । यहां तक घोषणा कर दी जाती है कि तीसरा विश्व युद्ध स्वच्छ, शुद्ध जल की प्राप्ति के लिए होगा। विशेषकर हमारे अपने देश भारत ने भी खारे समुद्रजल को पीने और कृषि के



मुमुक्षु के ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार, चंबा

लिए उपयोगी बनाने में पूर्ण सफलता प्राप्त कर ली है। यद्यपि यह प्रक्रिया अभी लगभग शैशव अवस्था में है, तथापि भविष्य में ऐसी योजना परियोजना हिंदुस्तान सहित सारे संसार के लिए निश्चित रूप से किसी अलौकिक वरदान जैसी सिद्ध होने वाली है। विश्व भर में बनाकर रखे गए अत्यंत ही घातक परमाणु अस्त्रों का क्या किया जाए, इस घोर समस्या का हल भी विश्व मानवों के पास उपलब्ध है। यकीन मानीए, अब भारत सहित सारा विश्व शुभ, सुरक्षित, स्वर्णिम काल की ओर ही निरंतर अग्रसर है। मरने से कभी नहीं डरना है और साथ ही सदा ये स्मरण और अनुभूति भी रहे कि ये मानुष जीवन भी सुंदर, सुखद , अद्भुत तथा सर्वथा जीने योग्य है।

## अंदाज-ए-बयां: भड़क उठी है चिंगारी

*भड़क उठी है चिंगारी, हुए धमाके जोर से*
*अफरा तफरी मच गई , गूंजा नभ शोर से ।*

*रोजी रोटी की तलाश में, आए बड़ी आस से*
*जान बचाने भाग रहे, ढूंढ रहे राह छोर से ।*

*धुआं धुआं हुआ है ऐसा, चीख रहे जोर से*
*स्याह हुए सपने, देखे हैं जो पहले भोर से ।*

*दम घुटने लगा , आती नहीं प्राण वायु किसी ओर से*
*जान क्या होती , पूछिए , कूदा जो छत की छोर से ।*

*बंद हुई कुछ आंखें, कुछ तड़प रहे जोर-जोर से*
*है जो सुरक्षित, शुक्र लंच टाइम का कर रहे जोर से ।*

कवि
अनिल शर्मा नील

# कैंसर नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम, व्यवहारिक रणनीति जरूरी

(विश्व कैंसर दिवस विशेष)



रमेश सर्राफ धमोरा
(लेखक, हिंदुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

**कैंसर** का नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। पीड़ित बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है, उसके साथ ही उसके परिवार को भी कष्टमय स्थिति से गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है, जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मरीज घुट-घुट कर मरता है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के परिप्रेक्ष्य 04 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य पांच पर केंद्रित किया गया है, जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं, जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं।

इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यवहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिए। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में हैं। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए थे, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय थे। इतना ही नहीं भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है, जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है, जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है।

# बद्दी भीषण अग्निकांड का जिम्मेदार कौन ?

**देश** में हर वर्ष मजदूर दबकर व जलकर मारे जा रहे हैं। ताजा दर्दनाक अग्निकांड 2 फरवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्टरी में घटित हुआ, जहां 35 लोग झुलस गए और एक महिला की मौत हो गई। चार लोगों को पीजीआई में भर्ती किया है। अभी भी 20 लोग लापता हैं, सर्च ऑपरेशन जारी है। फैक्टरी के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है।

हादसे के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे। 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली, इनमें तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई। मलिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है। सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए। 2019 में राजधानी दिल्ली में रानी झांसी रोड पर स्थित अनाज मंडी में रविवार सुबह चार बजे आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कैसी विडंबना है कि कभी सुरंगों व उद्योगों में लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं, जब बड़ा हादसा हो जाता है। 2019 के 11 महीनों में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए हैं। देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गत



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ स्तंभकार, पत्रकार

वर्ष भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारे गए थे। जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखे की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगने के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन को चाहिए कि लापरवाही बरतने वालों को सजा दी जाए ताकि फिर ऐसे हादसे न हो सकें।

दूसरे हादसे में कानपुर में भी दो मजदूरों की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। एक दिन में ही 19 मजदूर मारे गए। यह बहुत ही दुखद है। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की

**कैसी विडंबना है कि कभी सुरंगों व उद्योगों में लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती है, जब बड़ा हादसा हो जाता है। 2019 के 11 महीनों में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए है। देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गत वर्ष भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारे गए थे। जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखे की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगने के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।**

सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपुर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे। आग लगने का कारण बिजली का शार्टसर्किट था। आखिर ये हादसे कब रुकेंगे। यह कोई पहला हादसा नहीं है, देश में अब तक हजारों मजदूर बेमौत मारे जा चुके हैं। एक साल पहले हिमाचल के बिलासपुर में भी एक ऐसा ही हादसा घटित हुआ था जब फोरलेन का काम करते समय सुरंग ढह गई और तीन मजदूर उसमें दब गए मगर 12 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दो मजदूरों को जिंदा निकाला गया था। एक मजदूर हिरदा राम कोई पता नहीं चल पाया था कि वह जिंदा था या मर चुका था। लगभग नौ महीने बाद उसका शव बरामद हुआ था। भले ही प्रशासन मुआवजे का मरहम लगाता है मगर जो बेमौत मारे गए क्या वे लौट आएंगे, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। ऐसे हादसे पहले भी हो चुके है, जिसमें सैकड़ों लोग लापरवाही के कारण मारे जा चुके हैं। इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं। हादसों को देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। देश के राज्यों में चल रहे ईंटों के भठ्ठों में मजदूर मारे जा रहे हैं। मजदूरों के पसीने से ही ईंटें पकती हैं मगर भठ्ठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2001 से 2 फरवरी 2024 तक हजारों मजदूर मारे जा चुके हैं। इस घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या हैं। इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकारों ने सबक सीखा और न ही लोगों ने सीखा। पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं।

सरकारें ऐसी घटनाओं के बाद मुआवजों की घोषणा करने तथा जांच के आदेश देने में देरी नहीं करती। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते हैं मगर प्रकाश में नहीं आते। इन हादसों में सैकड़ों बच्चे अनाथ हो गए और कई मां-बहनों का सिंदूर मिट गया और बहनों के भाई मारे गए। केंद्र सरकार को इन हादसों के संदर्भ में छानबीन करवानी चाहिए तथा दोषियों को सजा देनी होगी। समय रहते इन घटनाओं को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक हादसों पर विराम लग सके। अगर अब भी सरकार ने लापरवाही बरती तो निर्दोष लोग व मजदूर बेमौत मरते रहेंगे। ऐसे हादसो पर रोक के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों की पुनरावृत्ति न हो सके।

# यूएई ने धार्मिक सहनशीलता की पेश की मिसाल

ब्लॉगर



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबुधावी (अल बाकबा) में वीएपीएस हिंदू मंदिर का निर्माण किया जाना इंसानियत की एक बेहतरीन मिशाल है। अगर यूं कहें कि बहुत जल्दी आबुधावी में इस मंदिर में पूजा-अर्चना सहित घंटियों की आवाज सुनाई देगी तो ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नयायान ने इस हिंदू मंदिर निर्माण के लिए जमीन दान करके करोड़ों भारतीयों की धार्मिक भावनाओं की कदर की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को आबुधावी में बन चुके इस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूएई आगमन पर अप्रवासी भारतीयों में खासा उत्साह एक बार फिर देखने को मिल रहा है। संयुक्त अरब ईमारात में रहने वाले लाखों भारतीय धार्मिक समागम की शोभा बढ़ाने के लिए तैयारियां कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधकों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाकर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार विश्व स्तर पर किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक हिंदू मंदिर की आधारशिला 2015, उद्घाटन 11 फरवरी 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस मंदिर निर्माण से भारत, संयुक्त अरब अमीरात के आपसी संबंध अधिक घनिष्ठ होंगे। धार्मिक आस्था के प्रतीक भापस मंदिर का निर्माण 27 एकड़ जमीन में किया गया है। 108 फुट ऊंचा मंदिर 40 हजार क्यूबिक मीटर संगमरमर, 180 क्यूबिक मीटर बलुआ पत्थर शामिल है। मंदिर निर्माण में पचास हजार से अधिक लोगों ने ईंटें दान दी, जिनमें विदेश मंत्री जयशंकर सहित अभिनेता अक्षय कुमार और संजय दत्त के नाम भी शामिल हैं।

इस मंदिर को बनाने के लिए वैदिक वास्तुकला का इस्तेमाल किया गया है। मंदिर में दो शानदार गुबंदों को भी बनाया गया है। एक को सदभाव और दूसरे को शांति का गुबंद कहा गया है। मंदिर में स्वामी नारायण भगवान श्रीराम चंद्र, लक्ष्मण, सीता, श्रीकृष्ण और अयप्पन सहित भारत के विभिन्न हिस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाले देवी देवताओं को स्थापित किया गया है। जेवल अली में अब अप्रवासी भारतीय गुरुद्वारा, मंदिर और चर्च में जाकर अपने अपने धर्म का पालन करते हैं। यूएई सरकार द्वारा सभी धर्मों को सम्मान दिए जाने की छेड़ी गई मुहिम की विश्व स्तर पर प्रशंसा हुई है। यह बात अलग की कुछेक मुस्लिम कटरपंथी देश यूएई की इस सकारात्मक सोच से बहुत आहत हैं। यूएई पर्यटन, विकास की दृष्टि से बहुत आगे निकल चुका है। सबसे अहम बात यह कि यूएई सहनशीलता में अत्यधिक विश्वास रखते हुए सभी धर्मों का एक समान तरजीह देता है। विश्व स्तर का पर्यटक खासकर दुबई की चकाचौंध रोशनी से बहुत प्रभावित रहता है।

यूएई ने पर्यटकों की सुख सुविधा के लिए तमाम सुविधाएं उन्हें मुहैया करवाई हैं। यूएई, भारत के व्यावसायिक संबंध पहले से अधिक मजबूत बने हैं। यूएई में भारतीय समुदाय का एक बड़ा वर्ग रहता है। ठीक इसी कारण भी हिंदू मंदिरों का निर्माण किया जाना अब जरूरी समझा जाने लगा है।

## अपनी बात

**वायु** प्रदूषण मानव जाति के लिए ही नहीं, बल्कि सभी प्राणी जाति के लिए हानिकारक है। भारत में बहुत पहले से ही वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों ने आरंभ कर दिए थे। 1950 में वनों को बचाने के लिए 'वन महोत्सव' की शुरुआत की गई। 1970 के दशक में जब देश में वन संपदा का अपार भंडार होता था, तब भी पर्यावरण की चिंता करते हुए गढ़वाल के लोगों ने वृक्षों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन आरंभ कर दिया था। वन हैं तो हम हैं, जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी हमारे देश बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। हिमाचल प्रदेश में भी बहुत से वनों को काटकर भवनों का निर्माण हो रहा है। भारत में भी इसी तरह वन संपदा और वृक्षों को नष्ट करने का सिलसिला बरकरार रहा तो वो दिन दूर नहीं है, जब भारत में भी रेगिस्तानों की संख्या बेतहाशा हो जाएगी और विभिन्न ऋतुओं के देश भारत में भी एक या दो मौसम ही रह जाएंगे। आज हर कोई अपने घर के आंगन या छत पर तुलसी, एलोवेरा, पुदीना, धनिया या फिर अन्य फूलों के पौधे लगाए तो भी देश में हरियाली बढ़ सकती है, जोकि पर्यावरण पर सकारात्मक असर जरूर डालेगी। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण, शहरीकरण और मानव आबादी में वृद्धि ने प्राकृतिक वातावरण को बिगाड़ दिया है। आज जिस हवा में हम सांस लेते हैं वह खतरनाक रूप से प्रदूषित होती जा रही है। विभिन्न स्वास्थ्य प्रभावों के कारण मानव शरीर को बीमारियां लग रही हैं।

– **निशांत, जयसिंहपुर, कांगड़ा।**

## आपकी डायरी

पहाड़ों से उतरती
चीरती सीना चट्टानों का
डरावनी (रौद्र) लगती
भागे जाती दहाड़ती
समेटे जाती साथ सब
कुछ नदी
अपनी विनाशकारी
तबाही में,,,!



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# यशस्वी बने डबल सेंचुरी लगाने वाले तीसरे यंगेस्ट इंडियन

## छठा टेस्ट खेल रहे जायसवाल ने 290 गेंद की पारी में 19 चौके और सात छक्कों की मदद से बनाए 209 रन

| खिलाड़ी | उम्र | खिलाफ |
|---|---|---|
| विनोद कांबली | 21 साल 335 दिन | इंग्लैंड |
| विनोद कांबली | 21 साल 55 दिन | जिम्बाब्वे |
| सुनील गावस्कर | 21 साल 283 दिन | वेस्टइंडीज |
| यशस्वी जायसवाल | 21 साल 37 दिन | इंग्लैंड |

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**भारत** के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने।

अपना छठा टेस्ट खेल रहे 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद की पारी में 19 चौके और सात छक्के की मदद से 209 रन बनाए। वह दिग्गज जेम्स एंडरसन की गेंद पर जॉनी बेयरस्टो को कैच देकर पवेलियन लौटे।

सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय का रिकॉर्ड विनोद कांबली के नाम है। पूर्व वामहस्त बल्लेबाज कांबली ने 1993 में 21 साल और 335 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली ने इसके 20 दिन के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना लगातार दूसरा दोहरा शतक बनाया था।

कांबली से पहले महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर लंबे समय तक दोहरा शतक जड़ने वाले भारत के सबसे युवा बल्लेबाज थे। उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था। जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में 171 रन बनाए थे। उन्होंने हैदराबाद में मौजूदा श्रृंखला के शुरुआती मैच में 80 रन बनाए थे, जिसे भारत 28 रन से हार गया था। जायसवाल ने दूसरे दिन के पहले सत्र में पदार्पण कर रहे स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0–1 से पिछड़ रही है।



## भारत 396 रन पर ऑलआउट

**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 336 रन से आगे से की थी। टीम ने दिन के पहले सत्र 60 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चारों विकेट गंवा दिए। इंग्लैंड के लिए दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 25 ओवर में 47 रन देकर तीन विकेट लिये। शोएब बशीर और रेहान अहमद को भी तीन–तीन सफलता मिली।

## न्यूज ब्रीफ

### अस्मिता चालिहा सेमीफाइनल में हारी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का प्रभावशाली प्रदर्शन शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सुपानिडा काटेथोंग से सीधे गेम में हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 35 मिनट तक चले मुकाबले के सीधे गेमों में 21-13, 21-12 से हराया। बाएं हाथ की दो खिलाड़ियों का मुकाबला शुरुआत से एकतरफा रहा। सुपानिडा ने पहले गेम 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। थाईलैंड की खिलाड़ी ने अगले 10 में से नौ अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### चौहान कट में जगह बनाने से चूके

**बहरीन।** भारत के ओम प्रकाश चौहान तेज हवा और मुश्किल परिस्थितियों के बीच बहरीन गोल्फ चैंपियनशिप में कट में जगह बनाने से चूक गए। भारत के पीजीटीआई सर्किट में 2023 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' के विजेता रहे इस खिलाड़ी ने पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे दौर में उनका स्कोर बेहद निराशाजनक 10 ओवर 82 का रहा। वह इस दौरान दो डबल बोगी और सात बोगी के मुकाबले सिर्फ एक बर्डी ही लगा सके।

### अवनी डब्ल्यूएएपी में संयुक्त 11वें स्थान पर

**पटाया (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अवनी प्रशांत महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप (डब्ल्यूएएपी) के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर है। पहले दो दौर में 68 और 69 का स्कोर करने वाली अवनी ने तीसरे दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी लगाई। अवनी का कुल स्कोर आठ अंडर है, जबकि तालिका में शीर्ष पर काबिज चीनी ताइपे की चुन-वेई वू (66) का स्कोर 18-अंडर का है। कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय सान्वी सोमू 75 के कार्ड के साथ संयुक्त 48 वें स्थान पर है। यह 15 साल की खिलाड़ी ने दो बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी।

### राम-क्राजिसेक ने जीत हासिल कर डेविस कप में अमेरिका को अजेय बढ़त दिलाई

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर 'बेस्ट ऑफ फाइव' क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी कूतिख की जोड़ी को 6-3 4-6 6-3 से हराया।

### मेस्सी व बार्सिलोना के बीच शुरुआती करार का गवाह रहा 'नैपकिन' होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ करियर एक 'नैपकिन' पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपए) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी 'बोनहम्स' 18 से 27 मार्च तक इस 'नौपकिन' के लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। 'बोनहम्स' ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर, 2000 की तारीख वाले इस 'नैपकिन' पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें सैद्धांतिक रूप से मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य उनके पिता जॉर्ज मेस्सी को आश्वस्त करना था कि यह सौदा पूरा होगा। इसके तुरंत बाद क्लब के साथ अधिक औपचारिक और विस्तृत अनुबंध हुआ था। 'बोनहम्स' न्यूयॉर्क में पुस्तकों और पांडुलिपियों के प्रमुख इयान एहलिंग ने एक बयान में कहा कि यह मेरे द्वारा अब तक संभाले गए सबसे रोमांचकारी चीजों में से एक है। हां, यह एक पेपर नैपकिन है, लेकिन यह प्रसिद्ध नैपकिन है, जो लियोनेल मेस्सी के करियर की शुरुआत से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इसने एफसी बार्सिलोना और मेस्सी के भविष्य को बदल दिया। इसने दुनिया भर के करोड़ों प्रशंसकों को फुटबाल के कुछ सबसे शानदार क्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमटी, बुमराह ने झटके 6 विकेट

## दूसरी पारी में भारत का स्कोर 28/0

**बोल्ड....** जसप्रीत बुमराह ने कप्तान बेन स्टोक्स को बोल्ड कर 150 टेस्ट विकेट हो गए हैं। वे सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने हैं।



**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**जसप्रीत** बुमराह ने स्पिनरों की मददगार पिच में तेज गेंदबाजी का शानदार नमूना पेश करते हुए छह विकेट झटके, जिससे पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत के 396 रन के जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन सिमट गई।

पहली पारी के बाद भारत के पास 143 रन की बढ़त है।

बुमराह को वामहस्त स्पिनर कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए तीन विकेट लिए।

इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली ने 78 गेंद में 76 और कप्तान बेन स्टोक्स ने 54 गेंद में 47 रन की आक्रामक पारी खेली।

## हमें टर्निंग पिचों की जरूरत क्यों है, हमें अच्छे विकेट पर खेलना चाहिए : गांगुली

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**पूर्व** भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दोपहर के सत्र में जसप्रीत बुमराह के शानदार स्पैल को देखकर टर्न लेती पिचों के बजाय अच्छी पिचें तैयार करने की वकालत की। बुमराह ने यार्कर गेंद पर ओली पोप को आउट किया।

इसके बाद गांगुली ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि जब मैं बुमराह, शमी, सिराज और मुकेश को गेंदबाजी करते देखता हूं तो मुझे हैरानी होती है कि हमें भारत में टर्निंग पिच तैयार करने की क्या जरूरत है। प्रत्येक मैच के साथ मेरा अच्छे विकेट पर खेलने को लेकर विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें अश्विन, जडेजा, कुलदीप और अक्षर के सहयोग से किसी भी पिच पर 20 विकेट मिल जाएंगे।

बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख ने पिछले साल के शुरू में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला में भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए थे, विशेषकर इंदौर की पिच को आईसीसी से खराब रेटिंग मिलने के बाद।

## क्रिकेट जगत ने दोहरा शतक जड़ने वाले जायसवाल की पीठ थपथपाई

**विशाखापत्तनम।** 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में क्रिकेट जगत शनिवार को टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल की तारीफ की।

तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, " **शाबाश यशस्वी. शानदार प्रयास।**" इस श्रृंखला की शुरुआती दो टेस्ट से निजी कारणों ने टीम से बाहर रहने वाले कोहली ने कहा," **यशस्वी जायसवाल ....कम उम्र में शानदारी पारी खेली।**" भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा, "**युवा यशस्वी जायसवाल का शानदार दोहरा शतक, बधाई।**" भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने लिखा, "एक शतक विशेष होता है और जब आप दोहरा शतक बनाते हैं तो यह एक अलग ही ऊंचाई होती है। **यशस्वी.... नाम में ही बड़ा अर्थ है। आने वाले समय में आप कई और शतक जड़ेंगे... यशस्वी जायसवाल ने अच्छा खेला।**" भारत के पूर्व क्रिकेटर और पश्चिम बंगाल सरकार में वर्तमान खेल खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री मनोज तिवारी ने भी जायसवाल को बधाई दी। उन्होंने लिखा, "**भारतीय क्रिकेट में किसी बड़ी चीज की शुरुआत। चमकते रहो यशस्वी।**"

## यशस्वी को खेलने दें, उपलब्धियों को बढ़ा चढ़ाकर न करें पेश : गंभीर

**नई दिल्ली।** गंभीर ने पीटीआई से बातचीत के दौरान कहा कि मैं जायसवाल को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देना चाहता हूं, लेकिन सबसे अहम बात है कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि युवा खिलाड़ी को खेलने दें। हमने पहले भी देखा है कि भारत में हमारी आदत होती है, विशेषकर मीडिया में कि वे खिलाड़ियों की उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं और उन्हें 'टैग' दे देते हैं और उन्हें नायक के समान पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे उम्मीदों का दबाव बढ़ जाता है और खिलाड़ी अपना नैसर्गिक खेल नहीं खेल पाते। उसे बढ़ने दीजिए और अपने क्रिकेट का लुत्फ उठाने दीजिए।

## ऋषभ ने मार्शल आर्ट में जीता कांस्य पदक



औद्योनिकी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी नेरी के ऋषभ चौहान मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के बाद कॉलेज प्रबंधन के साथ

**हमीरपुर।** औद्योनिकी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी नेरी के बीएससी (वानिकी) की प्रथम वर्ष के छात्र ऋषभ चौहान ने अमृतसर स्थित गुरुदेव नानक देव यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पैनसैक सिलॉट (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता में 45 से 50 किलोग्राम कांस्य पदक प्राप्त किया है। कॉलेज के डीन डॉ. कमल शर्मा ने ऋषभ चौहान को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने छात्र कल्याण गतिविधियों एवं युक्ति घर शारीरिक शिक्षा के शिक्षक डॉ. बीएस राणा के प्रयासों की भी सराहना की है।

## हैंडबॉल खेल में लड़कियों का शानदार प्रदर्शन

**ऊना।** नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाली हिमाचल टीम को खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। खेल प्रेमी कपिल राणा, विक्की, राकेश राणा, संजीव पुरी आदि ने कहा कि हिमाचल टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने खुशी प्रकट की है कि इस टीम में ऊना की भी चार खिलाड़ी खुशबू, संपदा कश्यप, मानसी और ममता ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## गढ़वाल, जीएनडीयू और एलपीयू की टीमें जीतीं

**सुंदरनगर।** अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए सुपर नाकआउट मुकाबलों में सीयूपी एचपीबीयू गढ़वाल, जीएनडीयू अमृतसर और एलपीयू की टीमें अगले दौर में पहुंच गई हैं। प्रतियोगिता के तकनीकी कमेटी के संयोजक एचपीसीए अंपायर प्रो. अनिल गुलेरिया ने बताया कि शनिवार को खेले के पहले मैच में एनएनबीयू गढ़वाल ने सीयूपी बठिंडा को पांच विकेट के अंतर से हरा दिया। दूसरे मैच में जीएनडीयू अमृतसर ने दून विवि को 16 रनों से हरा दिया। शनिवार के अंतिम मैच में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने जम्मू विवि को हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

## खराब रौशनी से नहीं हुआ दूसरे दिन का खेल

**धर्मशाला।** स्थानीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला मध्य प्रदेश के साथ चल रहा है। शुक्रवार को शुरु हुआ चार दिवसीय मुकाबला दूसरे रोज नहीं हो सका। इस मुकाबले में हिमाचल की टीम ने पहली पारी में 169 रन बनाए हैं। मध्य प्रदेश ने चार विकेट पर 68 रन बनाए थे। खराब रौशनी के कारण शनिवार को दूसरे दिन का खेल नहीं हो पाया है।

## हरिश्चंद्र लट्टू बने अंतरराष्ट्रीय रेफरी

**रामपुर।** शिमला के रामपुर बुशहर के पिछड़े क्षेत्र किन्नू से संबंध रखने वाले हरिश्चंद्र लट्टू को वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन ने अंतरराष्ट्रीय रेफरी चयनित किया है, जो 7 से 11 फरवरी तक ताल कटोरा इंदौर स्टेडियम दिल्ली में होने वाली चैंपियनशिप में रेफरी की भूमिका भी निभाएंगे। हाल ही में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन ने रेफरी के लिए देश के 26 लोगों की सूची जारी की है, जिसमें एक चेयरमैन, तीन चीप रेफरी एवं 22 रेफरी है।

## डेविस कप विश्व प्ले ऑफ मुकाबला

### पाकिस्तान के ऐसाम उल हक और अकील खान को भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने दी शिकस्त

# रामकुमार–बालाजी जीते, भारत ने पाक पर बनाई 2–0 से बढ़त

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**भारत** ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के दबाव भरे मैचों में जीत की बदौलत शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2–0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने शुरुआती एकल में कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए।

रामकुमार ने इस्लामाबाद खेल परिसर में जोश से भरे ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था, लेकिन वापसी करते हुए 6–7(3) 7–6(4), 6–0 से जीत हासिल की।

ऐसाम कड़कड़ाती ठंड में अपने 'डबल फॉल्ट' पर लगाम नहीं लगा सके, जबकि रामकुमार ने जैसे–जैसे मैच आगे बढ़ा अपने रिटर्न बेहतर करना शुरू किया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में युगल विशेषज्ञ बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी, लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7–5, 6–3 से पराजित करने में सफल रहे।

बालाजी ने मैच पर शिकंजा कसा हुआ था। उन्होंने दोनों सेट में एक–एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है।

युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

ऐसाम ने कड़ी टक्कर देने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन तीसरे सेट के शुरू में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण जूझते नजर आए। अंत में लय खो बैठे।

रामकुमार ने दूसरे सेट में दो ब्रेक प्वाइंट बचाए जो मैच के नतीजे में अहम साबित हुए।

ठंड के कारण गेंद भारी हो गई थी, जिससे इस पर काबू करना मुश्किल हो रहा था। लेकिन रामकुमार ने अच्छी सर्विस की। उन्होंने पहले तीन सर्विस गेम में पांच ऐस जमाए।



# सिर पर रील बनाने का भूत इस कदर हुआ सवार, डेडबॉडी के पास बैठकर बनाई रील

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए लोग कुछ भी शेयर करते हैं। अब लोगों को वायरल होने का चस्का लग गया है। वायरल होने का यह चस्का लोगों को किसी भी हद तक जाने को मजबूर कर देता है। लोग यह भी नहीं देखते हैं कि उन्हें किस मौके पर क्या चाहिए या क्या नहीं।

रील बनाने के चक्कर में लोग अपनी समझ का भी इस्तेमान नहीं करते हैं। एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में एक महिला ने ऐसी सिचुएशन में ही रील बनाई है, जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग गुस्से से भर गए हैं। वायरल हो रहे वीडियो



में एक महिला दिख रही है। महिला के पास में ही एक डेडबॉडी दिखाई दे रही है। जब किसी की मौत होती है तो आम तौर पर लोग उसके घर जाते हैं। इस दौरान लोग वहां मौजूद लोगों की भावना की कदर करते हैं और उसी हिसाब से व्यवहार करते हैं, लेकिन इस महिला ने इन तमाम बातों को दरकिनार कर दिया। वायरल वीडियो में एक महिला के सिर पर रील बनाने का ऐसा भूत सवार हुआ कि उसने यह भी नहीं देखा कि बगल में एक डेडबॉडी पड़ी हुई है। ऐसे गंभीर मौके पर परिवार के साथ बैठकर दुख बांटने के बजाय महिला रील बना रही है। इस वीडियो को अब तक एक लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं।

वायरल वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा 'ऐसे लोगों का अलग देश होना चाहिए जहां इंटरनेट न हो।' एक और यूजर ने कमेंट किया 'यमराज से गलती हो गई गलत आदमी को उठा लिया।' एक और यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा 'तुम्हारी इन्हीं हरकतों से आज वह नहीं रहा।'

### बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम पांडे ने लोगों से मांगी माफी

# सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए फैलाई थी अपनी मौत की खबर

**एजेंसी, मुंबई**

बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर के कारण



निधन की जानकारी उनके प्रबंधक ने इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर कर दी थी। 24 घंटे की नाटकीय परिस्थिति में अब यह बात सामने आई है कि पूनम पांडे जीवित हैं। इस बात की जानकारी खुद पूनम पांडे ने इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करके दी है। उन्होंने वीडियो के जरिए बताया, 'मैं जिंदा हूं, मेरी मौत कैंसर से नहीं हुई है।' उन्होंने सभी से माफी भी मांगी है। 'मैं जीवित हूं...सौभाग्य से मैं सर्वाइकल कैंसर से नहीं मरी। लेकिन, आज देश में हजारों महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। इस बीमारी के कारण कई महिलाएं अपनी जान गंवा चुकी हैं।

इस गंभीर बीमारी से कैसे निपटा जाए, इसे लेकर महिलाओं में पर्याप्त जागरूकता नहीं है। लेकिन आपको पता है? सर्वाइकल कैंसर पूरी तरह से इलाज योग्य है। इसके लिए आपको समय पर स्वास्थ्य जांच और एचपीवी टीकाकरण पूरा करना होगा। पूनम पांडे ने अपने वीडियो में कहा है कि ये खबर पैसों के लिए नहीं बल्कि जन जागरूकता के लिए फैलाई गई है।

बता दें कि झूठी खबर फैलाने के आरोप में मॉडल पूनम पांडे पर एफआईआर दर्ज हो गई है।

# लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कारगिल रहा बंद, लेह में निकाली रैली

**एजेंसी, कारगिल**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और अन्य मांगों को लेकर शनिवार को कारगिल जिले में पूर्ण बंद रहा जबकि लेह जिले में विरोध रैली निकाली गई। इन विरोध-प्रदर्शनों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लद्दाख के मुद्दे पर चर्चा के लिए 19 फरवरी को नई दिल्ली में उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आहूत की है।



लद्दाख में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, छात्र संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) और लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) ने अपनी मांगों को लेकर कारगिल बंद और लेह चलो का आह्वान किया था। उनकी प्रमुख मांगों में लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा उपाय, शीघ्र नौकरी भर्ती प्रक्रिया समेत अन्य मांगें हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार कारगिल जिले में पूर्ण बंद रहा और सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, अन्य निजी कार्यालय बंद रहे। इसी तरह लेह एपेक्स बॉडी के तहत लेह में एक विरोध रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। केडीए के सदस्य सज्जाद हुसैन कारगिली ने कहा कि चार मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। सरकार को लद्दाख के लोगों की बात सुननी चाहिए और बिना किसी देरी के उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए।

## वर्ल्ड न्यूज

### राहुल गांधी ने झारखंड के देवघर वैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 21वें दिन शनिवार को झारखंड के देवघर पहुंचे। उन्होंने यहां बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राहुल इस दौरान गुलाबी धोती पहने और माथे पर चंदन लगाए नजर आए।

### हॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्ल वेदर्स का 76 वर्ष की आयु में निधन

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्ल वेदर्स का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रॉकी और



प्रीडेटर जैसी में फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाले वेदर्स ने वीरवार को आखिरी सांस ली। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उनके परिवार ने मौत की पुष्टि की है। परिवार ने यह साफ नहीं किया कि कार्ल वेदर्स का निधन कहां हुआ। उनके परिवार ने एक बयान में कहा कि वह नींद में हमेशा के लिए शांति से सो गए। फिल्म, टेलीविजन, कला और खेल में अपने योगदान के माध्यम से उन्होंने अमिट छाप छोड़ी है। दुनिया उनको याद करेगी।

### अमेजन के 50 मिलियन शेयर अगले साल बेचेंगे जेफ बेजोस

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस अगले 12 महीनों में कंनपी के 50



मिलियन (5 करोड़) शेयरों को बेचने की योजना बना रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 171.8 डॉलर प्रति शेयर की मौजूदा कीमत पर अमेजन के इन शेयरों की कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के एक फाइलिंग में दी जानकारी के अनुसार अमेजन के अरबपति संस्थापक के पास अधिकतम 50 मिलियन शेयर बेचने की योजना थी। एसईसी फाइलिंग के मुताबिक जेफ बेजोस अमेजन स्टॉक के करीब एक अरब शेयरों के मालिक हैं।

### सिविल कोर्ट में केस की बहस करते हुए हार्ट अटैक से वकील की मौत

**गोपालगंज।** देशभर में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आम से लेकर खास हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं। कब कहां, किसकी मौत हो जाए, कोई नहीं जानता। ताजा मामला गोपालगंज का है, यहां सिविल कोर्ट में मुकदमे की पैरवी की दौरान एक वरिष्ठ अधिवक्ता को दिल का दौरा आया और देखते ही देखते उनकी मौत हो गई। मृत अधिवक्ता की पहचान कुचायकोट प्रखंड के बंगरा निवासी कामेश्वर तिवारी के पुत्र दिलीप कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है। घटना के बाद सभी अधिवक्ता शोक में डूब गए।

### सिद्धू की मुश्किलें बढ़ी कांग्रेस हाइकमान ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**जालंधर।** लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंगों का दौर भी जारी है। पंजाब



में भी कांग्रेस अपनी चुनावी रणनीति बनाने की तैयारी कर रही है। इसके मद्देनजर कांग्रेस ने एक फरवरी को चुनाव समिति की अहम बैठक बुलाई थी, लेकिन बैठक से नवजोत सिंह सिद्धू नहीं पहुंचे। उन्होंने कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ अलग बैठक की थी। अब इस मामले में कांग्रेस हाईकमान नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की तैयारी कर दी है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाईकमान नवजोत सिंह सिद्धू को कारण बताओ नोटिस जारी करेगी। बताया जा रहा है कि पंजाब में 11 फरवरी को लुधियाना के समराला में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली है। रैली के बाद हाईकमान सिद्धू के खिलाफ एक्शन ले सकती है।

# पीएम मोदी ने ओडिशा को दी 70 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात

## आडवाणी को भारत रत्न पर कहा- राष्ट्र सेवा में जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भुलाता नहीं

**संबलपुर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान करीब 70,000 करोड़ रुपए की कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन कर रहा है। आज जिन विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखी गई है वे ओडिशा की प्रगति को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा में सुविधाओं के साथ-साथ यहां के नौजवानों के लिए हजारों नए रोजगार के अवसर लाने वाली हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश ने



अपने एक महान सपूत पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' देने का निर्णय लिया है। आडवाणी का ये सम्मान इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भुलाता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें आडवाणी का स्नेह और मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहा है। केंद्र सरकार के मदद और प्रयासों से ओडिशा पेट्रोलियम और पेट्रो-रसायन के क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपए के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा ऊर्जा, सड़क व रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो क्षेत्र में ट्रेनों की आवाजाही को बेहतर बनाएगी।

### खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को युवाओं और राष्ट्र के विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में जो उत्साह और आत्मविश्वास दिखा, वह आज हर खिलाड़ी और युवा की पहचान बन गया है। खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से पाली सांसद खेल महाकुंभ को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सांसद खेल महाकुंभ में पाली के 1100 से अधिक स्कूली बच्चों सहित दो लाख से अधिक एथलीटों की भागीदारी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ऐसे खेल आयोजनों के आयोजन में वर्तमान सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांसद खेल महाकुंभ जिलों और राज्यों के लाखों प्रतिभाशाली एथलीटों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नई और उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और उनका दोहन करने का भी एक माध्यम बन गया है। मोदी ने खास तौर पर महिलाओं को समर्पित एक प्रतियोगिता के आयोजन का भी जिक्र किया।

### 21 लाख श्रमिकों के बकाए का भुगतान करेगी पश्चिम बंगाल की सरकार



**कोलकाता।** कोलकाता के रेड रोड पर बंगाल के प्रति केंद्र सरकार के कथित उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ दो दिनों से धरने पर बैठीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल के मजदूरों को 100 दिनों के काम के बकाए का भुगतान करेगी। 21 फरवरी को 21 लाख वंचित लोगों के खाते में पैसे आएंगे।

ममता बनर्जी ने कहा कि जिन 21 लाख श्रमिकों का पैसा केंद्र सरकार ने नहीं दिया है, उनका पैसा 21 फरवरी को उनके बैंक खाते में चला जाएगा। राज्य सरकार यह धनराशि भेजेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल से केंद्र ने मजदूरों को 100 दिनों का पैसा नहीं दिया है। बंगाल सरकार उस बकाए का भुगतान करेगी।

### कराची में चुनाव प्रचार के दौरान पोस्टर फाड़ने से भड़की हिंसा गोली लगने से किशोर की मौत



**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के न्यू कराची सेक्टर 11-जे में शुक्रवार रात चुनाव प्रचार के दौरान पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में एक 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।

इस झड़प में दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर कराची की दो प्रमुख पार्टियों के बीच यह दूसरी घातक झड़प है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। गोलियों और डंडों से घायल लोगों में 40 वर्षीय अशरफ और 16 वर्षीय शुमैल शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, इस झड़प के दौरान एक गोली अब्दुल रहमान के सिर को पार कर गई। अब्दुल ने मौके पर दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि एक राजनीतिक दल के पोस्टर फाड़ने के बाद यह झड़प हुई। इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।


# अमेरिका ने ईरान के 85 से ज्यादा ठिकानों पर विमानों से किया हमला

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका ने इराक और सीरिया में सात स्थानों पर ईरान के 85 से अधिक ठिकानों पर बमवर्षक विमानों से हमला किया। मध्य पूर्व संकट के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका की यह कार्रवाई पिछले दिनों जॉर्डन में ड्रोन हमले के दौरान तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद हुई है। इन सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए मंगलवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ड्रोन हमले का जवाब देने का वादा किया था। मध्य पूर्व में बढ़ती शत्रुता के बीच उन्होंने कहा है, अब हमारी प्रतिक्रिया आज शुरू हुई।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते जॉर्डन में किए गए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद अमेरिका ने यह जवाबी कार्रवाई की है। अमेरिका ने हमलों को लेकर पहले ही चेतावनी जारी की थी। हालांकि हमले कब और कहां होंगे, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी। अब अमेरिका ने इराक और सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 85 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है।

यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान में कहा कि हमलों में सिर्फ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कुद्स फोर्स के साथ ही इससे संबंधित मिलिशिया समूहों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी



सेना ने अपने बम बरसाने वाले विमानों से 85 से ज्यादा लक्ष्यों को निशाना बनाया। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल पर लिखा है, दो फरवरी को शाम चार बजे यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) बलों ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) कुद्स फोर्स और उससे संबंधित मिलिशिया समूहों के खिलाफ इराक और सीरिया में हवाई हमले किए। अमेरिकी सैन्य बलों ने बम बरसाने वाले विमानों से 85 से ज्यादा लक्ष्यों को निशाना बनाया। इन हमलों पर सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स युद्ध मॉनिटर ने कहा है कि पूर्वी सीरिया में हुए हमलों में करीब 18 ईरान समर्थक लड़ाके मारे गए।

मॉनिटरिंग ग्रुप ने कहा है कि अल्बु कमाल में इराकी बॉर्डर के पास दीर एज़ोर शहर से 100 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक फैले पूर्वी सीरिया के एक बड़े हिस्से पर चल रही कार्रवाई में हथियार डिपो समेत ईरान समर्थक समूहों की करीब 26 अहम जगहों को नष्ट कर दिया गया है।

# 'एनिमल' पर हुए विवाद पर रश्मिका ने तोड़ी चुप्पी

## बोलीं- मैं इससे बहुत खुश हूं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रश्मिका मंदाना के लिए साल 2023 जाते-जाते वो खुशी दे गया, जिसकी उन्हें तलाश थी। फिल्म 'एनिमल' उनके करियर की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। फिल्म विवादों के बीच रिलीज हुई, लेकिन उसके बाद भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेशुमार सफलता हासिल की। फिल्म के रिलीज के बाद इसे महिला विरोधी बताया गया और हिंसक दृश्यों पर सवाल खड़े हुए।

फिल्म 'एनिमल' को रिलीज हुए दो महीने बीत गए हैं, लेकिन फिल्म को लेकर चर्चाएं कम नहीं हो रही हैं। 'एनिमल' को लेकर हुईं तमाम बहसों पर रश्मिका मंदाना ने प्रतिक्रिया दी है।

### इसके लिए टीम पहले से थी तैयार

**रश्मिका** मंदाना ने हाल ही में फिल्म को लेकर चल रहे विरोध को लेकर बात की। उन्होंने को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं और इसके लिए पूरी टीम पहले से तैयार थी, क्योंकि हमें ऐसी उम्मीद थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'हम हमेशा से जानते थे कि इस पर मिलीजुली बातचीत होगी और ईमानदारी से कहूं तो मैं इससे बहुत खुश हूं, क्योंकि हर किसी की राय और नजरिया अलग-अलग हैं।'



'हर शख्स की सोच एक जैसी कैसे हो सकती है?'

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। माता का सान्निध्य एवं सहयोग मिलेगा। आज आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृषभ :** आज आपके आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के स्रोत विकसित होने की संभावना है।

**मिथुन :** आज धैर्यशीलता में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं से परेशान रह सकते हैं और आपका रहन-सहन अस्त-व्यस्त रहेगा। दिन भागदौड़ भरा रहेगा। यात्रा अधिक रहेगी।

**कर्क :** आज आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। आज के दिन धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है।

**सिंह:** आज मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे। नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कन्या :** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों से मतभेद बढ़ सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**तुला :** आज परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। मानसिक तनाव बना रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। कार्यों में धैर्यशीलता की कमी आएगी। सत्ता की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज कला एवं संगीत के क्षेत्र में आपकी रुचि बढ़ेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर :** क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव मन में रहेंगे। आज अपनी भावनाओं को वश में रखने की जरूरत है। संतान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। अधिक खर्च के योग बन रहे हैं।

**कुंभ :** शैक्षिक कार्यों में वाधाएं आ सकती हैं। बातचीत में संयत रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन :** आज आप आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

## आज का पंचांग

(4 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** नवमी 05:52 सायं तक, **नक्षत्र :** विशाखा (07:21 सुबह), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57 दोपहर)
**राहुकाल :** 04:40-06:02 सायं तक।

**विशेष दिन**

04 फरवरी 2024 : विश्व कैंसर दिवस आज।

**गिरावट** एसबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का किया ऐलान

# स्टेट बैंक का मुनाफा 35 फीसदी लुढ़कर 9,164 करोड़

**एजेंसी नई दिल्ली**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में एसबीआई का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 35 फीसदी लुढ़कर 9,164 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपए रहा था।

स्टेट बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 35 फीसदी लुढ़कर 9,164 करोड़



रुपए रहा। हालांकि, बैंक ने कहा कि अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 86,616 करोड़ रुपए थी।

दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 2.42 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले साल 3.14 फीसदी थी। इसी तरह तीसरी तिमाही के अंत में बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.64 फीसदी हो गया, जो पिछले साल 0.77 फीसदी था।

एकीकृत आधार पर एसबीआई समूह का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 29 फीसदी गिरकर 11,064 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15,477 करोड़ रुपए था।

हालांकि, बैंक की कुल आय इस तिमाही में बढ़कर 1,53,072 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,27,219 करोड़ रुपए थी।

### जूम ने 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** वीडियो संचार प्लेटफॉर्म जूम लगभग 150 कर्मचारियों या कंपनी के दो प्रतिशत से भी कम कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। जूम ने कहा कि छंटनी के बावजूद कंपनी 2024 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बिक्री, उत्पाद और अन्य सेक्टरों में नियुक्तियां जारी रखेगी।

जूम के प्रवक्ता ने एक बयान में सीएनबीसी को बताया, हम अपनी रणनीति के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से अपनी टीमों का मूल्यांकन करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, इस प्रयास के हिस्से के रूप में, हम क्षमताओं को जोड़ने और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियुक्तियां जारी रखने के लिए भूमिकाओं में सुधार कर रहे हैं। पिछले साल फरवरी में जूम ने लगभग 1,300 कर्मचारियों यानी अपने कार्यबल के लगभग 15 प्रतिशत नौकरी से हटा दिया था।